सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
शुक्रवार, 08 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 124, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 114 अंकों की गिरावट
विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी तथा वैश्विक अनिश्चितता के बीच सेंसेक्स 114 अंक टूटकर 77,844 .52 अंक पर बंद हुआ। }10

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए निर्यात की जरूरत
केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने, रोजगार सृजित करने और विदेशी मुद्रा कमाने के लिए भारत को फल और सब्जियों का निर्यात बढ़ाना होगा। }12



## चंद्रनाथ हत्या की जांच के लिए कई टीमें गठित
### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, बंगाल में भय का माहौल
एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले की जांच के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव अप्रत्याशित रूप से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद, राज्य में एक बार फिर राजनीतिक हिंसा के कारण बृहस्पतिवार को भय और निराशा का माहौल बन गया। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ (42) की हत्या की जांच में शुरुआती सुरागों से पता चला है कि बुधवार रात एक सुनियोजित हमले में इस घटना को अंजाम दिया गया। जांचकर्ताओं को भाड़े के हत्यारों की संलिप्तता का संदेह है और पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट वाली गाड़ियां बरामद की हैं। वहीं, इस घटना ने बंगाल में चुनाव बाद के राजनीतिक माहौल को तनावपूर्ण कर दिया है तथा भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच जुबानी जंग नये सिरे छिड़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

### बंगाल में राज्यपाल ने भंग की विधानसभा
कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर एन रवि ने निवर्तमान राज्य विधानसभा को उसका कार्यकाल पूरा होने के बाद सात मई से भंग कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर फैसले की घोषणा की गई। मई 2021 में वर्तमान विधानसभा का गठन किया गया था जब राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी थी। हाल ही में संपन्न हुए दो चरणों के चुनावों के बाद, निवर्तमान विधानसभा को भंग किया जाना उसके कार्यकाल की औपचारिक समाप्ति का प्रतीक है।


## ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सेना के पराक्रम को सराहा

### प्रधानमंत्री मोदी ने बदली डीपी



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरा होने पर बृहस्पतिवार को अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) बदल दी तथा उन्होंने सभी से सशस्त्र बलों और उनकी सफलता के प्रति सम्मान के रूप में ऐसा ही करने का आग्रह किया। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर मोदी के प्रोफाइल पिक्चर को बदलकर काली पृष्ठभूमि पर ऑपरेशन सिंदूर लिखा हुआ चित्र लगाया गया है। इस चित्र में तिरंगा है और अंग्रेजी में लिखे सिंदूर शब्द के एक ओ अक्षर में सिंदूर भरा हुआ दिखाया गया है, जो विवाहित हिंदू महिलाओं का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक साल पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया था और हमारे लोगों पर हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व करता है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### राजनाथ व शाह ने बदला प्रोफाइल


नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य शीर्ष मंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर बृहस्पतिवार को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर डिस्प्ले पिक्चर बदल दीं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के अब व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले लोगो को दर्शाने वाला एक डिजिटल पोस्टर साझा किया और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के प्रतीक के रूप में दूसरों से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल समेत अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने भी अपनी प्रोफाइल फोटो बदलीं। पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को किए गए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सीएम योगी ने सेना को दी बधाई



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर का एक साल पूरा होने पर देश की जनता को बधाई देते हुए बृहस्पतिवार को भारत के सशस्त्र बलों की सराहना की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एकता, अदम्य इच्छाशक्ति और असाधारण शौर्य को दर्शाता है, साथ ही यह देश की स्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को भी प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट की डिस्प्ले पिक्चर की जगह ऑपरेशन सिंदूर का स्टिकर भी लगाया।

उन्होंने पोस्ट में कहा 145 करोड़ भारत वासियों की एकजुटता, अदम्य इच्छाशक्ति, सशस्त्र सेनाओं के असाधारण पराक्रम और भारत की स्पष्ट नीति की गौरवशाली अभिव्यक्ति ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूर्ण होने पर देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं भारतीय सेना के रणबांकुरों का हृदयतल से अभिनंदन। मुख्यमंत्री ने इसी संदेश में आगे कहा, यह ऑपरेशन नए भारत के आत्मविश्वास, साहस और निर्णायक नेतृत्व का सशक्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

# योगी ने जनगणना के प्रथम चरण का किया शुभारंभ
### जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, यह समग्र और समावेशी विकास का आधार : मुख्यमंत्री
विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ह्यहमारी जनगणना, हमारा विकासह्ल की भावना के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है। आज का युग डेटा आधारित निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य संपादित होंगे। आमजन को 07 मई से 21 मई, 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके उपरांत फील्ड कार्य के अंतर्गत जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस बार जनगणना में जातीय गणना को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही पहली बार वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में रियल टाइम डेटा अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में अब तुष्टीकरण नहीं संतुष्टिकरण की राजनीति
सहारनपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तुष्टीकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। पहले सरकारों का धन कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, कब्जों और जातीय-साम्प्रदायिक तुष्टीकरण में खर्च होता था, लेकिन आज वही पैसा सड़क, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, आरसीसी ड्रेन, एक्सप्रेसवे और धार्मिक-पर्यटन स्थलों के विकास में लगाया जा रहा है। सहारनपुर, जो कभी दंगों, फतवों, पलायन के कारण बदनाम था, आज विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति की नई पहचान बन चुका है। मां शाकम्भरी धाम के पुनरुद्धार से लेकर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित एयरपोर्ट, स्पोर्ट्स कॉलेज, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब तक, सहारनपुर में विकास की नई धारा बह रही है। सीएम योगी गुरुवार को सहारनपुर में 2,131 करोड़ रुपये की 325 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास/लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों ने पश्चिमी उत्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीएम योगी व धामी ने दिया आत्मनिर्भरता का संदेश


प्रमुख संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड)। पौड़ी गढ़वाल जिले का यमकेश्वर और पंचूर क्षेत्र धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और विकासोन्मुख सोच के अनूठे समागम का साक्षी बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए युवाओं को शिक्षा, तकनीक और संस्कारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप
## मणिपुर : उग्रवादियों ने घरों में लगायी आग
इंफाल। हथियारों से लैस उग्रवादियों ने बृहस्पतिवार तड़के भारत-म्यांमा सीमा के पास मणिपुर के कामजोंग जिले के गांवों पर हमला किया, घरों में आग लगा दी और निवासियों को भागने के लिए मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने तड़के करीब चार बजे कसोम खुल्लेन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तांगखुल नगा गांवों -- नामली, वांगली और चोरो पर हमला किया, जिसके कारण सीमावर्ती बस्तियों के निवासियों को पास के जंगलों में शरण लेनी पड़ी। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित हैं।

## जासूसी का नया हथियार बना बिजली का स्मार्ट मीटर
### मीटर में लगी चिप के जरिये लोकेशन ट्रेस करने की फिराक में आतंकी
एजेंसी




फिरोजपुर। देश की सरहद की रक्षा करने वाले गांवों में इन दिनों एक नई चिंता घर कर गई है। पाकिस्तान सीमा से सटे गांव टेंडीवाला, चूड़ीवाला और हस्तीवाला में स्मार्ट मीटरों से सिम कार्ड चोरी होने की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। यह सिर्फ चोरी का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक संवेदनशील मुद्दा बनता जा रहा है। थाना सदर पुलिस को दी लिखित शिकायत में सुलखन सिंह और मक्खन सिंह निवासी गांव रहीमेके गट्टी ने आरोप लगाया कि 3 मई की रात को अज्ञात चोरों ने उनके दो मीटरों से सिम को चोरी कर लिया है। जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरहद के नजदीक रहने वाले ग्रामीण पहले ही ड्रोन के जरिए होने वाली नशा और हथियारों की तस्करी से भयभीत हैं। अब स्मार्ट मीटरों से सिम गायब होने की घटनाओं ने उनकी चिंता को और गहरा कर दिया है। गांव टेंडीवाला निवासी मुख्तियार सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले सुरक्षा एजेंसियो ने उन्हें सूचना दी थी कि अगर गांव में स्मार्ट मीटर लगे हैं तो उनकी चिप का ध्यान रखा जाए। विद्युत विभाग के एक तकनीकी अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर की चिप के माध्यम से विभाग को मीटर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राज्यपाल ने रोका टीवीके का 'विजय' रथ
एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बृहस्पतिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय से कहा कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है। वहीं, आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए टीवीके ने वाम दलों, वीसीके और आईयूएमएल से समर्थन का अनुरोध किया है। ये दल समर्थन देने के संबंध में दो दिनों के भीतर अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। संबंधित दल चाहते हैं कि राज्यपाल टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें। विजय अपने मंत्रिमंडल में संभावित सहयोगियों को शामिल करने के लिए तैयार हैं, इसलिए वे संभवतः टीवीके को समर्थन दे सकते हैं। लोक भवन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बिहार में मंत्रिपरिषद का हुआ विस्तार
### 32 नये मंत्रियों को किया शामिल, नीतीश के पुत्र को भी मिली जगह


एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मंत्रिपरिषद का, गठन के 22 दिनों बाद बृहस्पतिवार को पहला विस्तार किया गया, जिसमें 32 नये मंत्रियों को शामिल किया गया। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में नये मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह पांच पांच मंत्रियों के समूह में संपन्न हुआ। मंत्रिपरिषद विस्तार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से मिथिलेश तिवारी, नीतीश मिश्र, रामचंद्र प्रसाद, नंद किशोर राम और केदार गुप्ता को मंत्री बनाया गया। इस विस्तार में पूर्व केंद्रीय मंत्री मंगल पांडेय को जगह नहीं मिली। गांधी मैदान में बने विशाल पंडाल में पूर्वाह्न 12 ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 40.00 डिसे.
न्यूनतम : 26.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

- आकार ले रहा बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र (पृष्ठ-02)
- रोजगार, निवेश व आत्मनिर्भरता का मॉडल बना यूपी (पृष्ठ-02)
- रुपया 23 पैसे चढ़कर 94.26 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- कैग जीवन की सुगमता के लिए 101 शहरों में कर रहा (पृष्ठ-10)
- देश में 5-5.5 प्रतिशत तक बढ़ सकती है बिजली मांग (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** मुंबई नैसकॉम समिट में 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर' के रूप में उभरा उत्तर प्रदेश

# यूपी की निवेश अनुकूल नीतियों पर पूरे विश्व की नजर
विशेष संवाददाता

मुंबई/लखनऊ। मुंबई में आयोजित नैसकॉम जीसीसी समिट में उत्तर प्रदेश ने भारत के सबसे तेजी से उभरते ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर हब के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। समिट के दौरान इन्वेस्ट यूपी ने नैसकॉम के सहयोग से वैश्विक दिग्गजों के सामने राज्य के अत्याधुनिक

**प्रदेश की नयी जीसीसी नीति व इंफ्रास्ट्रक्चर ने वैश्विक कंपनियों को लुभाया**

इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक-आधारित उद्योगों के लिए विकसित हो रहे बेहतरीन इकोसिस्टम को प्रमुखता से पेश किया। यह आयोजन वैश्विक कंपनियों को यूपी की निवेश अनुकूल नीतियों और उभरती डिजिटल क्षमताओं से परिचित कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सम्मेलन में बहुराष्ट्रीय कंपनियों, निवेशकों,




सीएक्सओ और उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। उत्तर प्रदेश ने अपनी प्रगतिशील नीतियों, तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल मानव संसाधन और उद्योग-अनुकूल प्रशासनिक व्यवस्था के कारण विशेष आकर्षण हासिल किया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (नियोजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) आलोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्चस्तरीय राउंडटेबल चर्चा में अडानी कैपेबिलिटी सेंटर, कैपजेमिनी, इन्फोसिस, इन्फोसिस लाइफ साइंसेस, मैकडॉनल्ड्स सहित कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस चर्चा में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा तथा यूपीसीडा की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीक्षा जैन भी उपस्थित रहीं। द जीसीसी स्ट्रेटेजी प्लेः हाउ स्टेट्स आर कम्पीटिंग टू विन ग्लोबल मैंडेट्स विषय पर आयोजित फायरसाइड चैट के दौरान आलोक कुमार ने आईआईटी कानपुर तथा आईआईटी बीएचयू, आईआईएम लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भूमिका को रेखांकित किया, जो राज्य के नवाचार और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित, 12333 अभ्यर्थी हुए सफल
वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया है। 4543 पदों के लिए आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया में 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परिणाम जारी होने के साथ ही लाखों युवाओं का इंतजार खत्म हो गया है। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने नियमावली और निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा परिणाम घोषित किया है। परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को चार पालियों में आयोजित की गई थी। पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 35 प्रतिशत और कुल 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में से मेरिट और आरक्षण के आधार पर 12,333 अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण के लिए सफल घोषित किया गया है।

**निष्पक्ष व समयबद्ध भर्ती से बढ़ा युवाओं में भरोसा**

योगी सरकार में भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तकनीकी रूप से मजबूत और समयबद्ध बनाने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। यही वजह है कि युवाओं का सरकारी भर्तियों के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। भर्ती बोर्ड के मुताबिक, डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। इसकी पूरी जानकारी जल्द ही बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

C M Y K

# भर्ती में न सिफारिश, न भ्रष्टाचार, सिर्फ योग्यता का सम्मान: सीएम

## 2017 से पहले पैसों, जाति, मत, मजहब और क्षेत्र देखकर होती थीं भर्तियां, जवाबदेही, तकनीक व पारदर्शिता से देश में सबसे अधिक नियुक्तियां देने वाला राज्य बना यूपी

**लखनऊ।** प्रदेश में सरकारी भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयुष विभाग, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लिए चयनित 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर लोकभवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश सरकार लगातार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। पूरी प्रक्रिया में किसी को कहीं भी सिफारिश कराने की नौबत नहीं आई। परीक्षा के बाद भी किसी स्तर पर सिफारिश या अनैतिक साधनों का उपयोग करने की कोई गुंजाइश नहीं थी। इसी साफ नीयत और स्पष्ट नीति का परिणाम है कि आज आपको नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्तियां पैसों, जाति, मत, मजहब और क्षेत्र देखकर होती थीं, जिससे योग्य नौजवानों का शोषण होता था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में योग्यता ही चयन का आधार बनी है। किसी योग्य अभ्यर्थी की जगह घूसखोर व्यक्ति व्यवस्था में आ जाता, तो वह अगले 30-35 वर्षों तक पूरे सिस्टम को घुन की तरह खोखला करता। इसलिए सरकार ने पहले दिन से ही भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और लीकेज की संभावनाओं को समाप्त करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जवाबदेही, तकनीक और पारदर्शिता के कारण आज यूपी देश में सबसे अधिक नियुक्तियां देने वाला राज्य बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार ने नियुक्ति पत्र वितरण के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कोई सोच भी नहीं सकता था कि यूपी के नौजवानों को निष्पक्ष, पारदर्शी व सहज प्रक्रिया से सरकारी नौकरियां मिल पाएंगी। हमने अलग-अलग आयोगों व बोर्डों को जवाबदेही सौंपी और तकनीक का उपयोग कर हर योग्य नौजवान के साथ न्याय सुनिश्चित किया। इसी का परिणाम है कि हमने 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराए हैं। पिछले 15 दिनों के अंदर यह हमारा चौथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद कीजिए 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश। देश-दुनिया में लोग यूपी का नाम सुनते ही शक की निगाह से देखते थे, दस कदम पीछे हट जाते थे। उत्तर प्रदेश को भ्रष्ट, गुंडा और अराजक प्रदेश बनाकर हर यूपीवासी के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन, मुझे बेहद प्रसन्नता है कि अब आप कहीं भी जाएं, यूपी का नाम सुनते ही सामने वाले का चेहरा चमक उठता है, वह स्वागत के लिए उत्सुक दिखाई देता है। यह है परसेप्शन का बदलाव और परिणाम भी उसी के अनुरूप हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय, वार्षिक बजट व समग्र अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। यूपी अब रेवेन्यू सरप्लस राज्य और देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले एमएसएमई क्षेत्र लगभग बंद पड़ा था, कोई प्रोत्साहन नहीं था, चारों तरफ अव्यवस्था और हताशा थी। आज देश में सबसे अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उत्तर प्रदेश में हैं। 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 3 करोड़ से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

गत वर्ष यूपी में 4000 से अधिक बड़े उद्योग आए और पिछले 9 वर्षों में बड़े उद्योगों की संख्या 14,000 से बढ़कर 32,000 से अधिक हो गई है। जिस यूपी को पहले देश के बॉटम-3 राज्यों में गिना जाता था, आज टॉप-3 राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष हेल्थ टूरिज्म को आकर्षित करने की सबसे बड़ी क्षमता रखता है। इसके माध्यम से चमत्कार लाए जा सकते हैं।

## बिना भ्रष्टाचार व दबाव के मिला नियुक्ति पत्र : चयनित अभ्यर्थी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से चयनित 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें आयुष विभाग के लिए चयनित 202 प्रोफेसर, रीडर, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स तथा व्यावसायिक शिक्षा विभाग के लिए चयनित 272 अनुदेशक और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लिए चयनित 7 नर्स, हॉस्टल वार्डन व कंपाउंडर शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी व निष्पक्ष बताया। उन्होंने साफ कहा कि पहले की सरकारों में एजेंटों का दखल बना रहता था और डिमांड की जाती थी। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, आयुष विभाग और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के नवचयनित अभ्यर्थियों ने भावुक होकर सीएम योगी के समक्ष अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहली बार उन्हें यह भरोसा हुआ कि बिना सिफारिश और बिना अनुचित साधनों के सिर्फ मेहनत के दम पर सरकारी नौकरी प्राप्त की जा सकती है।

- **महिलाओं को मिल रहा बराबरी का अवसर, बिना परेशानी पूरी हुई प्रक्रिया**

गाजीपुर निवासी अमित थापा, जिन्हें आईटीआई अनुदेशक के पद पर नियुक्ति पत्र मिला, ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना पड़ा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और कहीं भी किसी प्रकार की सिफारिश या अनुचित माध्यम की आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में वर्तमान व्यवस्था ने युवाओं का सरकारी भर्ती प्रक्रिया पर विश्वास मजबूत किया है। चंदौली जनपद की अर्चना मौर्य ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद कहा कि यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास में योगदान देने की जिम्मेदारी है। कहा कि निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया ने हजारों युवाओं को नई उम्मीद दी है। पहले युवाओं में यह धारणा बन गई थी कि बिना प्रभाव और पैसे के नौकरी मिलना मुश्किल है, लेकिन योगी सरकार में यह सोच बदल गई। आवासीय होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयनित रायबरेली की डॉ. नेहा स्वरूप ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। आयुष विभाग में सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का विषय है और मैं ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करूंगी। आयुष विभाग में प्रोफेसर (यूनानी) के पद पर चयनित डॉ. मोहम्मद नासिर ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया 100 प्रतिशत पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि पहले की सरकारों में एजेंटों का दखल रहता था और मांग की जाती थी, लेकिन वर्तमान सरकार में ऐसी कोई स्थिति नहीं है।

योगी सरकार में भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है और युवाओं को अधिक अवसर मिल रहे हैं। स्टाफ नर्स (आयुर्वेद) पद पर चयनित उपासना देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई, जिससे अभ्यर्थियों का भरोसा मजबूत हुआ है।

अनामिका पटेल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जिस क्षेत्र के लिए उन्होंने तैयारी की थी, उसी में उन्हें नौकरी मिली। योगी सरकार महिलाओं को बराबरी का अधिकार और सम्मान दे रही है तथा वह अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी।

# राज्यपाल ने किया जनगणना 2027 के तहत स्वगणना का शुभारंभ

## सच्चा, सही और त्वरित डाटा के आधार पर नये भारत एवं विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखी जा सकेगी : आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को जन भवन से जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना व स्वगणना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल महोदया ने डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना प्रक्रिया की शुरूआत की।



इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेश में स्वगणना पोर्टल के शुभारंभ पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार को बधाई दी तथा प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जनगणना अधिकारियों द्वारा मांगी जाने वाली समस्त जानकारी पूर्ण, सही एवं तथ्यात्मक रूप से उपलब्ध कराएं, जिससे भविष्य में नागरिकों के हित में प्रभावी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में सहायता मिल सके।

राज्यपाल ने कहा कि जनगणना का प्रभाव किसान, युवा, महिला सहित समाज के प्रत्येक वर्ग पर पड़ता है तथा इससे प्राप्त आंकड़े सरकार को परिस्थितियों के अनुरूप नीतियां एवं योजनाएं बनाने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने जनगणना कार्य में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्र निर्माण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है।

उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। यदि देश को सच्चा, सही एवं त्वरित डाटा प्राप्त होगा, तो उसी के आधार पर नए भारत एवं विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखी जा सकेगी।

इस अवसर पर निदेशक जनगणना एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा द्वारा जनगणना 2027 के स्व-गणना पोर्टल से संबंधित एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां राज्यपाल के समक्ष साझा की गईं।

इस अवसर पर राज्यपाल को एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। बता दें कि जनगणना 2027 पहली बार पूर्णतः डिजिटल माध्यम से आयोजित की जा रही है। इस बार आमजन की सुविधा के लिए स्व-गणना की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। स्व-गणना के अंतर्गत नागरिक 07 मई से 21 मई के मध्य स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर लॉग-इन कर घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने पर संबंधित परिवार को एक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक के साथ साझा करना आवश्यक होगा।

प्रदेश में जनगणना 2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से परिवार के मुखिया का नाम, मकान की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित 33 अधिसूचित प्रश्नों की जानकारी एकत्रित करेंगे। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन एवं प्रशासन को जनहितकारी योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा समाज के विभिन्न वर्गों के समग्र विकास के लिए नीतियां निर्धारित करने में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबड़े, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन एसवीएस रंगाराव, मंडलायुक्त, लखनऊ विजय विश्वास पन्त, जिलाधिकारी विशाख जी., नगर आयुक्त गौरव कुमार, संयुक्त सचिव जनगणना डॉ. एसएस शर्मा, उपनिदेशक दिव्या जैन तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 2027 विधान सभा चुनाव मजबूती से लड़ने के लिए सीटें चिन्हित करें जिलाध्यक्ष : अनूप सिंह पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी की महत्पूर्ण बैठक गुरुवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने किया।




बैठक मे कई महत्पूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें मुख्यतः 2027 विधान सभा चुनाव एवं संगठन विस्तार से संबंधित था। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए सीटें चिन्हित करने का पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। पार्टी मजबूती के साथ 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेगी। बता दें कि जदयू 2022 का विधान सभा चुनाव 27 सीटों पर लड़ी थी। संगठन विस्तार पर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए और सदस्यता अभियान में गतिशीलता लाने के लिए मंडल एवं सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए गए। बैठक मे बिहार मंत्रिमंडल विस्तार की खुशी में मिठाई का वितरण किया गया। शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को उत्तर प्रदेश की तरफ से शुभकामनायें दी गई। बैठक मे प्रदेश पदाधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल हुए। प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पनाथ वर्मा, ममता सिंह, महासचिव सुभाष पाठक, भैया हरि शंकर, अभिषेक कुमार राय, अभिषेक चौधरी, संजय कुमार, प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह, अधि. दिवाकर सिंह, कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, मीडिया प्रभारी मनीष नंदन, प्रदेश सचिव अतुल प्रताप सिंह, भानु प्रताप सिंह यादव, अजय चौधरी, विजय सिंह, नासिर खान कार्यकारिणी सदस्य एचएन सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सर्वेश राय भदोही, भीमसेन, मथुरा, अनिल सिंह गाजियाबाद, धीरेन्द्र गाजीपुर, अतुल प्रताप सोनभद्र, सैयद जुहैब रिजवी शाहजहांपुर, राजेश चौधरी बस्ती आदि उपस्थित थे। दलित प्रकोष्ठ से संजय धनगर, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ से ओम प्रकाश उपाध्याय, इंद्र प्रकाश बौद्ध, सीता रानी, ताराव्ती, विजय कुमार कुशवाहा, नरेश कुमार, गीता, डॉ सरबौध यादव आदि उपस्थित थे।

# जनगणना-2027 अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** गुरुवार को छावनी परिषद लखनऊ के मुख्य अधिशासी अधिकारी/ चार्ज अधिकारी छावनी लखनऊ अभिषेक राठौर के निर्देशन में जनगणना - 2027 कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन माध्यमिक विद्यालय, आर.ए. बाजार, तोपखाना छावनी में संपन्न कराया गया। लखनऊ छावनी क्षेत्र हेतु नामित नोडल अधिकारियों मंशू बुधराजा, श्रीमती मंजू वर्मा तथा उमंग प्रसाद सहायक चार्ज अधिकारी की जनगणना 2027 हेतु गठित टीम द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत छावनी परिषद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों, जैसे विद्यालय, चिकित्सालय, कार्यालय, स्टोर, सफाई एवं जलापूर्ति आदि के लगभग 435 कर्मचारियों का स्वगणना कराया गया। इसके अतिरिक्त छावनी क्षेत्र स्थित विभिन्न प्रमुख कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सैन्य अधिकारियों का स्वगणना कराया गया। जिसमें प्रधान निदेशालय, रक्षा संपदा कार्यालय, प्रधान लेखा नियंत्रक कार्यालय, ए.एम.सी. सेंटर, मुख्यालय मध्य यू.पी. सब एरिया, 41 इन्फेंट्री ब्रिगेड तथा 11 जी.आर.आर.सी. के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों एवं सैन्य अधिकारियों की स्वगणना करायी गयी, जिनमें लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह, जी.ओ.सी. सब एरिया मनीष कुकरेती, डिप्टी जी.ओ.सी. सौमीत पटनायक, 41 इन्फैंट्री ब्रिगेड एवं 11 जी.आर.आर.सी. के सैन्य अधिकारी, ए.एम.सी. सेंटर के ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, निदेशक रक्षा सम्पदा मध्य कमान के पुष्पेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक हरेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक महेश चंद्र सैनी, संयुक्त निदेशक मोहम्मद समीर इस्लाम, रक्षा संपदा अधिकारी प्रोमिला जायसवाल, उप रक्षा लेखा नियंत्रक अभिषेक बी.एन., सहायक रक्षा लेखा नियंत्रक अजय कुमार अग्रवाल, सहायक रक्षा लेखा नियंत्रक करन सिंह, मुख्यालय मध्य यू.पी. सब एरिया के कर्नल दीपक जोशी, कर्नल सेठ तथा ए.एम.सी. सेंटर के लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज कुमार प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।



मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी छावनी लखनऊ अभिषेक राठौर द्वारा बताया गया कि दिनांक 08.05.2026 से 21.05.2026 तक स्वगणना शिविर का आयोजन माध्यमिक विद्यालय आर0ए0बाजार, मंगला देवी जूनियर हाईस्कूल, जूनियर हाईस्कूल बीसी बाजार, रेनबो मॉडल स्कूल उसमान रोड तथा कैन्टोनमेंट जनरल हॉस्पिटल किया जायेगा।

## एकेटीयू का आविर्भाव दिवस आज

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का आविर्भाव दिवस आठ मई को परिसर में मनाया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शुरूआत पौधरोपण से होगी। इसके बाद रंगोली प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिता, तकनीकी क्विज, निबंध, भाषण भी होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नाटक, गायन,, नृत्य प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा।

## एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सात मई से शुरू हो गयी। पहले दिन परीक्षा की दोनों पालियों में करीब 96 हजार ने परीक्षा दी। पहले दिन 131 केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गयी। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए सभी केंद्रों पर लगे सीसीटीवी के जरिये विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से निगरानी की गयी। साथ ही केंद्रों पर तैनात पर्यवेक्षेक भी तैनात किये गये हैं। इस बार परीक्षा में करीब 3.30 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया गया।

# बंगाल में भाजपा ने वोटरों पर दबाव बनाया

## सपा प्रमुख एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे पश्चिम बंगाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने बंगाल में लोकतंत्र को तहस-नहस कर दिया है। भाजपा ने लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया है। ममता दीदी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है इसीलिए वे भाजपा की आखों में खटकती है। भाजपा सामंती सोच की पार्टी हैं, इनके संघी-साथी पुरूषवादी लोग हैं। ये कभी नारी को बढ़ते हुए नहीं देख सकते। भाजपा महिला विरोधी है। भाजपा में महिलाओं का सम्मान नहीं है। राजस्थान में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री को महिला होने के कारण मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। दिल्ली में आधी-अधूरी मुख्यमंत्री बनाया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना हमारा धर्म है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहे हैं। चुनाव आयोग निष्पक्ष नही है। बंगाल के चुनाव में जो कुछ हुआ वह सच छिपा नहीं हैं। बंगाल में भाजपा ने वोटरों पर दबाव बनाया। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सभी लोग साथ आयें। इस लड़ाई में हम ममता दीदी के साथ हैं।

पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर गुरूवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके कालीघाट आवास पर मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जो-जो किया है, उसका ट्रायल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में किया था। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में पुलिस द्वारा रिवाल्वर से महिला मतदाताओं को धमकाने वाली तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि भाजपा वोटरों को डराती और धमकाती हैं, उपचुनाव में भाजपा ने पुलिस के जरिए चिह्नित कर सपा समर्थकों को वोट डालने से रोका था। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में नफरत भरी और जहर घुली राजनीति कर रही है। भाजपा नेताओं के भाषण और बयान नफरत से भरे हुए है। चुनाव में मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया की तरह काम हुआ है। इसमें सभी संस्थाएं शामिल रही।



संस्थाओं का काम निष्पक्ष चुनाव कराना था, लेकिन उन्होंने अपनी साख खो दी है। पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ऐसा ही काम करती है, जिससे अराजकता फैले। भाजपा सरकार ने तो भरोसा दिलाया था कि कई कम्पनियां पुलिस बल रहेगी और सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। आखिरकार कम्पनियां कहां है? क्या उन्हें 15 दिन की छुट्टी दे दी गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव के समय लोगों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह मंत्री की हैं। बंगाल में तीन लाख से ज्यादा केंद्रीय सुरक्षा बल भेजे गये थे। राज्य प्रशासन के बराबर में केंद्रीय बलों का पैरलल स्ट्रक्चर खड़ा किया गया था, उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग भी थे। बंगाल में केंद्रीय फोर्स यूपी और बिहार से आयी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर काम कर रहा है।

# लखनऊ में आकार ले रहा बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र

## पीएचडी स्तर तक शोध की सुविधा होगी उपलब्ध, जुलाई तक होगा पूरा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सामाजिक न्याय, संविधान और बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र बनने जा रहा है। ऐशबाग क्षेत्र में निमार्णाधीन भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसका निर्माण जुलाई 2026 में पूरा हो जाएगा। आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. आंबेडकर की पत्नी सविता आंबेडकर के सपनों को पूरा किया है।

ऐशबाग क्षेत्र में ईदगाह के सामने लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बन रहा है। स्मारक के लिए इसकी शुरूआती अनुमानित लागत 45.04 करोड़ थी, लेकिन ऑडिटोरियम, फिनिशिंग और बाहरी विकास सहित अतिरिक्त कार्यों के चलते वर्तमान लागत 81 करोड़ रुपये से 100 करोड़ रुपये के लगभग पहुंच गई है। इसके निर्माण के लिए दो चरणों में भूमि आवंटन होने के साथ ही दो चरणों में बजट भी जारी हुआ है। स्मारक का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन 500 सीटों वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इस परियोजना का शिलान्यास 29 जून 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किया था। आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि इस स्मारक की पृष्ठभूमि में आंबेडकर महासभा में रखी डॉ. आंबेडकर का अस्थि अवशेष है, जिसकी स्थापना वर्ष 1991 में बाबा साहेब आंबेडकर की पत्नी माई साहेब डॉ. सविता आंबेडकर ने की थी। उस समय उन्होंने भावुक होकर इच्छा जताई थी कि बाबा साहेब के अस्थि अवशेषों पर एक भव्य स्मारक बनाया जाए। जिसमें पुस्तकालय और संग्रहालय अवश्य हो। डॉ. निर्मल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल इस परियोजना को मंजूरी दी, बल्कि इसके निर्माण को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माई साहेब सविता आंबेडकर के सपनों को साकार कर दिया है।

- **100 करोड़ से तैयार हो रहा डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र**

स्मारक परिसर में 25 फीट ऊंची डॉ. आंबेडकर की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा तीन मंजिला प्रशासनिक भवन, आधुनिक संग्रहालय और फोटो गैलरी होगी, जो डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण को प्रदर्शित करेगा। विशाल पुस्तकालय और शोध केंद्र भी बनाया जा रहा है।

विशेष बात यह है कि यहां डॉ. आंबेडकर शोध केंद्र की स्थापना की जा रही है, जहां आंबेडकर विश्वविद्यालय के सहयोग से पीएचडी स्तर तक शोध की सुविधा उपलब्ध होगी। शोधार्थियों के लिए हॉस्टल और भोजन व्यवस्था भी परिसर में ही होगी।

**डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश को स्थापित किया जाएगा :** यहां ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति, वर्चुअल रियलिटी शो और डिजिटल माध्यमों से बाबा साहेब के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की योजना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आंबेडकर महासभा में सुरक्षित रखे गए डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश को यहां पूरे सम्मान के साथ स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही विपश्यना ध्यान केंद्र भी बनाया जा रहा है, जिससे यह परिसर सामाजिक चेतना और आध्यात्मिक शांति का केंद्र बन सके। परिसर में बेसमेंट, सबस्टेशन, पंप रूम, आंतरिक सड़कें, ड्रेनेज, लैंडस्केपिंग, बाउंड्री वॉल और आकर्षक प्रवेश द्वार भी विकसित किया जा रहा है। डॉ. लालजी निर्मल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनवाने के लिए किए गए अपने संघर्ष के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ स्थित आंबेडकर महासभा में बाबा साहेब के अस्थि कलश के दर्शन के लिए आने वाले थे। इससे दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके (डॉ. निर्मल) साथ मुख्यमंत्री आवास पर स्मारक निर्माण के लिए पांच एकड़ भूमि सीजी सिटी लखनऊ में देने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। डॉ. निर्मल ने बताया कि जमीन आवंटन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आवास विकास विभाग को प्रस्ताव भी प्रेषित कर दिया था।

## शाहनवाज खान संगठन कार्यालय प्रभारी मनोनीत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी पूर्व विधायक ने शाहनवाज खान को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का संगठन कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया है। सोहिल अख्तर अंसारी ने अपेक्षा की है कि शाहनवाज खान संगठन को मजबूत करने व अल्पसंख्यक समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस संगठन से जोड़कर और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के हाथों को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

# रोजगार, निवेश और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बना उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। सरकार ने युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी है। जानकारी के अनुसार, बीते नौ वर्षों में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.19 लाख भर्तियां पूरी हो चुकी हैं, जबकि वर्ष 2026 में 80 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। शिक्षा विभाग में 1.65 लाख से अधिक नियुक्तियां की गई हैं। वहीं, एमएसएमई सेक्टर के विस्तार से प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

औद्योगिक विकास में भी तेजी आई है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में लगभग 14 हजार पंजीकृत कारखाने थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 31 हजार से अधिक हो गई है। सरकार का दावा है कि बीते नौ वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 1 करोड़ से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बनने की संभावना है। चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे गए, जिनसे 60 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1.47 लाख युवाओं को लाभ मिला, जिससे 4.51 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ। वहीं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीसी सखी योजना और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया गया।

सरकार के मुताबिक, 18.55 लाख महिलाएं लखपति दीदी श्रेणी में पहुंच चुकी हैं। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं के चलते उत्तर प्रदेश आज रोजगार, निवेश और उद्यमिता के क्षेत्र में देश के सामने एक सफल मॉडल बनकर उभरा है।

# पोर्टल पर 34 सवालो का जवाब देने पर हो जायेगी स्वगणना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वगणना में कुल 33 सवालों की जानकारी देनी है। यही सवाल कर्मचारियों के घर आने पर भी देने होंगे। स्वगणना का लाभ यह होगा कि जब कर्मचारी आपके घर पहुंचेगा तो ज्यादा समय नहीं लगेगा। जनगणना या स्वगणना में किसी तरह के प्रपत्र नहीं देना होगा। जनसंख्या व सुविधाओं का डाटा एकत्र किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वगणना व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना और जनगणना की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और सटीक बनाना है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करें और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में नागरिक जिम्मेदारी निभाएं। जनगणना के पहले चरण में स्वगणना होनी है। पहले दिन तक 3296 लोगों ने आधिकारिक पोर्टल अपनी जानकारी अपलोड कर दी थी। स्वगणना का प्रयास करने में लखनऊ प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा। कुल 3865 लोगों ने प्रयास किया, जिसमें 3296 सफल रहे। स्वगणना सूची में पहले स्थान पर रहे सोनभद्र में 17961 लोगों ने प्रयास किया, जिसमें 17213 लोग सफल रहे। वहीं दूसरे स्थान पर औरैया रहा। यहां पर 4495 लोगों ने फार्म जमा करने का प्रयास किया, लेकिन 4121 को सफलता मिली। इससे पहले जिलाधकारी विशाख जी ने एनआईसी सभागार में स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर स्वगणना अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया। इस पहल के साथ ही लखनऊ अब उन शहरों में शामिल हो गया है जहां नागरिक अपनी गणना प्रक्रिया में स्वयं भागीदारी कर रहे हैं। स्वगणना में परिवार के सदस्यों की कुल संख्या, शिक्षा और रोजगार का विवरण, आवास की स्थिति और उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से जुड़े आंकड़े आदि जानकारी देनी है। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनगणना के ये आंकड़े केवल संख्या मात्र नहीं हैं, बल्कि इन्हीं के आधार पर आगामी वर्षों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और सामाजिक कल्याण की योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। सही आंकड़ों से ही सरकार विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्षम होगी। है। अभियान को गति देने के लिए नगर निगम, राजस्व विभाग और अन्य संबंधित विभागों की टीमों को सक्रिय कर दिया गया है।

## मकान सूचीकरण व मकानों की गणना अभियान आज

**लखनऊ।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अभियान का जागरुकता अभियान शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित झंडी पार्क, लालबाग में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री नगर विकास, ए.के. शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल करेंगी। जनगणना 2027 अभियान हमारी जनगणना, हमारा विकास थीम पर आधारित है। अभियान के प्रथम चरण में मकानों की गणना, भवनों का विवरण तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इस प्रक्रिया से शहर की विकास योजनाओं, आधारभूत संरचना एवं जनसुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। नगर निगम प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अधिकारियों के अनुसार जनगणना अभियान शासन की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है और इसके सफल संचालन के लिए व्यापक स्तर पर समन्वय किया जा रहा है।

# वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा यूपी : ब्रजेश पाठक

## यूपी एनर्जी एक्सपो का शुभारंभ, सोलर एनर्जी, बैटरी स्टोरेज, ईवी चार्जिंग पर हुई चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को यूपी एनर्जी एक्सपो 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। देशभर की बड़ी ऊर्जा कंपनियों, उद्योगपतियों और वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की मौजूदगी ने एक्सपो को खास बना दिया। कार्यक्रम में सोलर एनर्जी, बैटरी स्टोरेज, ईवी चार्जिंग और नई तकनीकों पर चर्चा हुई। एक्सपो का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में राज्य सरकार सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। जरूरत पड़ने पर नीतियों में बदलाव भी किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हों

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम मोदी ने दुनियाभर में कार्बन उत्सर्जन रोकने में भारत की अग्रणी भूमिका को पेश किया है। पांच हजार कंपनियों के जरिए 70 हजार से अधिक लोगों को सीधे और लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। छतों पर सोलर संयंत्र लगने से लगभग 6500 एकड़ जमीन बची है। अकेले अप्रैल माह में 52 हजार से अधिक सोलर संयंत्र लगाकर यूपी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर देश में पहला स्थान हासिल किया। डॉ आशीष कुमार गोयल, अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा ने उम्मीद जताई कि अगले 10 वर्षों में यूपी देश का ऊर्जा प्रदेश बन जाएगा। इसके लिए यूपी सरकार ने थर्मल, सोलर, हाइब्रिड, सोलर और बैटरी के क्षेत्र में बड़े कॉन्ट्रैक्ट्स किए गए हैं। यूपी में रिन्यूएबल ऊर्जा बढ़ाने के लिए बॉयोएनर्जी, सोलर एनर्जी के लिए प्लांट्स लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में सोलर नीतियां भी बनाई जा रही हैं। गोयल ने कहा रिन्यूएबल एनर्जी देश का भविष्य है।

**ट्रांसफार्मर फुंकने में 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई :** यूपी में 10 हजार पावर ट्रांसफार्मर हैं। इनमें से हर साल 5 प्रतिशत ट्रांसफार्मर जल जाते थे। ट्रांसफार्मर फुंकने में अब बेतहाशा गिरावट आई है, जो वर्तमान में घटकर 0.5 प्रतिशत रह गई है। डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफार्मर के डैमेज रेट में 70 फीसदी की कमी उल्लेखनीय है। रवीन्द्र सिंह, आईएएस, निदेशक, यूपीनेडा ने कहा कि यूपी में अब तक 500115 से अधिक रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की मुफ्त बिजली उत्पादित हो रही है। रूफ टॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना से लगभग 17 सौ मेगावाट ऊर्जा उत्पादन की क्षमता तैयार हुई है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने 3038.08 करोड़ और राज्य सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी है। पीएचडीसीसीआई के उत्तर प्रदेश चैप्टर के सह-अध्यक्ष, विवेक अग्रवाल ने भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला।

**हाई-फ्लो हाइब्रिड सोलर इन्वर्टर का किया अनावरण :** एनर्जी एक्स्पो में जीनस इनोवेशन लिमिटेड ने अपने हाई-फ्लो हाइब्रिड सोलर इन्वर्टर को लॉन्च किया। यश तोडी, डायरेक्टर और चीफ मार्केटिंग एंड सेल्स ऑफिसर ने कहा, अब हाइब्रिड सिस्टम वैकल्पिक नहीं रहे; ये घरों एवं कारोबारों में बिजली के इस्तेमाल का केन्द्र बन गए हैं। अनुकूल नीतियों एवं उपभोक्ताओं में बढ़ती जागरुकता के चलते उत्तर प्रदेश में रूफटॉप सोलर का अडॉप्शन लगातार बढ़ रहा है। हाई-फ्लो हाइब्रिड सोलर इन्वर्टर को इंटेलीजेन्ट एनर्जी मैनेजमेन्ट के जरिए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# जनेश्वर पार्क के बाहर वेंडिंग जोन का होगा विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम में शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों के समन्वय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार के अलावा एलडीए, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), लेसा तथा जलकल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान नगर निगम से जुड़े लंबित विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं और जनहित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में नगर निगम के विभिन्न जोनों में प्रस्तावित पीसीटीएस सेंटरों के निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा की गई। महापौर ने एलडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जोन-1 स्थित मूंगफली मंडी (रिवर बैंक कॉलोनी सिटी स्टेशन), सुपर मार्केट, जोन-4 स्थित नगर निगम वर्कशॉप (आरआर), जोन-6 स्थित दुबग्गा तथा जोन-7 के मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के सी-ब्लॉक में पीसीटीएस सेंटर के लिए 18 मई तक भूमि उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही महापौर ने निर्देश दिए कि 18 मई को एलडीए अधिकारियों के साथ दोबारा बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए।

बैठक में एलडीए के डिप्टी सेक्रेटरी माधवेश कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनेश्वर मिश्र पार्क के बाहर संचालित वेंडिंग जोन को लेकर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही जलकल विभाग की ओर से प्रस्तावित तीन पानी की टंकियों के एस्टीमेट को शीघ्र स्वीकृत कर बजट जारी करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में लेसा से जुड़े विषयों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई।

इस दौरान लेसा के चीफ इंजीनियर सुशील गर्ग उपस्थित रहे। महापौर ने निर्देश दिए कि सीएम ग्रिड परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत सात स्थानों पर चल रहे कार्यों में ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

**सीवर लाइन में बिछी बिजली की लाइन हटाने के निर्देश :** बैठक में जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने जानकारी दी कि शहर के कई स्थानों पर सीवर लाइन के भीतर बिजली की लाइनें बिछाई गई हैं, जिससे भविष्य में तकनीकी दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार लेसा को पत्र भेजे जा चुके हैं। मामले की गंभीरता से लेते हुए महापौर ने लेसा के चीफ इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से इन लाइनों को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। बैठक में पीडब्ल्यूडी के लखनऊ जनपद के नोडल अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता सतेंद्र नाथ को नगर निगम से संबंधित सभी विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में सभी विभागों का समन्वय बेहद आवश्यक है।

# पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई तक बढ़ी

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक) 2026 के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि छात्रहित में बढ़ा दी गई है। प्रदेश के राजकीय, अनुदानित, पीपीपी मोड, अल्पसंख्यक एवं निजी क्षेत्र की पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा के लिए अब अभ्यर्थी 10 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह द्वारा बताया गया है कि पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, किन्तु अभ्यर्थियों एवं विभिन्न संस्थानों की मांग पर विचार करते हुए आवेदन की तिथि को विस्तारित किया गया है। परिषद ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने में अब केवल तीन दिन शेष हैं, ऐसे में अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपना आवेदन पूर्ण कर लें। आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार की सुविधा भी अभ्यर्थियों को 10 मई के पश्चात दी जाएगी। अभ्यर्थी 08 मई से 11 मई तक अपने आवेदन पत्रों में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। प्रदेश के सभी पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश केवल परिषद द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही संभव होगा तथा प्रवेश का अन्य कोई माध्यम मान्य नहीं होगा। प्रदेश में उपलब्ध कुल 2,71,093 सीटों के सापेक्ष अब तक लगभग 3.80 लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया जा चुका है। अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट जेईईसीयूपी एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# डॉ. प्रबोध त्रिवेदी ने सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक का पदभार किया ग्रहण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने गुरुवार को सीएसआईआर- केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर-सीमैप), लखनऊ के निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. त्रिवेदी भारत की चारों प्रमुख विज्ञान अकादमियों – भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए), भारतीय विज्ञान अकादमी (आईएएस), राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत (एनएएसआई) तथा राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एनएएएस) के फेलो तथा जेसी बोस राष्ट्रीय फेलो हैं। वे पादप आणविक जीवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदानों के लिए व्यापक रूप से प्रसिद्ध हैं।

फरवरी 2020 से फरवरी 2026 तक निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की तथा सीएसआईआर की प्रमुख परियोजना अरोमा मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2025 के लिए भी मान्यता प्राप्त हुई। उनकी नियुक्ति से औषधीय एवं सुगंधित पौधों के क्षेत्र में संस्थान की अनुसंधान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी आधारित गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। डॉ. त्रिवेदी की नियुक्ति से पूर्व डॉ. जबीर अहमद, निदेशक सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान (सीएसआईआर-आईआईआईएम), जम्मू, सीएसआईआर- केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। डॉ. अहमद ने 14 फरवरी 2026 से यह अतिरिक्त दायित्व ग्रहण किया था। यह अंतरिम व्यवस्था संस्थान में नेतृत्व की निरंतरता बनाए रखने तथा चल रहे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए की गई थी।


सीएसआईआर- केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की प्रमुख राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में से एक है, जो औषधीय एवं सुगंधित पौधों के अनुसंधान एवं विकास के लिए समर्पित है।

# फूलबाग में बुजुर्ग महिला पर कुत्तों का हमला

**लखनऊ।** राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को जोन-1 के नजरबाग वार्ड अंतर्गत फूलबाग क्षेत्र में 70 वर्षीय वृद्ध महिला उमा सोनकर पर मोहल्ले के आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। हमला इतना जोरदार था कि महिला के पैर का मांस तक अलग हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में वृद्ध महिला को सिविल हॉस्पिटल की इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इससे पहले भी इसी इलाके में आवारा कुत्ते के हमले में एक व्यक्ति की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# ब्रश करने के लिए सही मात्रा में ले टूथ पेस्ट: डा. अदिति

**लखनऊ (निगोहां)।** सरल केयर फाउंडेशन ने पावर विंग फाउंडेशन और मोहनलालगंज पत्रकार एसोसिएशन के सहयोग से स्कूल चलो अभियान की शुरूआत की है। स्कूल हेल्थ ड्राइव के तहत का बच्चों को दांतों की देखभाल की जानकारी दी गयी। सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय रामदासपुर और बेसिक विद्यालय नंदौली में 250 से अधिक बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया गया। डेंटिस्ट डॉक्टर अदिति शुक्ला ने बताया कि सुबह सो कर उठने के बाद और रात में खाने के बाद ठीक तरह से दांतो मे ब्रश करें। किस मात्रा में टूथ पेस्ट लिया जाए। बेसिक विद्यालय नंदौली में ग्राम प्रधान रीना सिंह ने शिक्षिका नीलम गौतम को सम्मानित किया। इस मौके पर रामदासपुर के ग्राम प्रधान राज कुमार पांडेय, शिक्षक आईपी सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे।



# कायरा कुमार को 81,200 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सीएमएस के महानगर कैम्पस की छात्रा कायरा कुमार ने शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं ज्ञान-विज्ञान के दम पर दुबई की यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम से 81,200 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कायरा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि कायरा कुमार ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय स्कूल के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।

# दो साल की बच्ची के पेट से निकाला, डेढ़ किलो का ट्यूमर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के डाक्टरों ने दो साल की बच्ची को न सिर्फ असहनीय पेट दर्द से निजात दिलायी बल्कि उसके पेट से डेढ़ किलो का ट्यूमर निकाल उसे जीवनदान भी दिया। पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जेडी रावत ने बताया कि यह आपरेशन काफी जटिल था, क्योंकि सर्जरी से पहले बच्ची का वजन मात्र 10 किलो था।

बस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के ग्राम काबरा निवासी शिवम की दो वर्षीय बेटी अंशिका पिछले करीब दो महीनों से लगातार पेट दर्द से परेशान थी। समय के साथ दर्द बढ़ता गया और बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। उसकी भूख लगभग खत्म हो गई थी और उसे लगातार उल्टियां हो रही थीं। परिजन पहले स्थानीय स्तर पर इलाज कराते रहे, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हालत गंभीर होने पर बच्ची को केजीएमयू रेफर किया गया।

केजीएमयू पहुंचने पर पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के प्रो. आनंद पांडे ने बच्ची की प्रारंभिक जांच की। इसके बाद डॉक्टरों ने पेट का सीटी स्कैन कराया। जांच रिपोर्ट में पेट के अंदर एक बड़ा ट्यूमर दिखाई दिया। डॉक्टरों ने इसे लिपोब्लास्टोमा नाम का दुर्लभ ट्यूमर बताया। विशेषज्ञों के अनुसार, लिपोब्लास्टोमा बच्चों में होने वाला बेहद दुर्लभ ट्यूमर होता है, जो शरीर के फैट टिश्यू से विकसित होता है। यह पेट के अलावा हाथों और पैरों में भी हो सकता है। डाक्टरों के मुताबिक 1.5 किलो का यह ट्यूमर बच्ची की आंतों, दाहिने गुर्दे और पेट के अन्य हिस्सों पर दबाव बना रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. जेडी रावत ने परिजनों को तत्काल सर्जरी की सलाह दी।

बच्ची को 27 अप्रैल 2026 को अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके बाद प्रो. रावत की निगरानी में जटिल ऑपरेशन किया गया। जहां बेहद सावधानी और सूक्ष्म तकनीक के जरिए डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक ट्यूमर को शरीर से बाहर निकाल दिया। सर्जरी के बाद बच्ची की हालत तेजी से सुधरी और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

# केजीएमयू में हेपेटाइटिस वायरल लोड की जांच ठप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बीते कई दिन से हेपेटाइटिस वायरल लोड की जांच न होने से मरीजों को निजी पैथोलॉजी सेंटरों से जांच कराने को मजबूर हैं जबकि केजीएमयू में यह जांच फ्री में होती है। अधिकारियों के अनुसार नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) से बजट न मिलने से किट की खरीद-फरोख्त नहीं हो पायी है। केजीएमयू की ओपीडी में प्रतिदिन सात से आठ हजार मरीज आ रहे हैं। गेस्ट्रोमेडिसिन, मेडिसिन समेत दूसरे विभाग के डाक्टर मरीजों को हेपेटाइटिस वायरल लोड की जांच कराते हैं।

रोजाना 50 से 60 मरीजों को डाक्टर हेपेटाइटिस जांच कराने की सलाह दी जाती है। केजीएमयू नोडल सेंटर होने के कारण सीतापुर, बाराबंकी, हरदोई समेत अन्य कई जिलों से भी सैंपल जांच के लिए आते है। लैब में रोजाना 80 से 100 सैंपल की जांच की जाती है। डाक्टरों ने बताया कि हेपेटाइटिस में वायरल लोड जांच महत्वपूर्ण है। जांच से पता चलता है कि वायरस कितने एक्टिव है। उसी के आधार पर दवा शुरू की जाती है। मरीज को वायरल लोड देखकर तय करते हैं कि अभी दवा शुरू करनी है या सिर्फ मॉनिटर करना है।

## केजीएमयू के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया मरीजों को मिल रहा सुरक्षित ब्लड

**लखनऊ।** केजीएमयू के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में थैलेसीमिया मरीजों को सुरक्षित ब्लड मिल रहा है। नयी तकनीक से परखे खून से मरीजों को गंभीर जटिलताओं से बचाने में मदद मिल रही है। इन मरीजों को जीवन भर नियमित खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। कई तरह के घातक एंटीबॉडी विकसित होने लगते हैं, जो आगे चलकर खून के मिलान में बाधा डालते हैं। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा ने बताया कि फीनो टाइपिंग के जरिए ब्लड की बारीकी से जांच की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मरीज को चढ़ाया जाने वाला खून उसकी शारीरिक संरचना के साथ पूरी तरह मेल खाता है। इस प्रक्रिया से मरीजों में घातक एंटीबॉडी बनने का खतरा काफी हद तक कम हो गया है। यह तकनीक थैलेसीमिया मरीजों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रही है, जिससे उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित और प्रभावी इलाज मिल सकेगा। लोहिया संस्थान में ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डा. सुब्रत चन्द्रा ने बताया कि थैलेसीमिया पीड़ितों को मुकम्मल इलाज मुफ्त मुहैया कराया जा रहा है। करीब 250 बच्चे पंजीकृत हैं।

# निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में निजीकरण एवं उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में चल रहे प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान के अंतर्गत आज दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय, आगरा में बिजली कर्मियों की जोरदार विरोध सभा आयोजित की गई। संघर्ष समिति ने कहा कि मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने 19 मार्च 2023 को संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पॉवर कारपोरेशन के तत्कालीन अध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आंदोलन के फलस्वरूप की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस ली जाएं। ऊर्जा मंत्री द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में हटाए गए संविदा कर्मियों की पुनर्बहाली, सभी मुकदमे एवं एफआईआर वापस लेने सहित सभी दंडात्मक कार्यवाहियां समाप्त करने की घोषणा की गई थी। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि बिजली कर्मियों का शांतिपूर्ण आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक निजीकरण का निर्णय निरस्त नहीं किया जाता तथा सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली जातीं।



# यूपी में स्मार्ट बिजली मीटर अब पोस्टपेड मोड में होंगे संचालित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने प्रदेश भर में आरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में परिवर्तित करने का फैसला लिया है। इस संबंध में प्रबंध निदेशक नितेश कुमार की ओर से 6 मई 2026 को विस्तृत आदेश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार, प्रदेश के सभी डिस्कॉम क्षेत्रों में लगाए गए स्मार्ट मीटर अब पोस्टपेड प्रणाली पर संचालित किए जाएंगे। मई 2026 की बिजली खपत का बिल जून 2026 में पोस्टपेड व्यवस्था के तहत जारी किया जाएगा। यूपीपीसीएल ने स्पष्ट किया है कि मीटरों का यह परिवर्तन फटर कोड के माध्यम से मुख्यालय स्तर से किया जाएगा। उपभोक्ताओं को एसएमएस और व्हाट्सऐप के जरिए बिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं, उनके लिए विशेष अभियान चलाकर नंबर अपडेट कराए जाएंगे। बिजली निगमों ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अलग-अलग व्हाट्सऐप चैटबॉट नंबर भी जारी किए हैं, जिनके माध्यम से बिल और अन्य सेवाएं प्राप्त की जा सकेंगी। साथ ही 1912 हेल्पलाइन पर भी शिकायत और जानकारी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आदेश में कहा गया है कि पोस्टपेड मोड में बिल की देय तिथि 15 दिन रखी जाएगी और इसके 7 दिन बाद डिस्कनेक्शन की प्रक्रिया लागू होगी। बकाया भुगतान नहीं होने पर पूर्व की तरह विद्युत आपूर्ति संहिता-2005 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। यूपीपीसीएल ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन उपभोक्ताओं की पहले प्रीपेड मोड में जमा सिक्योरिटी राशि समायोजित की गई थी, उन्हें अब नई व्यवस्था के अनुसार किस्तों में सिक्योरिटी जमा करने की सुविधा दी जाएगी।

# फैटी लिवर की बीमारी शरीर की विटामिन डी को सक्रिय करने में डाल सकती बाधा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के शोधकताओं ने गंभीर फैटी लिवर की बीमारी और विटामिन डी के कम स्तर के बीच एक नए जैविक संबंध के प्रमाण पेश किए हैं। डा. रोहित एंथनी सिन्हा (एंडोक्रिनोलॉजी विभाग में एडीशनल प्रोफेसर) के नेतृत्व में, पीएचडी शोधार्थी अभिषेक यादव की टीम ने पाया कि ज्यादा फैट और चीनी वाले भोजन से लिवर को होने वाली क्षति, लिवर की विटामिन डी को सक्रिय करने की क्षमता को कम कर सकती है, जिससे संभवतः बीमारी और बढ़ सकती है।

विटामिन डी का उपयोग होने से पहले, आमतौर पर उसे लिवर और किडनी में एक सक्रिय रूप में बदलना जरूरी होता है। इस अध्ययन में, जानवरों के मॉडल के साथ-साथ इंसानी लिवर के नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि भोजन से मिलने वाला फैट, सीवाईपी 21 नामक लिवर एंजाइम को दबा सकता है। यह एंजाइम विटामिन ऊको सक्रिय करने की प्रक्रिया में एक अहम भूमिका निभाता है। इससे यह समझने में मदद मिलती है कि मेटाबॉलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोहेपेटाइटिस भी कहा जाता है) से पीड़ित मरीजों में विटामिन डी की कमी, केवल धूप की कमी या अपर्याप्त भोजन के कारण ही क्यों नहीं होती है।

यह क्यों मायने रखता है: फैटी लिवर की बीमारी का एक गंभीर रूप है, जिससे लिवर में घाव (फाइब्रोसिस) हो सकते हैं और कुछ मामलों में, सिरोसिस भी हो सकता है। इस अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि विटामिन ऊको सक्रिय करने की प्रक्रिया में आई बाधा भी एक ऐसा कारक हो सकती है, जो लिवर के स्वास्थ्य को और खराब करने में योगदान दे सकती है। यह बात फैटी लिवर की बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए व्यापक देखभाल की जरूरत को रेखांकित करती है। शोधकताओं का सुझाव है कि डॉक्टर और मरीज, फैटी लिवर की बीमारी के प्रबंधन के हिस्से के तौर पर विटामिन डी के स्तर की नियमित निगरानी पर चर्चा करें और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए भोजन और जीवनशैली से जुड़े उपायों के साथ-साथ, जरूरत पड़ने पर विटामिन डी की कमी को दूर करने के उपाय भी करें।

डा. रोहित एंथनी सिन्हा ने कहा कि यह शोध, गंभीर फैटी लिवर की बीमारी में अक्सर देखी जाने वाली विटामिन डी की कमी के लिए एक क्रियाविधि-संबंधी स्पष्टीकरण प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रक्रिया को समझने से, बीमारी के बढ़ने की गति को धीमा करने के लिए भविष्य की रणनीतियाँ बनाने में मदद मिल सकती है।

# आईएसएफ और आईआईडी के बीच हुई सहयोगात्मक चर्चा और एमओयू



**लखनऊ।** इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन - सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (आईएसएफ-सीआईईडी), इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईआईडी) के सहयोग से एक सहयोगात्मक चर्चा मंच एवं एमओयू हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया।

सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. निदा फातिमा, अतिरिक्त प्रो-चांसलर, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी एवं कार्यकारी निदेशक, आईएसएफ-सीआईईडी, ने शैक्षणिक संस्थानों में एक सशक्त, नवाचार-प्रेरित पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के महत्व पर बल दिया।

कार्यक्रम में एक संवादात्मक ओपन हाउस चर्चा भी आयोजित की गई, जिसने उद्यमिता विकास, स्टार्टअप चुनौतियों तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग के अवसरों पर सार्थक विचार-विमर्श के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आईएसएफ-सीआईईडी और आईआईडी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर औपचारिक हस्ताक्षर रहा, जिसने उद्यमिता विकास, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन, मेंटरशिप और उद्योग से जुड़ाव को सुदृढ़ करने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी स्थापित की। यह सहयोग संरचित प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और पेशेवर नेटवर्क तक पहुंच के माध्यम से छात्रों के लिए अवसरों को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने की अपेक्षा करता है।

## आई-क्यू सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल के अपग्रेडेड सेंटर का उद्घाटन

**लखनऊ।** नेत्र चिकित्सा श्रृंखला आई-क्यू सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल ने लखनऊ स्थित राजाजीपुरम स्थित सेंटर को अपग्रेड कर शहर में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। आधुनिक सुविधाओं और उन्नत तकनीक से लैस इस अपग्रेडेड सेंटर का उद्घाटन का गुरुवार को किया गया। इसका उद्देश्य शहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर एवं सुलभ नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। वहीं डा. अजय शर्मा, सीएमडी एवं फाउंडर, आई-क्यू सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल और रजत गोयल, सीईओ एवं कोफाउंडर, आई-क्यू सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल भी उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे। सरोजिनी नगर से विधायक एवं प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक राजेश्वर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

# शराब पिलायी, मुर्गा खिलाया और उसी के तमंचे से मार दी गोली

- उधारी न देने पर जीजा साले ने मिलकर रची थी हत्या की साजिश
- युवक की हत्या करने वाले 02 शातिर अभियुक्त
- 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस व मृतक के 02 मोबाइल फोन बरामद

**विशेष संवाददाता (vol)**



लखनऊ। सुशान्त गोल्फ गोल्फ सिटी इलाके में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने बताया कि आरोपितों ने पहले शराब पिलाई और मुर्गा खिलाया। जब सचिन नशे में हो गया तो उसी के तमंचे का इस्तेमाल कर कनपटी पर गोली दाग दी।

वारदात को अंजाम देने वाले जीजा साले को पुलिस ने पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। घटना में प्रयुक्त देसी तमंचा व मृतक के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए है।

विदित हो कि हिस्ट्री शीटर सचिन यादव उर्फ कालिया की सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उसका शव प्लाट पर मिला था। इस मामले में चचेरे भाई जितेंद्र यादव की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर हत्यारों की तलाश कर रही थी। पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया था। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बुधवार को घटना से जुड़े टेक्निकल एवं मैनुएल साक्ष्यों के आधार पर कमल सिंह यादव उर्फ टिंकू निवासी ग्राम देवामऊ थाना सुशान्त गोल्फ सिटी व उसके जीजा संतोष कुमार यादव निवासी ग्राम धावाहार थाना सुशान्त गोल्फ सिटी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई , तो आरोपितों ने बताया कि सचिन की उधारी और उसके व्यवहार से दुखी थे। आरोपित संतोष ने बताया कि वह सुशान्त गोल्फ सिटी के भट्ठा चौराहे पर शराब ठेके के बगल में पान की गुमटी में पान-सिगरेट, मसाला व पानी बेचता है। आये-दिन मृतक तमंचे के साथ दुकान पर पहुंच कर समान लेता था। भुगतान मांगने पर गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देता था। आरोपित ने बताया कि उसके इस रवैये से तंग आकर दुकान बंद करना पड़ा। संतोष ने अपने साले कमल उर्फ टिंकू के साथ मिलकर हत्या करने की नियत से पहले पार्टी के नाम पर बुलाया, फिर खाली प्लाट में दारू के साथ मुर्गा पार्टी की। संतोष ने साजिशन हत्या करने की नीयत से पहले शराब पिलाई। जब वह नशे में हो गया तो संतोष पेशाब करने के बहाने खड़े होकर उसी के तमंचे से कनपटी पर फायर कर हत्या कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गइ। उसके बाद दोनों फरार हो गए।

**वारदात में प्रयुक्त तमंचा सूखे पत्तों में रका था छिपाकर :** पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि हम दोनों ने तमंचा बसेरा 2 के सामने खाली मैदान में सूखी पत्तियों के नीचे छिपा दिया था और सचिन के दोनों मोबाइल को नाली में फेंक दिया था। उसके बाद मैं व संतोष अपने घर चले गए।

**हत्या करने की नीयत से दी थी शराब की पार्टी :** आरोपित संतोष ने अपने साले कमल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची, शराब व मुर्गे की दावत दी। हिस्ट्रीशीटर सचिन उनके इरादे को समझ न पाया और दावत खाने पहुंच गया। आरोपितों ने पहले अधिक शराब पिलाई जब नशे में हो गया तो उसी का तमंचा लेकर कनपटी पर दाग दिया।

**जमीन के विवाद में पहले चाचा पर था शक :** जमीन को लेकर पूर्व में हुए मर्डर को लेकर लोगो को शक था कि मृतक के चाचा ने मिलकर घटना को अंजाम दिया होगा। लेकिन पुलिस जांच के बाद किये गए खुलासे में दूसरा कारण निकलने के बाद मृतक के चाचाओं को काफी राहत मिली।

## चार लुटेरे गिरफ्तार, व्यापारी संग की थी लूट

**लखनऊ।** वजीरगंज पुलिस ने चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो सगे भाई हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हीं लुटेरों ने 28 अप्रैल को रकाबगंज हनुमान मंदिर के बाहर व्यापारी गौरव अग्रवाल से सोने की चेन लूटी थी। पुलिस ने 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से इन तक पहुंच बनाई और लुटेरों के पास से कई सामान बरामद किए।

पुलिस का दावा है कि लुटेरे मूल रूप से सहारनपुर के हैं, जो अलग-अलग जिलों में कुछ दिन ठहरकर लूट की वारदात करते हैं और फिर वहां से निकल जाते हैं। यहां रकाबगंज में हनुमान मंदिर गए एक व्यापारी के साथ 28 अप्रैल की रात सोने की चेन लूट की वारदात की थी। उसके बाद से पुलिस लुटेरों को तलाश रही थी। पुलिस ने 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले, तब जाकर लुटेरों तक पहुंच सकी। पुलिस ने बताया कि यहियागंज कायस्थगली टाटपट्टी निवासी व्यापारी गौरव अग्रवाल 28 अप्रैल की रात रकाबगंज हनुमान मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। इस मामले में 29 अप्रैल को वजीरगंज कोतवाली में लूट का मुकदमा दर्ज किया गया था। डीसीपी पश्चिमी कमलेश दीक्षित ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर लुटेरों के बारे में जानकारी दी। डीसीपी ने बताया कि चारों लुटेरे सहारनपुर मंडी के इंदिरा चौक के मूल निवासी हैं, जो कि लखनऊ में अलग-अलग रहते हैं। लुटेरों में आलमबाग गढ़ी कनौरा का मो. साहिल और मदेयगंज का शारिक अली सगे भाई हैं। मदेयगंज का हैदर अली और हैदरगंज का इमरान दोनों भाइयों के रिश्तेदार है। इनमें एक लुटेरा पैर से विकलांग है, जिसके पैर में रॉड पड़ी है। ये चारों लोग 10 से 15 दिन एक जिले में रहकर लूट की वारदात करते। डीसीपी पश्चिमी कमलेश दीक्षित ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर लुटेरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चारों लुटेरे सहारनपुर मंडी के इंदिरा चौक के मूल निवासी हैं, जो कि लखनऊ में अलग-अलग रहते हैं।

# एनसीआरबी के आंकड़े यूपी की मजबूत कानून-व्यवस्था की गवाहीः डीजीपी

- राष्ट्रीय क्राइम रेट से काफी कम रहा यूपी का क्राइम रेट
- अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति धरातल पर उतरी

**विशेष संवाददाता (vol)**



**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2024 रिपोर्ट निर्विवाद रूप से स्थापित करती है कि क्राइम रेट ही विभिन्न राज्यों के बीच अपराध की तुलना का एकमात्र वैज्ञानिक और सांख्यिकीय दृष्टि से उचित आधार है। राष्ट्रीय क्राइम रेट 252.3 के मुकाबले उत्तर प्रदेश का क्राइम रेट मात्र 180.2 है। यह सुधार सतत और सुविचारित प्रयासों का प्रतिफल है। यह साबित करता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति कागजों से निकलकर धरातल पर उतरी है।

**कठोर कार्रवाई से स्थापित किया कानून-व्यवस्था का राज :** पुलिस महानिदेशक ने कहा कि गत 9 वर्षों में आधुनिक पुलिस स्टेशन, सतर्क एंटी-रोमियो स्क्वॉड, हर थाने पर समर्पित महिला हेल्प डेस्क, कमजोर वर्गों को त्वरित न्याय दिलाने वाले फास्ट-ट्रैक कोर्ट और संगठित अपराधों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था का राज स्थापित किया है। एनसीआरबी के आंकड़े इसी की गवाही देते हैं।

**छोटी से छोटी शिकायत का संज्ञान लेती है यूपी पुलिस :** पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई भी व्यक्ति बिना किसी भय-संकोच के पुलिस थाने जाकर शिकायत दर्ज करा सकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस इसके प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम डिजिटल माध्यमों पर भी आई छोटी से छोटी शिकायत का संज्ञान लेते हैं और जहां भी उचित हो, उसे एफआईआर में परिवर्तित करते हैं। अधिक पंजीकरण एक अधिक संवेदनशील, सुलभ और पारदर्शी पुलिस बल की पहचान है। यही वह संस्कृति है, जिसका निर्माण उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत कर रही है।

# हाई कोर्ट ने केंद्रीय व राज्य की एजेंसियों को जवाब पेश करने के लिए 12 मई तक का दिया समय

- राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक सम्पत्ति मामले की जांच को लेकर दायर मामला

**विधि संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कथित आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई 12 मई तक टाल दी। जजों ने मामले की सुनवाई खुली अदालत में करने से परहेज करते हुए केस फाइल से संलग्न दस्तावेजों को लेकर विशेष सतर्कता बरती और सुनवायी के बाद पूरी केस फाइल को सील करके सीनियर रजिस्ट्रार की कस्टडी में दे दी और उन्हें आदेष दिया कि उक्त फाइल 12 मई को सवा दो बजे अपरान्ह उनके सामने सुनवायी के लिए पेष की जाये और तभी केस फाइल की सील उनके बेंच सेक्रेटी द्वारा उन्हीं के सामने खोली जायेगी। जस्टिस राजेश सिंह चैहान और जस्टिस जफीर अहमद की पीठ ने यह आदेश कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी पर अज्ञात स्त्रोतों से भारी संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। याचिका में केंद्र सरकार, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीडीटी, यूपी पुलिस और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस, नई दिल्ली को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कोर्ट से मामले की जांच कराने का निर्देश देने की मांग की गई है। यह याचिका 25 अप्रैल 2026 को हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि इसकी पहली सुनवाई 6 मई को हुई। उल्लेखनीय है कि जजों ने मामले की सुनवाई अपने चैम्बर में की। बुधवार की सुनवाई के बाद जजों ने पूरी रिट याचिका की प्रति अपने समक्ष सीलबंद कराने का आदेश दिया और कहा कि इसे हाईकोर्ट के वरिष्ठ रजिस्ट्रार की अभिरक्षा में रखा जाए। जजों ने वरिष्ठ रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि उक्त केस फाइल को 12 मई को दोपहर सवा दो बजे पुनः उनके चैम्बर में सुनवाई के लिए पेश किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगली तारीख पर बेंच सेक्रेटी की मौजूदगी में ही सील खोली जाएगी। सुनवाई शुरू होने पर याचिकाकर्ता की ओर से एक प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें वर्तमान रिट याचिका के अभिलेखों को सुरक्षित रखने का अनुरोध किया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से विस्तृत बहस की गई, जिसके बाद विपक्षी पक्षों की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने संबंधित सरकारों और एजेंसियों से लिखित निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा। इस पर सहमति जताते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई 12 मई तय की।

## दहेज की मांग को लेकर दिया तीन तलाक

**लखनऊ,संवाददाता।** दहेज में 10 लाख रुपये और लग्जरी कार की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया गया। इस दौरान पति ससुराल पहुंचा और गाली-गलौज कर तीन तलाक देकर धमकाते हुए चला गया। पीड़िता ने मदेयगंज थाने में पति व सास-ससुर के खिलाफ मुस्लिम महिला एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। खदरा रूपपुर निवासी 26 वर्षीय शिफा खान ने बताया कि 25 नवंबर 2019 को शाहजहांपुर के जंगला के रहने वाले शादमान अहमद से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ समय से ही पति शादमान, ससुर यामीन अहमद और सास रेहाना परवीन ने कम दहेज को लेकर ताना देना शुरू कर दिया।

## जिस दिन बारात जानी थी, उसी दिन हुई पिता की मौत, खुशियां बदली मातम में

लखनऊ। जिस घर में बेटे की शादी की खुशियां थीं, वहीं कुछ घंटों बाद मातम पसरा। दूल्हे के पिता की उसी दिन मौत हो गई, जिस दिन बारात जानी थी। दूल्हे ने पहले अंतिम संस्कार किया, फिर बारात लेकर रायबरेली गया। यह दुखद घटना निगोहां क्षेत्र में हुई। निगोहां गांव निवासी 60 वर्षीय किसान भाईलाल कश्यप के सबसे छोटे बेटे रिंकू कश्यप की 5 मई को बारात थी। बारात रायबरेली के बंकागढ़ गांव जानी थी। घर में रिश्तेदार जुटे थे और शादी की रस्में चल रही थीं। सोमवार शाम हल्दी-मेहंदी कार्यक्रम के दौरान अचानक भाईलाल की तबीयत बिगड़ गई। घरवाले उन्हें निगोहां कस्बे के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया। उधर, कन्या पक्ष को सूचना मिली तो वहां भी माहौल गमगीन हो गया। परिवार के सामने सबसे बड़ी परेशानी यह थी कि एक ओर अंतिम संस्कार था और दूसरी ओर तय शादी। परिजनों और रिश्तेदारों की सहमति से फैसला लिया गया कि पहले भाईलाल का अंतिम संस्कार किया जाएगा, उसके बाद सीमित लोगों के साथ बारात रवाना होगी।

## किशोरी को भगा ले जाने वाले आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में एक किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक बीते 4 मई को क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने अपनी किशोर बेटी को गांव के रहने वाले एक युवक आशीष उर्फ निर्मल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकीं खोज में लगी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मलौली के पास से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद करने के बाद जेल भेज दिया।

## हर सिपाही से हो रही दो हजार की वसूली, वीडियो वायरल

लखनऊ । पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में तैनात कांस्टेबल सुनील कुमार शुक्ला के एक वीडियो ने उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। कांस्टेबल का आरोप है कि पुलिस लाइन में ड्यूटी लगाने के नाम पर हर सिपाही से 2000 की मासिक वसूली की जा रही है। कांस्टेबल ने यह आरोप लगाते हुए वीडियो जारी किया है। वीडियो को तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर किया जा रहा है। वीडियो ने पूरे लखनऊ पुलिस महकमे में खलबली मचा दी है। करीब तीन मिनट के इस वीडियो में सिपाही ने पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उसका आरोप है कि आईपीएस अफसर पूरा नेटवर्क चला रहे हैं।

# 150 मेधावियों का हुआ सम्मान



**लखनऊ।** बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में आसरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 150 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें 65 हाईस्कूल एवं 85 इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। जो विद्यार्थी अनुशासन में रहकर निरंतर अपने लक्ष्य की ओर प्रयास करता है, वह निश्चित रूप से जीवन में उच्च मुकाम हासिल करता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्या के माध्यम से व्यक्ति जीवन में वह सब कुछ प्राप्त कर सकता है जिसकी वह कल्पना करता है। उन्होंने छात्रों से निरंतर अध्ययन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पार्षद अभिलाषा कटिहार, आयोजक प्रियंक गुप्ता, अनुराग साहू, प्रबंधक सूरज वर्मा, शुभम वर्मा, संदीप वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# रिटायर्ड आईएएस के प्लॉट पर कब्जे की कोशिश, जेसीबी से तोड़ी बाउंड्री

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के प्लॉट पर कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोग जेसीबी लेकर पहुंचे और प्लॉट की बाउंड्री व पिलर तोड़कर जमीन को साफ करा दिया। पीड़ित ने मामले में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित राम सिंह के अनुसार उनका आवासीय प्लॉट ग्राम औरंगाबाद जागीर, वार्ड राजा बिजली पासी क्षेत्र में स्थित है। प्लॉट की रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज उनके नाम पर है। उन्होंने बताया कि 5 मई की शाम दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर पहुंचे और सूचना दी कि 15-20 लोग जेसीबी मशीन लेकर प्लॉट पर आए थे और बाउंड्री तथा पिलर तोड़कर जमीन साफ करा दी। सूचना मिलने के बाद राम सिंह अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि प्लॉट की बाउंड्री ध्वस्त कर दी गई थी और पिलर उखाड़ दिए गए थे। अगले दिन सुबह उन्हें जानकारी मिली कि कुछ लोग लेबर और निर्माण सामग्री लेकर प्लॉट पर पहुंचे और कब्जे का प्रयास करने लगे। पीड़ित ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया और लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। राम सिंह का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे कोई बड़ा व्यक्ति शामिल हो सकता है, जो उनकी जमीन हड़पना चाहता है। उन्होंने कहा कि जब एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के साथ इस तरह की घटना हो सकती है तो आम लोगों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**साइबर ठगों ने खाते से निकाले 2 लाख 42 हजारः** साइबर ठगों ने एक बार फिर खाता धारक के खाते से 2 लाख 42 हजार की ठगी कर ली। पीड़ित संजय कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि साइबर ठगों ने उनके आईसीआईसीआई बैंक में खाते से 2 लाख42 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बताया कि उसने एटीएम के माध्यम से अपोलो अस्पताल में बीते 16 व 17 अप्रैल को पेमेंट किया था जिसके बाद फोन हैंग हो गया और मुझे कोई मैसेज भी नही मिला। जिसके कारण जानकारी नही हो पाई। बाद में जब जानकारी हुई तो साइबर हेल्पलाइन पर कंप्लेन करने के साथ गोसाईंगंज थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। गोसाईंगंज पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद साइबर ठगों की तलाश में जुटी है।

## विकलांग युवक की दुकान में तोड़फोड़, मारपीट

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मोबाइल को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा विकलांग युवक की दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने दुकान का सामान क्षतिग्रस्त कर युवक को ईंट मारकर घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित राम निवास निवासी एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड कृष्णानगर के अनुसार उनका बेटा कैलाश चंद्र न्यू गोड़ौरा क्षेत्र में दुकान चलाता है। उन्होंने बताया कि 5 मई की शाम करीब साढ़े छह बजे धर्मेंद्र भारतीय का पुत्र गौरव भारतीय अपने तीन साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और मोबाइल लेने की जिद करने लगा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर गौरव और उसके साथियों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने कैलाश चंद्र के साथ मारपीट की। इसी दौरान गौरव के एक साथी ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे युवक की छाती में चोट लग गई।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, तकनीकी, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

**ई-निविदा सूचनाः 06/SE(TECH)/JZ/2026-27 वि.आ.सं.-1098 दिनांक 06.05.2026**

**कार्य का नाम :** अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एवं एल.टी. जानकीपुरम के सहायक अभियन्ता 11 के.वी. एवं एल.टी. जी.पी.आर.ए. के कार्य क्षेत्रान्तर्गत जमायोजना मद में रू. 71.50 स्क्वायर फिट व समान प्रकार के अन्य नयी योजनान्तर्गत स्वीकृत पैकेजों के सापेक्ष रनिंग विद्युतीय कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्कः रू. 3540.00 | धरोहर राशिः रू. 45000.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथिः 20 मई 2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

## युवक ने फंदे से लटककर दी जान

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने बुधवार शाम नशे की हालत में अपने घर में गमछे के सहारे फंदा लगा अपनी जान गंवा दी। आशियाना थाना इलाके किला मोहम्मदी गांव में रहने वाला योगेश अवस्थी (30) पुत्र प्रेमनाथ अवस्थी ने बुधवार शाम करीब 8 बजे अपने कमरे का दरवाजा बंद कर गमछे के सहारे पंखे से फंदा बना आत्महत्या कर ली, बड़े भाई ने फंदे से उतार लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई आशुतोष अवस्थी के अनुसार उनका भाई नशे का आदि था ।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा सम्पत्ति का पूर्व मूल बैनामा दिनांक 14.09.1982 बही संख्या 1 जिल्द संख्या-2798 के पृष्ठ संख्या 143 से 145 पर क्रमांक 3472 पर मुख्य उपनिबन्धक कार्यालय, लखनऊ में पंजीकृत है, कहीं खो गया है। **शाकिर पुत्र जाफर अली नि.- 155/129, मौलवीगंज, हाता सुलेमान कदर, अमीनाबाद, लखनऊ।**

# बैंकॉक से आये यात्री के पास से 2.859 किलोग्राम गांजा बरामद

**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से करीब 2.859 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद किया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2.86 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक खुफिया सूचना के आधार पर एआईयू टीम ने बैंकॉक से रात 10:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर एशिया की फ्लाइट संख्या -146 से बुधवार रात लखनऊ पहुंचे एक यात्री को सुरक्षा जांच के दौरान ग्रीन चैनल पर रोका। जहाँ संदेह होने पर अधिकारियों ने उक्त यात्री के चेक-इन बैगेज की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान उसके बैग से 12 पारदर्शी वैक्यूम-पैक पाउच बरामद हुए। इन वेक्यूम पैक पाउचों में हरे रंग के फूल और फलनुमा पदार्थ भरे थे। अधिकारियों के मुताबिक शुरूआती जांच में इसे गांजा/मारिजुआना यानी हाइड्रोपोनिक वीड पाया गया। फिलहाल अधिकारियों ने बरामद प्रतिबंधित मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 43 के तहत जब्त कर लिया। जबकि पूछताछ के बाद आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एआईयू अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि तस्करी का नेटवर्क किन लोगों से जुड़ा हुआ है।

**मुंबई और अहमदाबाद जा रहे दो यात्रियों के पास 32 बोर के मिले एक-एक कारतूसः** राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर गुरुवार को मुंबई और अहमदाबाद जा रहे दो अलग-अलग यात्रियों के पास 32 बोर के एक-एक कारतूस मिलने से हड़कम्प मच गया। बाद में सीआईएसएफ ने दोनों को हिरासत में लेकर सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। हालाकि बाद में दोनों ने अपना शस्त्र लाइसेंस दिखाया, जिसके बाद पुलिस ने कारतूस जब्त कर यात्रियों को छोड़ दिया। फिलहाल इस कार्रवाई से दोनों यात्रियों के विमान छूट गए। पुलिस के मुताबिक कानपुर निवासी गजेंद्र सिंह चौहान लखनऊ से सुबह 7:55 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1027) से मुंबई जा रहे थे। जबकि लखनऊ के मानवेंद्र प्रताप सिंह सुबह 9:05 बजे लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 142) से अहमदाबाद जा रहे थे। तभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान मानवेंद्र के लगेज बैग से .32 बोर का एक कारतूस, जबकि गजेंद्र के हैंडबैग से भी .32 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कारतूस मिलते ही सीआईएसएफ जवानों ने दोनों यात्रियों को हिरासत में ले लिया। बाद में पूछताछ कर दोनों को सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। हालाकि बाद में दोनों यात्रियों ने अपने-अपने शस्त्रों के लाइसेंस मंगा कर पुलिस को दिखाए। जिसके बाद पुलिस ने बरामद कारतूस जब्त कर दोनों यात्रियों को छोड़ दिया।

## ताला तोड़कर जेवर-नकदी समेट ले गये चोर

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में शादी समारोह में गए परिवार के सूने घर को चोरों ने निशाना बना लिया। अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर घर में रखे जेवर, नकदी और घरेलू सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी पड़ोसियों ने परिवार को फोन कर दी, जिसके बाद घर लौटने पर चोरी का खुलासा हुआ। पीड़िता सुनीता देवी पत्नी विनोद कुमार सिंह निवासी वसुधा स्टेट, कानपुर रोड, गौरी थाना सरोजनीनगर के अनुसार वह अपने परिवार के साथ फतेहपुर जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव नोनारा में भतीजी की शादी में शामिल होने 27 अप्रैल को गई थीं। इसी दौरान 2 मई की रात करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ दिया। बताया गया कि 3 मई की दोपहर पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा और इसकी सूचना परिवार को दी। जब परिवार वापस लौटा तो घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से सोने की चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, सोने का सूई-धागा, मिक्सी मशीन, मोबाइल, जियो टीवी, एलसीडी, गैस चूल्हा, साड़ियां और 8600 रुपये नकद चोरी कर ले गए। पीड़िता ने बताया कि मकान की ऊपरी मंजिल पर रहने वाली महिला उपनिरीक्षक प्रतिमा देवी के कमरे का ताला भी टूटा मिला और वहां का सामान भी अस्त-व्यस्त पड़ा था। घटना से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़िता की तहरीर पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोरों की तलाश में जुटी है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग/टेंडर/09/2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में स्थापित STATCON ENERGIA निर्मित IPS (24 नग) का 36 (छत्तीस) महीनों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,07,83,514.88/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,15,700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.05.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग/टेंडर/09/2026–27 दिनांकः 06.05.2026 1532/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# माता-पिता ने मुझे आत्मनिर्भर बनना सिखाया : सई ताम्हणकर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 'जो मेहनत करता है, उसे फल मिलता है।' कहना है जानी-मानी एक्ट्रेस सई ताम्हणकर का। मराठी के साथ-साथ हिंदी फिल्म जगत में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरने वाली सई 'दुनियादारी', 'हंटर', 'मिमी', 'बेरोजगार', 'धुरला', 'दलदल' और 'डब्बा कार्टलट जैसे हिंदी-मराठी के प्रोजेक्ट्स से खुद को वसेर्टाइल एक्ट्रेस के रूप में साबित कर चुकी हैं। वह अपने सफर को बहुत ही ग्रेसफुल नजरों से देखती हैं और बहुत विनम्र महसूस करती हैं। इन दिनों अपनी नई वेब सीरीज 'मटका किंग' से चर्चा में हैं।

**हर लड़की को आत्मनिर्भर और दबंग होना चाहिए:** सई आज मराठी और हिंदी इंडस्ट्री में अपना अच्छा नाम बना चुकी हैं, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह एक्ट्रेस बनेंगी। वह बताती हैं, 'मेरे पिता जहाज में काम करते थे और अक्सर समुद्री यात्राओं पर रहते थे। घर पर मैं और मम्मी ही होते थे, और उन्होंने मुझे हमेशा आत्मनिर्भर बनना सिखाया। मुझे मजबूत और दबंग बनाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। स्कूल में मैं कबड्डी गर्ल के नाम से जानी जाती थी। मेरे घुटने हमेशा चोटिल रहते थे और मुझमें पारंपरिक लड़कियों वाली बातें कम ही थीं। मैं टॉमबॉय थी। कॉलेज तक मेरा बॉयकट हेयरस्टाइल रहा। इसी दौरान मैंने कराटे सीखा और ऑरेंज बेल्ट हासिल की। मेरी मां और खेलों ने मेरे आत्मविश्वास को और मजबूत किया। मेरे बेबाक और बिंदास स्वभाव की वजह से लोग मेरे सामने कुछ गलत करने से हिचकते हैं। मेरा मानना है कि हर लड़की को आत्मनिर्भर और दबंग होना चाहिए।

**हमें काम के आधार पर तौलें:** आमतौर पर साउथ या मराठी फिल्म जगत से आई हुई एक्ट्रेसेस को रीजनल एक्ट्रेस का टैग दे दिया जाता है। इस पर वह अफसोस जताते हुए कहती हैं, 'कभी -कभार दर्द होता है कि ऐसा क्यों है? हम तो दोनी ही इंडस्ट्री में उतनी ही लगन और मेहनत काम करते हैं। हालांकि वो जमाना चला गया है, जब भाषा के आधार पर विभाजन किया जाता था। इस मुद्दे पर मैं दर्शकों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वो हमें काम के आधार पर तौलें। जहां तक टैग देने की बात है, तो उन्हें तोड़ने में भी खूब मजा आता है। वो हमारे लिए ईंधन का काम करते हैं। मेरे जैसे और भी कई कलाकार हैं, जो इस बॉक्स को तोड़ने में लगे हुए हैं। हिंदी में 'मिमी' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने मुझे इस टैग से बाहर आने में मदद की। मुझे अपना पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और भी कई दूसरे पुरस्कार मिले।'

**लड़कियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं:** सई मानती हैं कि लेबल लगाने के साथ-साथ कई बार एक्ट्रेसेस को टाइपकास्ट भी कर दिया जाता है। वह कहती हैं कि ये सालों से अंडरकरंट देखा जाता है। वह कहती हैं, 'इससे निकलने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि एक ही तरह के रोल्स के लिए ना की जाए, मगर ये बहुत मुश्किल होता है। हमारी इंडस्ट्री ही नहीं हमारा समाज भी पितृसत्ताक है, मगर इस बैकड्रॉप के बावजूद लड़कियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। पुरुष प्रधान इंडस्ट्री में हीरोइन की तुलना में हीरो को ज्यादा अहमियत जी जाती है? इस सवाल पर वह कहती हैं, 'कुछ सालों में ये हालात बदले हैं। प्रियंका चोपड़ा और सामंथा रुथ प्रभु का इस बदलाव में बड़ा योगदान यही। इन्होने धीरे-धीरे वो ब्रैकेट्स तोड़ने शुरू किए। पहले की तुलना मैंने आज हालात बदले हैं, पहले तो बहुत ही बुरी स्थिति थी।' पे पैरिटी के मुद्दे पर सई ताम्हणकर कहती हैं, 'जब भी नेगेटिव चीजें होती हैं, उनके बारे में काफी हो-हल्ला होता है, पर सकारात्मक चीजों पर बात काम ही होती है। मुझे लगता है आज पे पैरिटी में भी बदलाव आया है। आज हीरोइन हीरोज के समकक्ष खड़ी नजर आती हैं।

**यूट्यूब के लिए वेब सीरीज की:** इंडस्ट्री में दो दशक से भी ज्यादा का समय बिता चुकी सई अपनी फीस को लेकर कहती हैं, 'मैं अगर अपनी बात करूं, तो कई बार मैं अपने मनमुताबिक अपनी फीस ले पाती हूं और कई बार नहीं ले पाती, मगर जितनी बार ले पाई, उसने मुझे बहुत हौसला दिया है। एक एक्टर को पता होता है कि कब अपनी फीस छोड़नी है और कब अड़े रहना है, क्योंकि एक्टिंग के पेशे के बावजूद कई बार हम सृजनात्मक संतुष्टि के लिए काम करते हैं, तो कई बार ऐसा मौका भी आया कि मैंने अपनी प्राइज मनी छोड़ दी हो।''मैंने यूट्यूब के लिए एक वेब सीरीज की थी और उसके लिए मैंने अपना मेहनताना छोड़ दिया था, मगर उसका जो रिस्पॉन्स आया था, उसका मोल कुछ हो ही नहीं सकता। उस वेब सीरीज का नाम था 'बेरोजगार'। उस सीरीज के बाद मेरे करियर का ग्राफ भी बदला और लोगों का मुझ पर और यकीन पुख्ता हुआ। दर्शकों के आत्मविश्वास ने मुझे चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं करने के लिए प्रेरित किया है।

# वार्षिक समारोह 'कलायात्रा' सीजन-3 का आयोजन कल

**राय उमानाथ बली ऑडिटोरियम में दिखेगी भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय और फ्यूजन नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियां**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नृत्य के क्षेत्र में सुपरिचित नाम नृत्य फ्रोलिक डांस एकेडमी की संस्थापिका और कथक गुरु पल्लवी प्रजापति के मार्गदर्शन में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम- 'कलायात्रा सीजन-3', का आयोजन शनिवार 09 मई को कैसरबाग स्थित राय उमानाथ ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस वार्षिकोत्सव में एल्डिको सिटी स्थित नृत्य फ्रोलिक डांस एकेडमी के 4 से 30 वर्ष की आयु तक के जोशीले प्रतिभागी भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय और फ्यूजन नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियां देंगे। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कथक नृत्यांगना एवं गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस.पी.मिश्रा, भरत सिंह बिष्ट, आकांक्षा आनंद, लवीना जैन और लवली घिल्डियाल को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित भी किया जाएगा। पल्लवी प्रजापति के अनुसार कलायात्रा कार्यक्रम वास्तव में भारतीय संस्कृति की अविरल यात्रा है।

# वास्तुकला की समझ और दृश्य संप्रेषण को अधिक प्रभावशाली बनाते हैं : वंदना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वास्तुकला एवं योजना संकाय (एफओएपी), डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में चतुर्थ वर्ष के फोटोग्राफी ऐच्छिक विषय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। यह प्रदर्शनी 8 मई तक आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) वंदना सहगल एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रितु गुलाटी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी एवं फोटोग्राफी का मार्गदर्शन संकाय समन्वयक आर्किटेक्ट वैभव कुलश्रेष्ठ ने प्रदान किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा स्थापत्य, आंतरिक एवं शहरी परिवेश को रचनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत करती हुई उत्कृष्ट फोटोग्राफी प्रदर्शित की गई है। साथ ही वास्तुकला, शहरी जीवन, संस्कृति, प्रकृति तथा मानवीय संवेदनाओं को दृश्यात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत करने वाले विविध छायाचित्र भी प्रदर्शनी का हिस्सा हैं। इन कृतियों में संरचना, प्रकाश, टेक्सचर, स्थानिक समझ तथा मनुष्य और निर्मित परिवेश के बीच के संबंधों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया है।

डीन प्रो. (डॉ.) वंदना सहगल एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रितु गुलाटी ने विद्यार्थियों की कलात्मक दृष्टि, तकनीकी दक्षता तथा फोटोग्राफी के माध्यम से कथ्य प्रस्तुत करने की क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे रचनात्मक माध्यम वास्तुकला की समझ को अधिक संवेदनशील और दृश्य संप्रेषण को अधिक प्रभावशाली बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ फोटोग्राफर अतुल हुंडु ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के विभिन्न तकनीकी और कलात्मक आयामों से अवगत कराया। प्रदर्शनी देखते हुए संकाय के कला शिक्षक गिरीश पांडेय ने कहा कि बहुत सारे छायाकारों के चित्रों में एक नवीन दृष्टिकोण दिखाई दे रहा है यह नए युग के नई दृष्टि की शुरूआत है। इसी कड़ी में कलाकार भूपेंद्र अस्थाना और धीरज यादव ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि फोटोग्राफी केवल दृश्य को कैद करने की कला नहीं, बल्कि समय की धड़कनों को सुनने की एक संवेदनशील प्रक्रिया है। कैमरा जब किसी क्षण पर ठहरता है, तब वह केवल प्रकाश और छाया को नहीं, बल्कि स्मृतियों, भावनाओं और जीवन की अनकही कहानियों को भी संजो लेता है। उन्होंने कहा कि एक तस्वीर में कभी किसी चेहरे की चुप्पी बोलती है, कभी किसी सड़क की वीरानी, तो कभी किसी बच्चे की हँसी पूरे समय को उजाला कर देती है। फोटोग्राफी हमें यह सिखाती है कि संसार केवल देखा नहीं जाता, उसे महसूस भी किया जाता है। एक संवेदनशील फोटोग्राफर वस्तुओं का नहीं, बल्कि क्षणों की आत्मा का चित्रकार होता है। उसकी दृष्टि में प्रकाश रंग बन जाता है, छाया कविता और समय स्मृति। फोटोग्राफी दरअसल जीवन के उन क्षणों को अमर करने का प्रयास है, जो अन्यथा समय की भीड़ में कहीं खो जाते। कार्यक्रम का समन्वयन गौतम बिंद्रा एवं जेनब माजिद द्वारा किया गया, जबकि मार्गदर्शन संकाय समन्वयक आर्किटेक्ट वैभव कुलश्रेष्ठ ने प्रदान किया। अंकित वर्मा, अनमोल कुमार श्रीवास्तव, अर्नव पांडेय, अर्नव सिंह, मनु सोनी, मयंक सिंह, मोहम्मद अब्दुल्ला, मोहम्मद बाकि र शम्शी, रजनेश कुमार, रितिक सिंह, साधना सरगम, साहिल सचान, सक्षम वर्मा, वैभवी सक्सेना, विप्लव सिंह, तिया बनर्जी एवं साक्षी गोपाल ने प्रदर्शनी में अपनी रचनात्मक फोटोग्राफी कृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर सावन शर्मा, दिव्यान्शी श्रीवास्तव, कुशाग्र, एकता, ताबिस अब्दुल्ला, गिरीश पाण्डेय, श्रीयक सिंह सहित संकाय के सभी प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं कला महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। समन्वयक वैभव कुलश्रेष्ठ के अनुसार इस प्रदर्शनी का उद्देश्य दृश्य कलाओं को प्रोत्साहित करना, वास्तुकला शिक्षा में अंतर्विषयी अध्ययन को बढ़ावा देना तथा युवा फोटोग्राफर्स को व्यापक दर्शकों के समक्ष अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है।

# सुपर कॉप के रोल में फिर तबाही मचायेंगे रणदीप हुड्डा

## 'इंस्पेक्टर अविनाश' सीजन 2 को प्रमोट करने शहर पहुंचे रणदीप हुड्डा व उर्वशी रौतेला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। नीरज पाठक द्वारा निर्मित रोमांचक क्राइम थ्रिलर 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन के साथ फिर से वापसी कर रहे हैं। एक्टर ने सीरीज में एक निडर पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया है। अपनी इसी वेब सीरीज को प्रमोट करने अभिनेता रणदीप हुड्डा गुरुवार को राजधानी लखनऊ पहुंचे। उनके साथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी मौजूद थीं। इस दौरान रणदीप हुड्डा ने अपनी वेब सीरीज को लेकर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि पहले भाग में दर्शकों ने 'इंस्पेक्टर अविनाश' को बहुत प्यार दिया था, उसी सफलता को देखते हुए इसका सीजन 2 लेकर हम दर्शकों के बीच आये हैं, आगे उन्होंने कहा कि दूसरे सीजन में दर्शकों को ढेर सारा एक्शन, थ्रीलर देखने को मिलेगा।

उत्तर प्रदेश के पूर्व सुपर पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा की सच्ची घटनाओं और जीवन से प्रेरित यह सीरीज एक बार फिर 1990 के दशक के अपराध के अंधेरे और खतरनाक संसार में उतरने के लिए तैयार है। इसी के साथ ही इसकी रिलीज डेट्स का भी खुलासा हो गया है। इंस्पेक्टर अविनाश 2 इसी महीने 15 मई से दर्शकों के लिए जिय हॉटस्टार पर स्ट्रीम करने लग जाएगी। इस सीरीज की कहानी 90 के दशक के उत्तर प्रदेश की याद दिलाती है, जब राज्य में माफिया राज, अपराध और हथियारों की तस्करी चरम पर थी। कहानी एक तेज तर्रार इंस्पेक्टर (रणदीप हुड्डा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक स्पेशल टास्क फोर्स की कमान सौंपी जाती है ताकि प्रदेश में हो रही गुंडागर्दी खत्म कर शांति स्थापित की जा सके। इसमें आपको जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलेंगे।

इंस्पेक्टर अविनाश अपने अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण मिशन को अंजाम देने के लिए लौटते हैं। पहले सीजन को मिली जबरदस्त सराहना और दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के दम पर, यह नया सीजन पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, दमदार और रोमांचक होने का वादा करता है। जियो स्टूडियोज द्वारा निर्मित और नीरज पाठक द्वारा निर्देशित इस सीरीज में उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, अभिमन्यु सिंह, रजनीश दुग्गल, शालिन भनोट और फ्रेडी दारूवाला जैसे दमदार कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आते हैं। 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश के अशांत परिवेश में रची गई इस नई सीजन में इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा के जीवन में एक ऐसा तूफान खड़ा हो जाता है जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ राजनीतिक भी है। उनके बेटे पर हत्या का आरोप लगने और उनकी शादी टूटने की कगार पर होने के कारण अविनाश को एक ऐसी लड़ाई लड़नी पड़ती है जो पुलिस की वर्दी से कहीं आगे तक जाती है। इंस्पेक्टर अविनाश की भूमिका निभाने वाले रणदीप हुड्डा कहते हैं, इस सीजन में अविनाश को उसके मूल स्वरूप में दिखाया गया है। वह अब सिर्फ. अपराध से नहीं लड़ रहा, बल्कि अपने परिवार, अपनी सच्चाई और अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। कहानी का दायरा बड़ा है, एक्शन जबरदस्त है और भावनाएँ कहीं ज्यादा गहरी हैं। यह एक बेहद रोमांचक अनुभव है। इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2 का हिस्सा होने के नाते उर्वशी रौतेला ने कहा, इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2 पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, दमदार और धमाकेदार है। एक्शन, भावनाओं और अप्रत्याशित मोड़ों से भरपूर इस कहानी का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हर दृश्य रोमांच को एक नए स्तर पर ले जाता है। इतने बड़े शो के लिए जियोहॉटस्टार के साथ साझेदारी करना शानदार रहा है, और मैं दर्शकों को हमारे द्वारा तैयार किए गए रोमांच और ड्रामा का अनुभव कराने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

# मोहब्बत के रंगों से भरा इरा टाक का उपन्यास 'प्यार के इस खेल में'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूं तो इश्क के कई रंग होते हैं लेकिन फिर भी उसे सुर्ख. से ही जोड़ा जाता है, इस किताब की शुरूआत में ही लेखिका इरा टाक ने लिखा है कि वो सारे रंगों को मोहब्बत से जोड़ती हैं। ठीक अपने कहे की तरह ही लेखिका ने इस उपन्यास में प्रेम के तमाम रूपों को दिखाने की कोशिश की है। पहले प्रेम टोनी से से धोका खाती नायिका त्रिशा जो एक डॉक्टर भी है, जिसे उस विरह से निकलने में समय लगता है। उसके पीछे दीवानगी की हद तक पड़ा एक आशिक राहुल और एक शख्स और है - विक्रांत जो किसी और शहर में आईपीएस अफसर है लेकिन त्रिशा का शांति से, एक परिपक्वव प्रेमी की तरह की प्रेम करता है। वो प्रतीक्षा करता है लेकिन जुनूनी नहीं होता। लेकिन त्रिशा कोई अपरिपक्व लड़की नहीं है लेकिन भावनात्मक रूप से उलझी हुई है। इसके जीवन में आए तमाम रिश्ते उसी उलझन की प्रतिकृति हैं। किताब आज के युवाओं को खास पसंद आएगी, चूंकि उसमें वे सारे फैक्टर हैं जो आज की सिचुएशनशिप और रिलेशनशिप में होते हैं। चाहें सोशल मीडिया पर एक्स की स्टॉकिंग हो या फिर चीट करने के बाद भी बिना ग्लानि के मूव ऑन कर जाना। कुछेक गलत रिश्तों के जूझने के बाद सही रिश्ते पर भी अविश्वास से भर जाना। लेकिन एक ऐसा व्यक्ति उसे मिलता है जो उसे जज नहीं करता, उसका दोस्त अधिक रहना चाहता है, भावनाएं काबू में रखता है लेकिन प्रेम की असल परिभाषा जानता है। दरअसल लेखिका ने उस पात्र के जरिए ही प्रेम का वास्तवित सूत्र पकड़ाने की कोशिश की है। फिर अंत में जीत तो उसी प्रेम की होती है जो प्रेम है, जिसमे प्रतीक्षा है, धैर्य है, जो परिपक्व है, जिसमें बदले में कोई चाहना नहीं है, सिर्फ.एकतरफा चाहत है।

यह किताब प्रेम को किसी आदर्श या स्वप्नलोक की तरह नहीं, बल्कि एक ऐसे अनुभव की तरह देखती है जिसमें उम्मीद, भय, आत्मसम्मान और असुरक्षा, सब साथ-साथ चलते हैं। किताब की भाषा सरल और प्रवाहमयी है। यही वजह है कि यह बोझिल नहीं लगती, बल्कि पाठक को सहज रूप से अपने साथ बहा ले जाती है। प्रेम, दोस्ती, अकेलापन और आत्मसम्मान जैसे विषय आसानी से बयां हो जाते हैं। खास तौर पर आज के कोरपोरेट जमाने में। कुल मिलाकर, प्यार के इस खेल में उन पाठकों के लिए एक सधी हुई, संवेदनशील और आसानी से पढ़ी जाने वाली किताब है, जो रिश्तों की उलझनों, टूटते-जुड़ते भरोसे और प्रेम की वास्तविकताओं को समझना चाहते हैं। यह किताब याद दिलाती है कि प्यार कोई सीधा रास्ता नहीं, बल्कि ऐसा खेल है जिसमें पाने और खोने से ज्यादा खुद को समझ पाना मायने रखता है।

# डालीगंज रामलीला के जनक नहीं रहे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। डालीगंज इलाके की सबसे प्राचीन मौसमगंज रामलीला के वरिष्ठ कलाकार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुरलीमनोहर त्रिपाठी का गुरुवार को निधन हो गया। करीब 85 वर्षीय मुरली मनोहर ने रामलीला रंगमंच पर लगभग 25 साल तक राजा जनक का किरदार निभाया इसके अलावा उन्होंने सुग्रीव और रावण का भी किरदार निभा चुके हैं उनके निधन से रामलीला समिति ने गहरा दुख व्याप्त है। शंकर चौराहा उनके आवास से सुबह पार्थिक शरीर रामलीला मैदान लाया गया जहां पर रामलीला के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सुरेश श्रीवास्तव, राजेश त्रिपाठी, पीयूष निगम, आशीष प्रकाश, रवि चौरसिया आदि लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। त्रिपाठी जी के निधन पर पत्रकार मधुर मोहन तिवारी, विनय नाग ने गहरा दुख व्यक्त किया है। बाद में गुलाला घाट पर गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# संचारी भाव, विभाव, अनुभाव से रस की उत्पत्ति होती है : डॉ. सुनील कुमार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गुरुवार को बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के परिसर में व्याख्यान- सह प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र., लखनऊ रहे, जिन्होंने दृश्य कला के सौन्दर्य तत्वः नृत्य के संदर्भ में विषय के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस व्याख्यान के अंतर्गत उत्कृष्ट वक्ता ने अपनी कला एवं विचारों के माध्यम से श्रोताओं के समक्ष सौंदर्य सिद्धान्तों पर चर्चा की। उन्होंने बताया संचारी भाव, विभाव, अनुभाव से रस की उत्पत्ति होती है। रस अंततः आनन्द देने वाला है, कला का कार्य आनन्द कराना है। नर्तक अकथ्य को कथ्य करता है। मैं (अहं) भाव समाप्त होने पर ही कलाकार कला की सम्पूर्णता को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रो० माण्डवी सिंह जी, संस्थान की अध्यक्ष, डॉ. कुमकुम धर जी एवं उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेष तिवारी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की प्रषिक्षिका डॉ. उपासना दीक्षित द्वारा किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में सहभागिता की। यह व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा।

## कार्यालय नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी

पत्रांकः 90/मु.का./2026-27 दिनांक : 07.05.2026

**सार्वजनिक सूचना**

उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान, खुली जगह (विनियम और नियंत्रण) नियमावली 2005 में निहित व्यवस्था के अनुसार नगर पंचायत बंकी सीमान्तर्गत स्थित पार्क/खेल के मैदान/ओपेन स्पेस की सूची एतद्‌द्वारा आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है। जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | पार्क/खेल के मैदान/ओपेन स्पेस | क्षेत्रफल (वर्ग मी.) |
|---|---|---|
| 1 | वेस्ट टू वण्डर पार्क | 150 |
| 2 | गोसाईपुरवा पार्क | 4400 |

उक्त सूची के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना हो तो प्रकाशन के दिनांक से तीन माह के अन्दर विहित प्राधिकारी को सम्बोधित करते हुए अपनी आपत्ति या सुझाव प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय कार्यालय/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कार्यालय कलेक्ट्रेट बाराबंकी अथवा नगर पंचायत बंकी बाराबंकी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बंकी**
**बाराबंकी**

# गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर कई विभूतियां सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बंगीय नागरिक समाज द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर (टैगोर) की 165वीं पावन जयंती का आयोजन आज को दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक किया गया। यह कार्यक्रम नव-निर्मित रवीन्द्र उपवन में आयोजित हुआ, जो हिंदी संस्थान, एम.जी. मार्ग, डीएम आवास (हजरतगंज) के सामने स्थित है।

हर वर्ष की भांति, गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की विशाल प्रतिमा पर दोपहर 12 बजे माल्यार्पण किया गया। यह माल्यार्पण समाज के संरक्षक एवं प्रख्यात समाजसेवी श्री सुधीर हलवासिया जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वंदे मातरम का सामूहिक पाठ किया गया तथा मिठाइयों का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के नाम पर एक-एक पौधा रोपित किया गया। दोपहर 3 बजे से काव्य पाठ तथा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के मूल्यवान कार्यों पर वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर रत्ना बापुली, डॉ. माधवी मिश्रा, विजय कुमारी मौर्य, मुकेशनंद, कृष्णानंद श्री, डॉ. शरद पांडेय, शशांक, प्रवीण कुमार शुक्ल (गोबर गणेश), एस.के. मिश्रा भ्रमर बैसवारी तथा संजय मेहरोत्रा हमनवा, रामराज भारती, दिनेश सोनी, सुश्री भारती पायल तथा सुश्री ज्योति किरण रतन ने अपने विचार व्यक्त किए। शाम 6 बजे सेरा बांगाली (अमूल्य बांगाली) सम्मान निम्नलिखित को प्रदान किया गया जिसमें बादल चटर्जी, नितिन डे, अशोक डे, ए.के. सक्सेना, किशोर डे, निहार डे, डॉ. यू.के. मुखर्जी, आई.एस. भट्टाचार्य, असीम रॉय पंकज बोस को दिया गया। वरिष्ठ नागरिक सम्मान कृष्णानंद श्री, डी.के. पाल, प्रवीण कुमार शुक्ला गोबर गणेश, एस.सी. चौबे, एस.सी. जोहरी को दिया गया। इसी के साथ मिट्ठू रॉय, डॉ. उत्तम मुखर्जी और सोनाली मित्रा गोस्वामी ने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की रचनाओं (कविताओं/गीतों) का भावपूर्ण और त्रुटिरहित पाठ (रवींद्र आवृत्ति) प्रस्तुत किया। गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर को समर्पित पावन आदरांजलि कार्यक्रम का भव्य आयोजन शाम 7 बजे दीपदान कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य दीपदान कार्यक्रम में उपरोक्त गणमान्य व्यक्तियों के साथ समाज के पोशक सुधीर हलवासिया, समाज के सह पोशक रोहित अग्रवाल, डॉक्टर जे. बी घोष, रुपेश मंडल, हरीश चन्द दत्ता, डॉक्टर वी. के. दत्ता, एस.एन. पाल, ज्योत्सना सिंह, मालविया दत्ता, हर्ष कुमार, ए.के. बोस, पी. के. श्रीवास्तव, अनूप शरण सिंह, विजय कुमारी मौर्या, सज्जन तिवारी, रीना चैटर्जी, दीपक हलधर, सी.ए. नरेश चंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद्र सिंघल एवं पाल प्रवीन इन सभी ने अपनी उपस्थिति से महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य संयोजक पी.के. दत्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ उत्तर प्रदेश सरकार से निवेदन किया गया कि शीघ्र से शीघ्र लखनऊ में एक मार्ग जो हनुमान सेतु से डालीगंज की ओर जाता है, वंदे मातरम्‌ के नाम से किया जाए एवं इस मार्ग पर वंदे मातरम्‌गीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की मूर्ति स्थापित की जाए। एवं एक मार्ग फैजुल्ला गंज वार्ड नंबर 1 को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज के नाम से किया जाए। यह दोनों मांगें उत्तर प्रदेश सरकार एवं लखनऊ की मेयर सुश्री सुषमा खरकवार के पास पहले से ही लंबित हैं। कार्यक्रम का अंत गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर रचित जन गण मन (हमारा राष्ट्रीय गान) के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

संक्षेप

## सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**जौनपुर**। अलग- अलग स्थान पर हुए सड़क हादसे में दो की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाशों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी 65 वर्षीय सोमनाथ गौतम पैदल ही इसी थाना क्षेत्र के फूलपुर के गांव पास सामान लेने गए थे। वापस आते समय बुलेट से टक्कर कर गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान रात लगभग 11 बजे उनकी मौत हो गई। दूसरी तरफ गुरुवार सुबह प्रतापगढ़ जनपद आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के किलाई ढकवा गांव निवासी 25 वर्षीय आनंद गौतम पुत्र विजय साथी विपिन उम्र लगभग 22 वर्ष दोनों मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के गोविंदपुर डी फार्मा की परीक्षा देने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह बदलापुर पहुंचे ही थे कि टायर में कुछ फस गया जिसके चलते वह बाइक लेकर गड्ढे में गिर गए। नतीजतन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को 108 नंबर एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल लाया गया यहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात आनंद की हालत गंभीर देखकर बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन वाराणसी 108 नंबर एंबुलेंस द्वारा उसे ले जा रहे थे कि रास्ते में ही आनंद ने दम तोड़ दिया। घायल साथी विजय का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में परिजनों को सूचना हुई तो सभी जिला अस्पताल पहुंच गए।

## अवैध तमंचा व कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**मड़िहान/मीरजापुर**। मड़िहान थाना क्षेत्र से पुलिस ने धनन्जय चौहान पुत्र राम दुलार चौहान निवासी ग्राम अटारी थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजा गया।

## अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मड़िहान/मीरजापुर**। थाना संतनगर पुलिस ने क्षेत्र से विमलेश पुत्र मोतीलाल निवासी ददरी राजा थाना संतनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 पाउच अवैध देशी शराब बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गश्त के दौरान पुलिस टीम ने विमलेश को गिरफ्तार कर 60 आबकारी अधिनियम में अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## डीएम ने किया स्व-गणना का शुभारंभ

**आजमगढ़**। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी रविंद्र कुमार ने गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में स्व-गणना का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने कम्प्यूटर से स्व-गणना पोर्टल पर सभी जानकारी भरा। शुभारंभ के मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी ऑनलाइन स्व-गणना किया। स्व-गणना के 15 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार यानि 7 मई से राजस्व एवं प्रशासन जन प्रतिनिधि दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के साथ जनपदवासी भी स्व-गणना के माध्यम से अपना स्वतः पोर्टल पर सभी जानकारियां दे सकेंगे।

# पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा में डीएम सख्त

## खराब प्रगति पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश



**सोनभद्र**। डीएम चर्चित गौड़ ने गुरुवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकर्स एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सीडीओ जागृति अवस्थी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं बैंक समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान डीएम ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को दिए जाने वाले ऋण वितरण एवं नवीन आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम किस्त में रु.15,000, द्वितीय किस्त में रु.25,000 तथा तृतीय किस्त में रु.50,000 तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। डीएम ने लोन डिस्बर्समेंट एवं नवीन आवेदनों की धीमी प्रगति पर संबंधित बैंक अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों पर तत्काल निर्णय लेते हुए अविलंब ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स के आवेदन कराए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान नगर पंचायत अनपरा, ओबरा, रेणुकूट एवं रॉबर्ट्सगंज की प्रगति असंतोष जनक पाए जाने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अधिक से अधिक आवेदन सुनिश्चित किए जाएं तथा नगर क्षेत्रों के विस्तारित इलाकों में संचालित सभी स्ट्रीट वेंडर्स को योजना से जोड़ते हुए आवेदन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसकी समीक्षा शासन स्तर पर सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की जाती है। जिले की रैंकिंग आवेदनों एवं ऋण वितरण के अनुपात के आधार पर निर्धारित होती है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्रेकर पर बाइक उछलने से नीचे गिरी बुजुर्ग महिला, हुई मौत

**मीरजापुर**। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी क्षेत्र के बरौंधा कोरांव संपर्क मार्ग स्थित बरौंधा नहर पर गुरुवार शाम चार बजे के करीब ब्रेकर पर बाइक उछलने से बाइक सवार महिला नीचे गिर पड़ी। गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार हेतु सीएचसी लालगंज ले जाया गया जहां चिकित्सक ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी शिव नारायन मौर्य अपनी 65 वर्षीया मां राज कुमारी को बाइक पर पीछे बैठाकर बरौंधा बाजार दवा कराने ले जा रहे थे जैसे ही बरौंधा बाजार से पहले नहर के पटरी पर बने रोड के ब्रेकर पर बाइक पहुंची तो ब्रेकर पर बाइक उछलने से असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ी। जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आ गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस सेवा पर फोनकर घायल महिला को उपचार हेतु लालगंज सीएचसी भेजा। जहां अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने घायल महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी बरौंधा संजय कुमार ने बताया कि बाइक से नीचे गिरने से प्रयागराज जिला निवासी महिला की मौत हो गई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## कृषि स्नातको के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

**जौनपुर**। उप निदेशक कृषि के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि स्नातकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा किसानो को गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश के साथ-साथ कृषि प्रसार सेवाये उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना संचालित है। जनपद में निवास करने वाले बेरोजगार जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा कृषि व्यवसाय प्रबन्धन-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन, जो किसी राज्य केन्द्रीय विवि या किसी अन्य विवि से डिग्रीधारी है, जो आईसीएआर/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हो, पात्र होंगे। आयु 40 वर्ष से अधिक न हो, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओ को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट। जनपद स्तर पर डीएम/सीडीओ की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयन किया जायेगा। आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन कृषि विभाग की विभागीय वेबसाइड पर दिये गये लिंक के माध्यम से आन्लाईन किया जायेगा। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 मई निर्धारित है। आवेदन करने हेतु कोई भी शुल्क देय नही होगा।

## सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क स्थापना को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



**सोनभद्र**। डीएम चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में जनपद में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क की स्थापना एवं गेल कंपनी द्वारा संचालित वितरण योजना के सुचारू क्रियान्वयन तथा प्रभावी संचालन के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं गेल कंपनी के प्रतिनिधियों से जनपद में गैस पाइपलाइन नेटवर्क विस्तार, घरेलू गैस कनेक्शन, औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपयोग हेतु गैस आपूर्ति व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित समयावधि में कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना से आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम ईंधन उपलब्ध होगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि गैस पाइपलाइन बिछाने एवं अन्य कार्यों में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक अनुमतियों एवं प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं गेल कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश दबोचा गया

**जौनपुर**। शहर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जब पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक बदमाश कटघरा की तरफ से तूतीपुर पीपा पुल होते हुए ताड़तला की ओर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तूतीपुर चैराहे पर घेराबंदी शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध युवक बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह बाइक मोड़कर भागने लगा। इसी दौरान बाइक फिसलकर गिर गई और बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि गोली प्रभारी निरीक्षक की कनपटी के पास से निकल गई। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान नफीस पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी सिपाह थाना कोतवाली, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा .315 बोर, जिंदा और खोखा कारतूस, नगदी व एक मोबाइल बरामद किया है।

## दो बच्चों के साथ महिला लापता, परिजन परेशान

**जौनपुर**। जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव की एक महिला अपने दो बच्चों साथ 18 अप्रैल को लापता हो गयी। अभी तक उसका पता नही चल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया। पति किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित है। अहमदपुर के निवासी अजीत कुमार सिंह वाराणसी के फूलपुर में स्थित एक कंपनी में मजदूरी का कार्य करता है। 18 अप्रैल को वह कम्पनी में कार्य कर रहा था। उसी रात को अजीत की पत्नी मुस्कान सिंह तथा बड़ा पुत्र अखिलेश 12 वर्ष एवं पुत्री अंजली 10 वर्ष घर से लापता हो गए। जानकारी होने पर अजीत ने दो दिन तक अपने रिश्तेदारों में पता करने की कोशिश किया। वह अपनी आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र के ठकुरई गांव में स्थित ससुराल में भी पता किया। फिर भी कोई जानकारी नहीं मिली। 20 अप्रैल को अजीत में पत्नी तथा बच्चों के गायब होने की सूचना थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस सुष्टि जैन को दिया। पुलिस ने तीनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लिया। अजीत अपने परिवार के गायब होने की पीड़ा को लेकर थाने का चक्कर लगा रहा है। मामले में सहयोगी सहयोगी थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि गुमशुदगी का मामला दर्ज है। तीनों की खोजबीन की जा रही है। जल्द ही मुस्कान के साथ बच्चों को बरामद कर लिया जाएगा।

# पूर्व सांसद उमाकांत मिश्र की मनायी गयी पुण्यतिथि

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर**। क्षेत्र के कठार (बेलन बरौंधा) गांव में बृहस्पतिवार को पूर्व सांसद पंडित उमाकांत मिश्र की बारहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा के साथ विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। चचेरे भाई देवदत्त मिश्र व भतीजे शशिदेव मिश्र तथा इंद्रदेव मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि निवेदित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा संपन्न पूर्व सांसद पंडित उमाकांत मिश्र जीवन पर्यंत सर्व धर्म समभाव की राजनीति करते रहे। बताया कि उन्होंने सांसद रहते हुए दिल्ली की लोकसभा में विसुद्ध संस्कृत भाषा में लंबा भाषण देकर सबको चकित कर दिया था। बसपा नेता जगत शास्त्री ने कहा कि पंडित उमाकांत मिश्र विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।

उन्हों ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन लोकहित के लिए समर्पित था। कांग्रेस नेता राजेश नारायण तिवारी ने कहा कि पंडित जी सेवा और समर्पण की राजनीति करते थे। कहा कि उन्होंने राजनीति को कभी भी उपभोग की वस्तु नहीं समझा। अखिलेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि सर्व समाज की चिंता करने वाले पूर्व सांसद पंडित उमाकांत मिश्र के प्रयास से ही अदवा, मेजा तथा बरौंधा जलाशय का निर्माण संभव हुआ। अमिताभ पांडेय ने कहा कि पंडित उमाकांत मिश्र का सादगी पूर्ण राजनैतिक जीवन आज के राजनीतिज्ञों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम संयोजक यूथ कांग्रेस पूर्वी उत्तर प्रदेश के महासचिव अनुराग मिश्र ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। हलिया, लालगंज, छानबे तथा नगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए हुए लोगों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सपा ने कसा तंज, ड्रमंडगंज घाटी हादसे में बीजेपी कर रही राजनीति

- आर्थिक सहायता से कहीं ज्यादा किया जा रहा प्रचार
- योगी-नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगी चेक सौंप क्या दर्शाना चाहते हैं बीजेपी के जनप्रतिनिधि : देवी चौधरी



**मीरजापुर**। ज़िले के ड्रमंडगंज घाटी में दस लोगों की वाहन में जलकर हुई दर्दनाक मौत के बाद सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों को प्रदान किए गए आर्थिक सहायता राशि के चेक पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने कड़ी आपत्ति जताई है। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा है कि यह सहायता कम सरकार का प्रचार ज्यादा है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा मिजार्पुर के ड्रमंडगंज घाटी में पिछले दिनों दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले परिजनों के घर के पहुंचे सत्ता के जनप्रतिनिधि जो पीड़ितों को चेक दे रहे हैं वह आर्थिक सहायता कम प्रचार ज्यादा लग रहा है। काफिले के साथ पहुंच कर घर वालों को मोदी योगी की तस्वीर वाला चेक थमाया गया है, मायूस परिजनों को नगर विधायक एवं छानबे विधायिका प्रतीकात्मक चेक हाथों में थमाकर फोटो खींचवाते नजर आ रहे जो एक निंदनीय कदम है। उन्होंने तंज कसा कि यदि चेक देना ही था तो ओरिजिनल देना चाहिए था और इस दुःख की घड़ी में फोटो बाजी ना होता तो अच्छा रहता। समाजवादी पार्टी इस फोटो को लेकर निंदा करती है। बता दें कि पिछले दिनों जिले के अंतिम छोर पर स्थित ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर बोलोरो और कार की ट्रक ट्रेलर में भिड़ंत से आग लगने से कुल 12 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें कार और बोलोरो सवार दस लोगों को वाहन से बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिल पाया था सभी वाहन के अंदर ही जलकर दमतोड़ चुके थें।

# नपा अध्यक्ष ने मोबाइल ऐप से भरी अपनी जनगणना नगर वासियों से की 'स्वगणना' की अपील



**सोनभद्र**। डिजिटल इंडिया के संकल्प को मजबूती देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मोबाइल ऐप के माध्यम से अपना 'स्वगणना' फॉर्म सफलतापूर्वक सबमिट किया। इस पहल के जरिए उन्होंने न केवल तकनीक को अपनाया, बल्कि पूरे नगर के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण भी पेश किया।

फॉर्म सबमिट करने के बाद अध्यक्ष महोदय ने समस्त नगर वासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग करने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह हमारे शहर के भविष्य की योजनाओं, बेहतर सुविधाओं और विकास का आधार है।

**तकनीक का लाभ:** उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे जनगणना ऐप का उपयोग कर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें, जो कि अत्यंत सरल और सुरक्षित है।

**सटीक जानकारी :** सही डेटा से ही सरकार जन-कल्याणकारी नीतियां बना पाती है, इसलिए हर परिवार अपनी सही जानकारी साझा करे।

**सहयोग का आह्वान :** उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने पड़ोसियों और बुजुर्गों को डिजिटल फॉर्म भरने में मदद करें।

रूबी प्रसाद का कहना है कि सटीक जनगणना से ही हमारे नगर के विकास की सही रूपरेखा तैयार होगी। मेरी अपील है कि सभी नगर वासी जिम्मेदारी निभाते हुए स्वगणना फॉर्म जरूर भरें। रूबी प्रसाद नगर पालिका अध्यक्ष की इस सक्रियता की हर तरफ प्रशंसा हो रही है, जिससे उम्मीद है कि नगर में डिजिटल जनगणना को लेकर उत्साह बढ़ेगा।

# भाजपा प्रत्याशी नितिन विजयी 51 मत निरस्त, 11 से हुई जीत

- बुन्देलखण्डी वार्ड 36 का उपचुनाव

**मीरजापुर**। स्थानीय नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 36 बुन्देलखण्डी सदस्य पद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नितिन केसरवानी ने जीत दर्ज की। मतगणना पूरी होने के बाद घोषित अंतिम परिणाम में भाजपा प्रत्याशी को 709 मत प्राप्त हुए। निर्दल प्रत्याशी रवि टंडन को 698 तथा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नागेंद्र तिवारी को 636 मत मिले। निर्दलीय दाऊ दयाल को 216 मत प्राप्त हुए। नोटा के पक्ष में 5 मत पड़े।

मतगणना के दौरान कुल 2315 मतों की गिनती की गई, जिनमें 51 मत निरस्त घोषित किए गए। कुल वैध मतों की संख्या 2264 रही। इससे पहले मंगलवार को हुए मतदान में कुल 40.97 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। कुल 5651 मतदाताओं में से 2315 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इनमें 1318 पुरुष और 997 महिला मतदाता शामिल रहीं। मतदान के लिए कुल सात बूथ बनाए गए थे। सात चक्रों में मतगणना किया गया। बूथ संख्या 232 स्थित बंदा बैरागी प्राथमिक पाठशाला धुंधी कटरा पर सर्वाधिक 561 वोट पड़े, जबकि बूथ संख्या 231 भारतीय शिशु मंदिर नारघाट पर सबसे कम 119 मतदाताओं ने मतदान किया। प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अधिकारियों ने मतदान और मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के कार्यकाल का यह पहला चुनाव था।

## चेयरमैन ने निःशुल्क प्याऊ का कराया शुभारंभ




**चोपन/सोनभद्र**। बढ़ती गर्मी और तेज धूप से आमजन एवं यात्रियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को बस स्टैंड पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया जिसका नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने विधिवत फीता काटकर एवं जल वितरण कर प्याऊ सेवा की शुरूआत कराई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में यात्रियों, राहगीरों, मजदूरों एवं आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्याऊ केंद्र पर प्रतिदिन आरओ का शुद्ध ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा तथा लोगों को गुड़ के साथ पानी पिलाने की व्यवस्था भी की गई है, जिससे गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्य लगातार किए जा रहे हैं और आगे भी आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। प्याऊ शुभारंभ के दौरान उपस्थित लोगों ने अध्यक्ष की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस स्टैंड पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, ऐसे में निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। इस मौके पर सभासद नरेश यादव, सुशील साहनी, नागेंद्र यादव, अनिकेत रावत, अरुण कुमार, राधारमन पांडेय, मैनेजर शर्मा इत्यादि लोगों उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**आजमगढ़**। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मकसूदिया गांव के पास बलिया-लखनऊ राजमार्ग पर गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार निजामाबाद थाना क्षेत्र के खतीरपुर गांव निवासी 28 वर्षीय सनी विश्वकर्मा पुत्र हरिहर विश्वकर्मा अपनी ससुराल भादी, शाहगंज (जौनपुर) से गुरुवार सुबह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मकसूदिया गांव के पास मोड़ पर आजमगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप से उनकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सनी विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही फूलपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की फरियाद

**आजमगढ़**। सगड़ी तहसील सभागार में गुरुवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न संबंधित मामलों की जनसनुवाई की गई। जनसुनवाई में लोगों की सुबह से भीड़ लगी थी। महिला आयोग की सदस्य ने फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिए। महिला उत्पीड़न, महिला हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं की सुनवाई हुई। इसी के साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए बासूपार बनकट में जागरूकता चैपाल का आयोजन किया गया।

## मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, दूसरा फरार

**जौनपुर**। जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर रुस्तम घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। , उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। रुस्तम पर जौनपुर और आजमगढ़ में लूट, चोरी और हत्या के प्रयास सहित एक दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। यह घटना गुरुवार रात बरसठी और रामपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई। पुलिस के अनुसार बरसठी थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव और रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार अपनी टीम के साथ परियत तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बिना नंबर प्लेट की काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक पर दो संदिग्ध युवक आलमगंज की तरफ से आ रहे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने महमूदपुर बैरी पट्टी तिराहे पर घेराबंदी कर दी। संदिग्ध बाइक मौके पर पहुंची, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान बाइक चला रहा बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका दूसरा साथी झाड़ियों के रास्ते भाग निकला। घायल बदमाश की पहचान सहाबुद्दीनपुर, थाना गौराबादशाहपुर निवासी रुस्तम पुत्र मुस्लिम के रूप में हुई। पुलिस ने घायल रुस्तम के कब्जे से एक 32 बोर का देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी रुस्तम पर जौनपुर और आजमगढ़ के कई थानों में लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित एक दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# बहराडोल क्षेत्र में हाई स्कूल खोलना सरकार की सराहनीय पहल

- आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों को मिलेगी उच्च शिक्षा
- 1 अप्रैल से कक्षा 9 में नामांकन शुरू अब गांव में ही मिलेगी दाखिला

**दुद्धी, सोनभद्र**। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के आदिवासी दुर्गम आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र बहेराडोल में सरकार द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय को उच्चीकृत करके हाई स्कूल खोले जाने की पहल कि ग्रामीण जमकर सराहना कर रहे है। दुर्व्यवस्थाओं व शिक्षा की व्यवस्थाओं को देखते हुए लोगों को शिक्षित होने के लिए सरकार ने प्राइमरी उच्च प्रा. विद्यालय के द्वारा बच्चों के पठन-पाठन हेतु विद्यालयों का संचालन दुरूह क्षेत्र में भी चलता रहता है आपको बता दे कि इसी क्रम में कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाओं में पढ़ने हेतु, इन क्षेत्रों के बच्चों को दूर दराज जाना पड़ता था, जिसके चलते परिजन लड़कों को पढ़ने हेतु भेज देते थे परंतु बेटियों को कक्षा 8 पढ़ाई करने के बाद ज्यादातर उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे, इन्हीं समस्याओं को देखते हुए सरकार ने बहेराडोल में राजकीय हाई स्कूल हेतु चमचमाती नए भवन का निर्माण कराया है। जिसे लेकर 1 अप्रैल से बच्चों के पठन-पाठन हेतु प्रवेश प्रारंभ है।

इस विद्यालय की देखरेख प्रधानाचार्य के रूप में अमर सिंह द्वारा की जा रही है, लेकिन क्षेत्र में विद्यालय खुलने और बच्चों के प्रवेश होने को लेकर खुशी का माहौल है वहीं विद्यालय में व्यवस्थाओं के अभाव में शिक्षण कार्य नहीं हो पा रहा है। गुरुवार को जब इसकी जमीनी हकीकत को जाना गया तो बच्चों ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित अन्य कार्यालय के बाहर ताला लटक रहा है वही फर्श पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, बिल्डिंग तो पूरी तरह से नई बनाकर चमचमा रही है परंतु विद्यालय में बैठने हेतु फर्नीचर और विद्युत बल्ब पंखा सहित बाउंड्री वॉल एवं शौचालय सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाया है, यह सब विद्यालय के लिए नितांत आवश्यक है वही पानी पीने के लिए भी पानी टंकी तो लगाई गई है लेकिन विद्युत व्यवस्था नहीं होने के कारण हम लोगों को अपनी दूर से जाकर लाना पड़ता है विद्यालय में अभी लगभग 50 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया है, बच्चों ने सरकार द्वारा गांव में राजकीय हाई स्कूल बनवाए जाने के लिए धन्यवाद व्यापित किया है साथ ही साथ यह भी मांग किया है कि विद्यालय में पढ़ने के लिए शिक्षकों की भी नियुक्ति जल्द से जल्द की जाए जिससे हम सभी विद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई कर सके इस संबंध में प्रधानाचार्य अमर सिंह ने बताया कि विद्यालय में सारी व्यवस्थाएं निर्माण कार्य की हो चुकी है।

1 अप्रैल से प्रवेश भी प्रारंभ हो गया है हम लोगों के द्वारा दरवाजे दरवाजे जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है कि वह अपने बच्चों का दाखिला राजकीय हाई स्कूल बहेरा डोल कारण और बच्चों को प्रतिदिन पढ़ने हेतु विद्यालय में भेजें, साथ ही साथ यह भी बताया कि बच्चों के पानी पीने एवं शौच करने हेतु शौचालय अपूर्ण है साथी साथ कार्यालय प्रधानाचार्य कार्यालय सहित अन्य रूम में तारे लटक रहे हैं जो की संबंधित कारवाई संस्था के ठेकेदार द्वारा अधूरा पड़ा हुआ है इसी कारण शौचालय चालू नहीं है और विद्यालय में विद्यालय में अन्य व्यवस्थाएं नहीं हो पाई हैं उन्होंने कहा कि शौचालय बच्चों हेतु जल्द से जल्द निर्माण करा कर चालू कराया जाए वहीं पानी पीने की व्यवस्था के लिए बिजली व्यवस्था होने अत्यंत आवश्यक है।

संक्षेप

## पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा।** जिले में गुरुवार सुबह पुलिस और कुख्यात बावरिया गिरोह के बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के इनामी दो डकैत मारे गए, जबकि पुलिस के दो जवान भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए बदमाशों की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू (35) निवासी भरतपुर, राजस्थान तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू (55) निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य थे और लंबे समय से डकैती, लूट तथा हत्या के प्रयास जैसी वारदातों में वांछित चल रहे थे। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप तेंटीगांव अंडरपास के पास उस समय हुई, जब पुलिस टीम संदिग्ध बाइक सवारों की घेराबंदी कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## महाराणा प्रताप जयंती पर होगा भव्य आयोजन

**चौमुहां,मथुरा।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्र गौरव के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर 9 मई को मथुरा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संयुक्त आह्वान करणी सेना मथुरा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा किया गया है। आयोजन प्रातः 9 बजे महाराणा प्रताप पार्क में होगा कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा का दूध एवं दही से अभिषेक किया जाएगा। साथ ही समाज के लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शिरोमणि के आदर्शों को याद किया जाएगा। आयोजकों ने इसे समाज की एकता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा आयोजन बताया है। आयोजकों ने समस्त क्षत्रिय समाज एवं सवर्ण समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति एवं वीरता से ओतप्रोत नारों और संदेशों के माध्यम से युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया जाएगा आह्वानकर्ताओं में करणी सेना मथुरा के प्रदेश सचिव एडवोकेट कन्हैया सिंह राजावत एवं भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा सामलिया ग्रुप वृंदावन के चेयरमैन ठाकुर यशवीर सिंह प्रमुख रूप से शामिल हैं।

वृंदावन क्षत्रिय महासभा द्वारा आगामी 22 मई को क्षत्रिय शिरोमणि मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा का आयोजन तीर्थनगरी में किया जा रहा है। गुरुवार को दुसायत मोहल्ला स्थित अंतर्यामी मंदिर पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने शोभायात्रा के विषय में जानकारी दी। वृंदावन क्षत्रिय महासभा के जितेंद्र सिंह राणा ने बताया इस बार महाराणा प्रताप की शोभायात्रा में प्रस्तुत की जा रही सर्व समाज की विविध झांकियां हमारे सनातन धर्म की एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त प्रतीक होंगी। जिसमें भगवान श्रीरामचंद्र, महर्षि परशुराम, महाराज अग्रसेन, महर्षि वाल्मीकि एवं निषादराज जैसी महान विभूतियों की झांकियां शोभायात्रा में शामिल होंगी। जो हमारे समाज के प्रत्येक वर्ग, परंपरा और महापुरुषों के माध्यम से हमारे सांझे इतिहास को प्रतिबिंबित करेंगी।

# कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा रोकने के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन



**मथुरा।** रजि. वक्फ संख्या 899 कब्रिस्तान मोहल्ला मालियान मुहाल बरामद छावनी सदर बाजार में नगर निगम द्वारा हो रहे लगातार खसरा संख्या 66 कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा करने के प्रयास को लेकर कब्रिस्तान की प्रबंध समिति की सचिव व वक्फ कॉर्डिनेटर डॉ शबनम कुरैशी के साथ क्षेत्रीय मुस्लिम समाज व कमेटी के पदाधिकारी के साथ महोदय जिलाधिकारी को नगर निगम के खिलाफ शिकायती पत्र देकर ज्ञापन सौंपा गया वक्फ कॉर्डिनेटर ने बताया कि क्षेत्रीय पार्षद संजय अग्रवाल की मिली भगत से नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा बिना विधिक प्रक्रिया के कब्रिस्तान की जमीन खसरा संख्या 66 पर निगम अपना कब्जा करने का प्रयास कर रहा है जिस कब्रिस्तान की जमीन खसरा संख्या 66 पर नगर निगम अपना कब्जा करना चाहती है वह जमीन जिव्हा खाना की है जिव्हा खाना पूर्वजों के समय में कब्रिस्तान के अंदर चार दिवारी में मौजूद थासैकड़ों वर्ष से जिव्हा खाने की जमीन पर मुर्दे दफनाएं जाते सैकड़ों वर्ष पुरानी कब्रें मौजूद है इस खसरा संख्या 66 की जमीन पर नगर निगम के पास कोई दस्तावेज मौजूद नहीं है यह कब्रिस्तान सैकड़ो पर पुराना रेवेन्यू अभिलेखों में 3.8 के रूप में दर्ज है जो कि उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ में भी 899 पर पंजीकृत वक्फ संपत्ति है एवं केंद्र सरकार की उम्मीद पोर्टल पर भी दर्ज हो चुकी है सचिव डॉ .शबनम कुरैशी ने बताया कि कब्रिस्तान के सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी पत्र संख्या 963 ए/बी आई पी सी 2024, 2025

3 सितंबर 2024 को कब्रिस्तान की जांच टीम उप जिला अधिकारी मथुरा तहसीलदार सदर मथुरा सी.ओ चकबंदी मथुरा की जांच टीम गठित की गई थी उभय पक्षों की सुनते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया लेकिन उक्त कब्रिस्तान की आज तक कोई अभी अभिलेखीय जांच नहीं हो पाई जब तक कब्रिस्तान की जिला मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार अभिलिखित जांच नहीं हो जाती तब तक कब्रिस्तान की जांच लंबित रहने तक मौके पर यथा स्थिति बनाए रखी जाएं निगम का अवैध अवैध रूप से कब्जा ना किया जाए इसी के साथ यह भी बताया कि खसरा संख्या 66 जिव्हा खाने की भूमि नगर निगम अपनी बताता है तो निगम के पास इस जमीन के साक्ष्य मौजूद नहीं है जबकि उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसले में समर्पित की गई भूमि हमेशा कब्र गाह ही रहती है ऐसी भूमि का उपयोग बदला नहीं जा सकता ऐसी भूमि का उपयोग मृतकों के दफन के लिए किया जाता रहा हो उसे वक्फ ही माना जाएगा ऐसी भूमि को वापस लेने का अधिकार निगम या सरकार का नहीं हो सकता। कब्रिस्तान पर निरंतर निगम द्वारा कब्रिस्तान के कब्जे के प्रयास को लेकर मुस्लिम समुदाय का जबरन उत्पीड़न किया जा रहा है मुस्लिम धार्मिक भावना को लगातार ठेस पहुंचाई जा रही है।

# आगरा में कोऑपरेटिव गोदाम घोटाले पर डीएम का सख्त रुख

- जांच रिपोर्ट न मिलने तक सात अफसरों की सैलरी रोकी, गोदाम बने ही नहीं, पैसा हजम

**आगरा।** सहकारी समितियों के गोदाम निर्माण में करोड़ों के कथित घोटाले पर आखिरकार प्रशासन हरकत में आ गया है। किसान नेताओं की शिकायत पर मंडलायुक्त स्तर से कड़ा संज्ञान लिए जाने के बाद जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बड़ा कदम उठाते हुए सात अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी है। स्पष्ट आदेश दिया गया है कि जब तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाएगी, तब तक किसी भी अधिकारी को वेतन नहीं मिलेगा। 29 अप्रैल 2026 को जारी इस आदेश ने संबंधित विभागों में खलबली मचा दी है और लंबे समय से दबे मामले में नई हलचल पैदा कर दी है। मामले की जड़ में 7 जनवरी 2025 को तत्कालीन डीएमअरविंद मालपा बंगारी द्वारा 21 गोदामों की टीएसी जांच के दिए गए आदेश हैं। आरोप है कि पूरे 15 महीनों तक न तो जांच पूरी की गई और न ही कोई अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए पहुंचा। इसी लापरवाही को लेकर किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने अपर आयुक्त से शिकायत की थी। अपर आयुक्त ने डीएम को कार्रवाई के लिए लिखा था। डीएम द्वारा जिन अधिकारियों के वेतन पर रोक लगाई गई है, उनमें सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि आगरा, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग और सहायक अभियंता पीएमजीएसवाई (आरईडी) आगरा शामिल हैं। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी शिकायत में कहा कि सहकारी समितियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा करीब 4 करोड़ 12 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत में गोदाम बने ही नहीं। कुछ अधूरे पड़े हैं तो कुछ का काम ही शुरू नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से पूरा पैसा हड़प लिया गया। प्रशासनिक जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। तत्कालीन एसीएम द्वितीय और एसीएम चतुर्थ द्वारा की गई एक जांच रिपोर्ट के अनुसार जिस फर्म को ठेका दिया गया, वह पूरी तरह फर्जी पाई गई। फर्म के दस्तावेज, एफडीआर, आधार कार्ड तक नकली निकले। इतना ही नहीं, इस फर्जीवाड़े के आधार पर टेंडर जारी किया गया। इस मामले में अप्रैल 2025 में केस दर्ज किया गया था और आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

# रेल महाप्रबंधक ने किया टूंडला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**टूंडला।** रेलवे महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने टूंडला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टूंडला यार्ड एवं रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होने उप मंडलीय चिकित्सालय टूंडला तथा एनसीआर कॉलेज टूंडला का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं आधारभूत संरचना की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने वर्तमान गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर कूलर एवं वाटर वेंडिंग मशीनों की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों के लिए पेयजल की समुचित एवं निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल, सचिव महाप्रबंधक अखिल शुक्ला, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ. शिवम शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरि मोहन, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ अभिलय कुमार उप मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति यूनिट दीपक भारद्वाज डिप्टी सीटीएम अमित आनंद एसएस टूंडला सुजीत कुमार अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विकास प्राधिकरण के अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ चलाया ध्वस्तीकरण अभियान

**शिकोहाबाद।** विकास प्राधिकरण फिरोजाबाद के द्वारा अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। विकास प्राधिकरण के अभियान से अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया। मिथलेश फौजी शत्रुधन सहित अन्य लोगों द्वारा किशनपुर रोड़, सैययद के पीछे अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। जिसमें भू स्वामियों द्वारा बिना विकास प्राधिकरण के नक्शा पास कराए ही 15000 वर्ग मी के भूखण्ड पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। सभी को नोटिस जारी किए थे। जिसके बाद विकास प्राधिकरण ने 5 दिसंबर 2025 को ध्वस्तीकरण आदेश दिए। गुरुवार को विकास प्राधिकरण के द्वारा अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण किया गया। इस दौरान विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर बिना शासन की स्वीकृति के अवैध प्लॉटिंग की तो मामले में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान के दौरान विकास प्राधिकरण के विनोद कुमार पाण्डेय, अकरामुद्दीन, राकेश तौमर, प्रदीप कुमार, धनेश कुमार, बेअन्त सिंह अभियन्ता आदि लोग मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने किया डिजिटल जनगणना का शुभारंभ, खुद का विवरण दर्ज कर की शुरुआत

**फिरोजाबाद।** जनपद में गुरुवार को डिजिटल जनगणना के महाअभियान का विधिवत शुभारंभ हो गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में पोर्टल पर सबसे पहले अपना व्यक्तिगत विवरण दर्ज कर स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की और इस अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इतिहास में पहली बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा डिजिटल तकनीक अपनाने से न केवल डेटा संकलन में सटीकता आएगी बल्कि इससे समय की भी काफी बचत होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह डेटा भविष्य में राष्ट्र के विकास और सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। डीएम ने अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों और प्रगणकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे घर घर जाकर सर्वे करते समय संवेदनशीलता बरतें। उन्होंने कहा कि टीम यह सुनिश्चित करे कि जिले का कोई भी व्यक्ति या परिवार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने आम जनता से भी इस राष्ट्रीय कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का विवरण दर्ज होना अनिवार्य है ताकि देश की प्रगति का खाका सही आंकड़ों के साथ तैयार किया जा सके।

## राष्ट्रीय अदालत 9 मई को लेकर जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**फिरोजाबाद।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. बब्बू सारंग की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गये तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर विशेष बल दिया गया, जिससे आमजन को त्वरित, सुलभ एवं सस्ता न्याय प्राप्त हो सके ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव योगेश शिवा ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देव दत्त द्वारा समस्त विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से एसपी नगर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ए.आर.टी.ओ.कर निर्धारण अधिकारी, एसीएमओ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर निगम सहित समस्त बीडीओ और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एआरटीओ ने चलाया स्कूली वाहनों की सुरक्षा और यातायात नियमों के लिए अभियान

**मथुरा।** मथुरा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद मथुरा के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों द्वारा स्कूली वाहनों की सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन हेतु एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।




जनपद में 95 परमिट समाप्त स्कूली वाहन, 54 फिटनेस समाप्त वाहन तथा 88 ऐसे वाहन संचालित हैं जो 15 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध आज प्रातः 6 बजे से शुरू हुए अभियान के दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रथम दल) सतेन्द्र कुमार, संदीप चौधरी (यात्री मालकर अधिकारी) एवं पूजा सिंह (यात्रा मालकर अधिकारी) ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चेकिंग की। विभाग द्वारा पूर्व में भी स्कूल संचालकों को नोटिस प्रेषित किए जा चुके थे, इसके बावजूद कतिपय विद्यालयों द्वारा वाहनों के प्रपत्रों का नवीनीकरण नहीं कराया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 04 परमिट समाप्त स्कूली वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया साथ ही 06 स्कूली वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश राजपपूत ने स्पष्ट किया कि यदि सुधार नहीं किया गया तो भारी जुमार्ने के साथ वाहन का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा। जनपद के मुख्य चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान पाया गया कि कई वाहन स्वामियों ने कंपनी द्वारा प्रदत्त मानक साइलेंसर हटाकर अवैध आफ्टर-मार्केट साइलेंसर लगवाए थे, जिससे अत्यधिक तीव्र ध्वनि उत्पन्न हो रही थी। ऐसे 11 दोपहिया बुलेट के विरुद्ध मॉडिफाइड साइलेंसर लगे होने के कारण मोटर वाहन अधिनियम की धारा 52 के उल्लंघन में चालान किया गया तथा उनके पंजीयन को 3 माह के लिए निलंबित कर दिया गया है साथ ही प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले 24 वाहनों के विरूद्ध भी चालान की कार्यवाही की गयी।

# मेरे सपने में आये प्रेमानंद महाराज, ग्लैमर की दुनिया छोड़ राधे-राधे जप रही ये एक्ट्रेस



**मथुरा।** मुंबई की भागदौड़ और शोबिज की चकाचैंध को पीछे छोड़ते हुए एक एक्ट्रेस ने एक ऐसा अलग ही रास्ता चुन लिया। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके सपने में प्रेमानंद महाराज आए थे और उनको वृंदावन बुलाया। अब वे वृंदावन में रहती हैं और मानती हैं कि यह उनका फैसला नहीं, बल्कि श्रीजी और ठाकुर जी की विशेष कृपा है। उन्हें मायानगरी से खींचकर इस पवित्र भूमि पर बुलाया।

एना की आध्यात्मिक यात्रा मुंबई में बालाजी टेलीफिल्म्स के एक एक्टिंग कोर्स के दौरान शुरू हुई थी, वह दोस्तों के साथ पहली बार इस्कॉन मंदिर गईं। वहां भगवत गीता का ज्ञान सुनकर उन्हें समझ आया कि भगवान के नाम का जाप ही जीवन का उद्धार कर सकता है। इसी दौरान उन्होंने सात्विक जीवनशैली अपनाई और प्याज-लहसुन छोड़ दिया। अपने करियर में एना ने सावधान इंडिया और देखा एक ख्वाब जैसे टीवी शो में काम किया था। अरुणा ईरानी जैसी दिग्गज अदाकारा के साथ काम करते हुए चिक्की के किरदार से उन्हें काफी पहचान मिली. सफलता मिलने के बावजूद वे सुकून की तलाश में थीं और कई रातें रोते हुए गुजार देती थीं। उन्हें अहसास हुआ कि मुंबई की जिंदगी केवल दिखावे की है।

वृंदावन आने के बाद एना के रहन-सहन और विचारों में बहुत बड़ा बदलाव आ गया है। आज वह मुंबई के फैशनेबल कपड़ों की जगह बिल्कुल साधारण वस्त्र पहनना पसंद करती हैं। उनके गले में हमेशा तुलसी की माला और कानों में तुलसी के कुंडल नजर आते हैं। माथे पर राधावल्लभ संप्रदाय का खास तिलक हमेशा सजा रहता है। एना के जीवन का सबसे बड़ा आध्यात्मिक मोड़ तब आया जब वे गुरु की तलाश में बेचैन थी। बहुत घबराहट के दौर से गुजरते हुए उन्होंने श्रीजी से सही मार्गदर्शन मांगा। उनकी यह पुकार सुनी गई और संत प्रेमानंद महाराज उनके सपने में आए। महाराज जी ने उन्हें सपने में ही नाम जप का गुरु मंत्र दिया।

# नकली दवा की शिकायत पर मेडिकल एजेंसी पर छापा

- टीम को छह दवाएं मिलीं संदिग्ध, बिक्री पर लगायी रोक

**आगरा।** टीम ने दवाओं की खरीद-बिक्री के रिकार्ड मांगे तो मेडिकल एजेंसी संचालक उपलब्ध नहीं करा पाए। इस पर जांच के लिए दवाओं के नमूने लिए गए। साथ ही दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। औषधि विभाग की टीम ने नकली दवाओं की बिक्री की शिकायत पर फव्वारा स्थित श्री मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा। यहां छह घंटे तक रिकार्ड खंगाले। इसमें दवाओं की खरीद-बिक्री के बिल में गड़बड़ी मिली। पेट दर्द, एलर्जी समेत अन्य मर्ज की छह दवाएं संदिग्ध मिली हैं। इनके नमूने लिए हैं। दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि नामी कंपनी ने शिकायत की कि उनके ब्रांड की एंटी एलर्जिक, पेट दर्द और हड्डी रोग की नकली दवाएं कम्मू टोला स्थित श्री मेडिकल एजेंसी पर बेची जा रही हैं। इस पर औषधि निरीक्षक नवनीत यादव और नीलेश शर्मा के साथ फव्वारा के कम्मू टोला स्थित श्री मेडिकल एजेंसी पर दोपहर करीब दो बजे छापा मारा। यहां मौके पर संचालक सुरेंद्र गुप्ता मिले। कंप्यूटर समेत अन्य रिकार्ड की भी जांच की। इनमें गड़बड़ी मिली। भंडारण और बिक्री के रिकार्ड का मिलान किया तो इसमें भी भारी अनियमितताएं मिलीं। दवाओं की खरीद-बिक्री के रिकार्ड मांगे तो वह सभी उपलब्ध नहीं करा पाए। इस पर ऑक्सालजिन डीपी की विभिन्न सैंपल की चार नमूने लिए। ये पेट दर्द की दवा है। सेटिजन टैबलेट एंटी एलर्जिक और प्रीमोल्ट एन टैबलेट हड्डी रोग में उपयोग की जाती है। इन दोनों के एक-एक नमूने लिए हैं। गड़बड़ी और संदिग्ध दवाओं को देखते हुए दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। नोटिस देकर बिल के रिकार्ड मांगे हैं। कार्रवाई रात आठ बजे तक चली।

## डीएम ने किया नीब करौली बाबा की जन्मस्थली का निरीक्षण, विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को जनपद के नागऊ स्थित नीब करौली बाबा की जन्मभूमि पर चल रहे पर्यटन विकास कार्यों और मल्टीपरपज हॉल के निर्माण का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन मल्टीपरपज हॉल के कमरों और अन्य ढांचों का जायजा लेते हुए यू.पी. प्रोजेक्ट लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि इसे श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए खोला जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा नीब करौली की यह पावन भूमि लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। बाबा ने मानवता और सेवा का जो संदेश दिया है, यह स्थान उस प्रेरणा को जीवित रखने का माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 865.98 लाख रुपये है, जिसका 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में मल्टीपरपज हॉल का स्ट्रक्चर तैयार है और प्लास्टर व फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है। इस पर्यटन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डॉरमेट्री, डिजिटल लाइब्रेरी, लैंडस्केप, हॉर्टिकल्चर साइनेज, कल्चरल म्यूरल वॉल, साउंड सिस्टम और ए.सी. सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि इन सुविधाओं के क्रियाशील होने से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## व्यापार मंडल ने पदाधिकारी विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम से मिले

**शिकोहाबाद।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को डीएम संतोष कुमार शर्मा से मिले। इस दौरान व्यापारियों ने मार्च माह सब्जी मंडी में भीषण आग से तीन कपड़ा कारोबारियों का करीब एक करोड़ से अधिक के हुए नुकसान को लेकर डीएम को अवगत कराकर उन्हें मुआवजा दिलाने की मांग की। इस दौरान जिलाधिकारी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही शासन के दिशा निदेर्शों के क्रम में समाधान कराया जाएगा। व्यापारियों ने सुभाष तिराहा, एटा चौराहा, मैनपुरी चौराहे पर अवैध रूप से प्राइवेट वाहनों के खड़े होने से होने वाले हादसों को लेकर कदम उठाने की मांग की। इसके साथ ही रोडवेज बसों के खड़े होने से लगने वाले जाम के बारे में बताया। वाहनों के खड़े होने से ट्रैफिक व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि निकलना दुश्वार हो जाता है। नगर क्षेत्र के बाजारों में अवैध रूप से विभिन्न कब्जे की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी संतोष कुमार ने ट्रैफिक की समस्या के लिए भी टीम गठित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल मैनेजर, अजय मित्तल प्रिंस जैन अरुण गुप्ता अरविंद गुप्ता अखिलेश शर्मा अजहरुद्दीन मृदुल गुप्ता, सियाराम प्रजापति दिनेश राठौर आदि व्यापारी मौजूद थे।

## प्रीपेड के विरोध में कबाड़ हो गये स्मार्ट मीटर

**आगरा।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर का विरोध भारी पड़ गया। किसे भारी पड़ा है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। लगभग 1000 से 1500 स्मार्ट मीटरों को नुकसान पहुंचा है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) के उपभोक्ताओं ने विरोध करते हुए उन्हें उखाड़ कर उपकेंद्र से लेकर सड़क पर पटक दिया। जिससे वे अब किसी लायक नहीं बचे हैं। दोबारा लगाए जाएंगे। कब लगाए जाएंगे। क्या उनका संबंधित उपभोक्ता से चार्ज वसूला जाएगा। अभी तक ऐसे सवालों का किसी के पास कोई जवाब नहीं है। लगभग आठ करोड़ के स्मार्ट मीटरों को नुकसान पहुंचा है। जिले में डीवीवीएनएल के लगभग पांच लाख उपभोक्ता हैं। जिनमें से 1.70 लाख उपभोक्ताओं के यहां पर स्मार्ट मीटर लगा दिए। कुछ समय बाद संबंधित उपभोक्ताओं को मैसेज भेजकर उन्हें प्रीपेड मोड में बदल दिया। इसके बाद धीरे धीरे कर विरोध शुरू हुआ। पहले री-चार्ज कराए जाने के बाद समय पर बिजली न मिलने को लेकर हुआ। जिसकी भेंट अलीगढ़ के मुख्य अभियंता चढ़ गए। उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके बाद मथुरा में भी परेशानी हुई। इस समस्या से उबरे भी न थे कि अधिक बिल की समस्या आने लगी। उपभोक्ताओं का कहना है कि दोगुणा तक बिल आने लगा। इसके विरोध में सबसे पहले मुखर विरोध अकोला से शुरू हुआ। यहां से छलेसर पहुंचा। इसके बाद फतेहाबाद, बाह और अन्य क्षेत्रों में विरोध हुआ। इस विरोध की भेंट लगभग एक हजार से 1500 मीटरों को नुकसान पहुंचा। जिनकी कीमत लगभग आठ करोड़ बताई जा रही है। जिन उपभोक्ताओं ने मीटर उखाड़ कर सड़क पर फेंक दिए। अब उनके यहां पर कब मीटर लगेंगे। कौन लगाएगा। यह अभी तक निश्चित नहीं हो सका है। बिना मीटर के ही बिजली जल रही है। इस संबंध में मुख्य अभियंता डीवीवीएनएल कपिल सिंधवानी ने बताया कि अभी इस संबंध में कोई निर्णय नहीं हो सका है। स्मार्ट मीटर की कीमत लगभग आठ हजार है। जिसे पुराने मीटरों के स्थान पर निश्शुल्क लगाया जा रहा है।

# मातृ दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** वृंदावन परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में प्राथमिक वर्ग द्वारा सुदर्शन सभागार में मातृ दिवस समारोह अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में माताओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता कर समारोह को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। तत्पश्चात संस्कृत वंदना हुई। प्राथमिक वर्ग की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती रितु रानी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। इसके उपरांत बरखा शर्मा ने मातृ दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए माँ के महत्व को भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त किया। नर्सरी से प्रथम कक्षा तक के बच्चों ने ह्लमम्मा सॉन्गह्व पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं द्वितीय से



पंचम कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा ह्ललाडो सॉन्गह्व पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र एवं मनोरंजक गतिविधियों ने सभी को आनंदित किया। समारोह की मुख्य अतिथि मथुरा की जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे एवं जिला रोजगार अधिकारी सुश्री सुगंधा जैन रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय श्री विद्या परिषद, विद्या भारती ब्रज प्रदेश की प्रदेश निरीक्षक श्रीमती प्रेमा पानू उपस्थित रहीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में माँ को ईश्वर का वरदान बताते हुए मातृ शक्ति के महत्व, भारतीय संस्कृति में माँ के स्थान तथा संस्कारयुक्त शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आयोजित ह्लवॉक ऑन द स्टेजह्व प्रतियोगिता में माताओं ने अपने बच्चों के साथ आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं फायरलेस कुकिंगह्व प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिना आग के स्वादिष्ट एवं रचनात्मक व्यंजन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक शिवेन्द्र गौतम ने माताओं के योगदान की सराहना करते हुए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। हेडमिस्ट्रेस श्रीमती रितु रानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वंदे मातरम्के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर तनिशा शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा, रविन्द्र सिंह, अरुण दीक्षित, राहुल शर्मा, शैलेन्द्र गोयल, हरिबल्लभ शर्मा, मनोज गौतम, आशना अरोड़ा, मानसी शर्मा, वर्षा अग्रवाल, मनु दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# एमएसएमई को मदद

भारत सरकार ने पिछले सप्ताह जो निर्णय लिए है वे संकेत देते हैं कि पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव से निपटने के लिए आवश्यक समायोजन किए जा रहे हैं। पिछले सप्ताह कुछ ईंधन श्रेणियों की कीमतों में बदलाव किया गया, जिससे तेल विपणन कंपनियों और सरकार को अपने वित्तीय नुकसान को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। हालांकि, ऊंची ईंधन कीमतें और गैस की सीमित उपलब्धता छोटे और मध्यम उद्यमों समेत कारोबारी जगत को प्रभावित कर रही हैं। महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग में व्यवधान को देखते हुए, व्यवसायों को मांग से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। अनिश्चितता की इस अवधि से कंपनियों को उबरने में मदद करने के लिए, केंद्र सरकार ने मंगलवार को आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस 5.0) की घोषणा की। इस योजना का लक्ष्य सूक्ष्म लघु और मझोले उपक्रमों यानी एमएसएमई को 100 फीसदी ऋण गारंटी और गैर एमएसएमई उपक्रमों को 90 फीसदी गारंटी मुहैया कराना है। इसके अतिरिक्त विमानन क्षेत्र को एक खास सुविधा प्रदान करने का इरादा है। योजना के अंतर्गत पात्र व्यवसायों को 2025-26 की मार्च तिमाही में उनकी अधिकतम कार्यशील पूंजी उपयोग के 20 फीसदी तक अतिरिक्त ऋण मिलेगा। यह अतिरिक्त ऋण




अधिकतम 100 करोड़ रुपये तक सीमित होगा। विमानन क्षेत्र में कंपनियां कुछ शर्तों के अधीन 1,500 करोड़ रुपये तक का ऋण ले सकेंगी। विमानन क्षेत्र विशेष रूप से एयर टरबाइन ईंधन की कीमतों में वृद्धि और अन्य कारकों से प्रभावित हुआ है। इसके चलते कुछ मामलों में परिचालन में कमी आई है। सरकार के अनुमान के अनुसार, यह योजना लगभग 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह सक्षम करेगी, जिसमें 5,000 करोड़ रुपये विमानन क्षेत्र के लिए होंगे। राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के माध्यम से दी जाने वाली ऋण गारंटी फर्मों की तत्काल नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। ऋण गारंटी के कारण बैंक ऋण देने में कम हिचकिचाएंगे। खासतौर पर एमएसएमई को ऋण देने में उनकी हिचकिचाहट कम होगी। छोटे उद्यमों के पास आमतौर पर ऐसे बाहरी झटकों से निपटने के लिए वित्तीय सुरक्षा नहीं होती। वित्तीय सहायता के अभाव में उनके बंद होने का खतरा रहता है जिसे टालना आवश्यक है। एक बार जब कंपनियां व्यवसाय से बाहर हो जाती हैं, तो उन्हें पुनर्जीवित करना हमेशा कठिन होता है। इसलिए यह महत्त्वपूर्ण होगा कि सरकार ऋणदाताओं और अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर इस योजना के क्रियान्वयन पर सावधानीपूर्वक निगरानी रखे। यदि संकट बना रहता है, तो आवश्यक हस्तक्षेप करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। वर्तमान स्थिति में निश्चित रूप से यह कहना कठिन है कि पश्चिम एशिया का संकट वास्तव में कब समाप्त होगा। हालांकि यह आशा फिर से जागी है कि शत्रुता जल्दी समाप्त हो जाएगी। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका और ईरान सक्रिय रूप से समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ है और बुधवार को शेयर बाजारों में वृद्धि देखी गई। संघर्ष का शीघ्र समाधान और होर्मुज स्ट्रेट का दोबारा खुलना अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है। वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा इस स्ट्रेट से होकर गुजरता है और दो महीने से अधिक समय तक प्रवाह लगभग पूरी तरह रुक जाने से भंडार में उल्लेखनीय कमी आई है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले हफ्तों में तेल का भंडार घट सकता है जिससे तेल की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि होर्मुज स्ट्रेट को जल्द से जल्द खोला जाये। फिर भी यदि आने वाले दिनों में कच्चे तेल और गैस के प्रवाह को बहाल करने के लिए कोई समझौता हो भी जाता है, तो भी ईसीएलजीएस फर्मों की मदद करेगा क्योंकि ईंधन विशेषकर गैस की कीमत और उपलब्धता को आवश्यक स्तर तक पहुंचने में समय लगेगा।

---

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

# जीवंत होगी विध्वंस से सृजन तक की यात्रा



नरेन्द्र मोदी

**सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है।**



वर्ष 2026 की शुरूआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंद पाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमार पाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की।

### जय सोमनाथ

महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नये उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। इसी समय सरदार पटेल की 125वीं जयंती भी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी ने इसे और भी गरिमापूर्ण बना दिया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं। पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्र्यंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है।

आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

**(प्रधानमंत्री श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं)**

---

सोशल मीडिया

जनगणना–2027 के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई... पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक इस अभियान का हिस्सा बनेगा। सीएम योगी.



देश की आधी आबादी मतलब महिलाओं की सबसे बड़ी प्रबल और प्रतिष्ठित प्रतिनिधि से मिलकर आज संघर्ष की राजनीति को नयी ऊर्जा और नयी ऊंचाई मिली है। अखिलेश यादव



जिस प्रकार हिंसामुक्त शांतिपूर्ण चुनाव के बाद टीएमसी ने अनर्गल आरोपों को मुद्दा बना कर सर्वोच्च न्यायालय जाने का प्रयास किया। यह बौखलाहट का प्रमाण है। सुधांशु त्रिवेदी.



# दुख के कारण

सांसारिक सुख-सुविधाएं हमे लुभाती हैं। विषय भोग की लिप्साएं मनुष्य को आकर्षित करती हैं। उनको कर्तव्य पथ से विमुख कर अपने में समाहित कर लेती हैं। मनुष्य जब विषय भोग में फंस जाता है तो फिर उसका निकलना बहुत मुश्किल होता है। विषयों में फंसकर मनुष्य अपने जीवन का उद्देश्य भूल जाता है या उससे भटक जाता है। यही कारण है कि ऋषि मुनियों ने मनुष्य को जीवन पथ पर दृढ़ता से अडिग रहते हुए मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। संसार के अधिकांश दुखों का कारण सांसारिक विषयों की कामनाएं और भोग लिप्सा ही होती है। इससे पीड़ित व्यक्ति के लिए वास्तव में यह संसार दुख कानन है। दुख से घिरे हुए व्यक्ति के अंदर केवल एक ही विचार कार्य करता है कि वह निरीह और घृणास्पद है। अन्य व्यक्ति न उसके प्रति आकृष्ट होते हैं और न हार्दिक संवेदना ही प्रकट करते हैं। और तो और उसका स्वयं अपने ही ऊपर से विश्वास हट जाता है। बात यही है कि दूसरों से न उसे सहसयता मिलती है न सांत्वना। पर उसके मन से यह बात अलग नहीं होती कि शायद किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसे दुख से छुट्टी मिल जाये। दुख के अवसर पर मन से किसी प्रकर की सहायता नही मिलती। क्योंकि उसकी अनर्गल इच्छाएं ही दुख उत्पन्न करती हैं। इच्छाओं से उत्पन्न सुख का तो वह आलिंगन करता है पर दुख के उपस्थित होने पर उसका कुछ सुने बिना ही वह उसे भगा देना चाहता है। परिस्थितियों के अनुकूल होने पर यदा-कदा उसे अपनी चाल में सफलता मिल जाती है ओर बुद्धि निस्सहाय होकर सुषुप्ति अवस्था में चली जाती है। दुख के विषय पर गंभीर विचार करने में असमर्थ हो जाती है। मन के चक्र में फंसा हुआ प्राणी इस प्रकार अधिक काल तक दुख भोगता रहता है। एक के बाद दूसरा इस प्रकार कितने ही जीवन ऐसे ही नष्ट हो जाते हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दुख की घड़ी उपस्थिति होने पर उस पर विचार करते हैं और सत्संग का आश्रय लेते हैं लेकिन अधूरे विचार और बाहरी सत्संग से उन्हें लाभ नहीं होता। क्योंकि उसमें भी दुख भोगने के अतिरिक्त उनका कोई दूसरा अभिप्रायः नहीं होता। दुख पर विचार नहीं रहता। उनका मन सदा इधर-उधर भटकता रहता है और दूसरों की बातों में दुख से छुटकारा पाने के लिए समाधान खोजता है, जो उसे कभी नहीं मिलता है। कारण वह अपने इन्द्रिय सुखों को छोड़ना नहीं चाहता। दुख के अवसर जीवन में बार-बार आते हैं और जब-जब आते हैं, तब तब मनुष्य को गहरी चोट पहुंचाते हैं। मनुष्य उससे तिलमिला उठता है, रोता और चिल्लाता है। पश्चाताप करता है और उसके मन में भोगों से मुंह मोड़ने की भी इच्छा होती है, लेकिन पुरानी आदत अवसर आने पर उसे भोग भोगने के प्रति पुनः प्रवृत्त कर देती है।

अंतर्दृष्टि

# सड़कों में गहरे-गहरे गड्ढे बनायें

व्यंग्यलोक

उत्तम नगर मोहल्ला विकास संसद सदस्यों ने जिला कलेक्टर को विज्ञापन प्रस्तुत कर मोहल्ले में चली आ रही विभिन्न समस्याओं की ओर आक्रोश प्रकट किया। संसद के शिष्टमंडल ने कहा कि मोहल्ले में पिछले 6 माह से लगातार चोरियां नहीं होने से मोहल्ले की पूरे शहर, जिले एवं राज्य में भारी बदनामी हुई है। इधर चोरों के नहीं आने से समाज और जिले में ये संदेश गया है कि उत्तम नगर मोहल्ला वासी भिखमंगे, गरीब व भुक्कड़ टाइप के जंतु हैं। कलेक्टर साहब से अनुरोध है कि वे शीघ्र ही चोरों की व्यवस्था कराएं ताकि चोर आएं और नियम पूर्वक नियमित रूप से चोरी करें। जिससे मोहल्ले का देश-दुनिया में नाम हो। चोरों के नहीं आने से मोहल्ले के बच्चों के सगाई-संबंध भी नहीं हो रहे हैं। इससे मोहल्ले का सामाजिक ढांचा भरभरा कर गिर गया है। साथ ही शिष्टमंडल ने मोहल्ले की चिकनी-चुपड़ी और सीधी-सपाट सड़कों के बारे में भी शिकायत की है। चिकनी-चुपड़ी सड़कों से मोहल्ले के लोगों को बहुत भारी परेशानी होने लगी है। मांग की कि सड़कों में शीघ्र ही जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे बनवाए जाएं। अगर सड़क में गड्ढे होंगे तो चोर इन गड्ढों में छुपकर अपने कर्म को बेहतर ढंग से संपादित कर पाएंगे। साथ ही शिकायत की कि मोहल्ले में खंभों पर चकाचक सोडियम लाइटें भी लगी हुई हैं। इससे मोहल्ले में रात्रि में भी दिन का आभास होता है। इस वजह से चोर भाई भी अपने चोर्य कर्म को संपादित नहीं कर पा रहे हैं। इन चकाचक लाइटों की वजह से मोहल्ले के युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। पहले बहुत अच्छा होता था जब मोहल्ले में घनघोर अंधेरा हुआ करता। सड़कों पर बेहतरीन गड्ढे हुआ करते। इस घनघोर अंधेरों में मोहल्ले के युवा, अधेड़ एवं बुजुर्ग वर्ग अपने प्रेम प्रदर्शन का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम यहीं संपन्न किया करते। मौके-बेमौके सड़कों में बने गड्ढों में छुप कर प्रेम प्रबंधन कार्य को और आगे बढ़ाते। इन सुविधाओं के अभाव में बेचारों को अब डिजिटली प्रेम करना पड़ रहा है। इन्हीं गड्ढों में छुप कर चोर महाशय अपना कार्यक्रम भी संपादित करते। बरसात के दिनों में गड्ढों में मोहल्ले वासी अपनी नावें भी चलाया करते। सरकार ने बदबूदार बजबजाती नालियों की सुविधा भी हमसे छीन ली है। चोरों संग कुत्ते और शराबी भाई इन नालियों के सहारे पूरी रात काट लिया करते थे। सरकार ने ये सारी सुविधाएं छीन ली है। उत्तम नगर के साथ सौतेला व्यवहार करने पर नागरिकों ने आज ही सारी व्यवस्थाएं करने के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। मौके पर कलेक्टर साहब ने जिले के पुलिस अधिकारियों को बुलाकर उत्तम चोरों की व्यवस्था करने का भरोसा दिया। साथ ही नरक निगम के अधिकारियों को बुलाकर सड़कों में गड्ढे करवाने का निर्देश दिया।



रामविलास जॉंगिड़

# देश की स्पेस आधारित शक्ति को बढ़ाना जरूरी



सामयिक

**डॉ.अनिता राठौर**

कोई भी जंजीर उतनी ही मजबूत होती है जितनी कि खुद उसकी सबसे कमजोर कड़ी। इस तथ्य को पहलगाम घटना ने एक बार फिर याद दिलाया है, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में। यह सही है कि जिस अंदाज से पहलगाम में हमले को अंजाम दिया गया, उसकी पूर्व-सूचना शायद सैटेलाइट्स के माध्यम से प्रत्यक्ष तौर पर न मिल पाती, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पहले जो कुछ भारतीय सीमा के निकट घटित हुआ (या हो रहा है) उसकी जानकारी तो सैटेलाइट के जरिये हासिल हो ही सकती थी? इसलिए सरकार को भारत की स्पेस-आधारित क्षमताओं पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले राष्ट्र के रूप में भारत ने निरंतरता के साथ स्पेस में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है व लोहा मनवाया है, जैसा कि 1975 में आर्यभट्ट की लॉन्चिंग से लेकर चंद्रयान-3 का चांद के दक्षिणी ध्रुव के विजयी स्पर्श से जाहिर है।

इसके बावजूद भारत को इस असहज सत्य का भी सामना करना चाहिए कि उसकी सैन्य स्पेस क्षमताएं अपर्याप्त हैं और वह भी ऐसे समय में जब स्पेस तेजी के साथ भू-राजनीतिक वर्चस्व का अगला जंगी मैदान बनता जा रहा है। गौरतलब है कि साल 2020 में जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में घुसपैठ की थी, तब भारत ने सबसे पहले स्पेस-बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) की कल्पना की थी। देर से पहल की गई इस दीर्घकालीन योजना का उद्देश्य भारत की स्ट्रेटेजिक स्थितिगत जागरूकता को सैटेलाइट्स के समर्पित तारा मंडल से मजबूत करना था ताकि सशस्त्र बलों को सीमाओं की निगरानी व चौकसी करने में मदद मिल सके। जरूरी है कि इसरो व अन्य स्टेकहोल्डर्स एसबीएस कार्यक्रम को वरीयता दें, विशेषकर इसलिए कि भारत केवल 9 या 11 रक्षा सैटेलाइट्स ही ऑपरेट करता है, जबकि अमेरिका व चीन के पास 240 से अधिक के बेड़े हैं और रूस के पास 100 से अधिक रक्षा सैटेलाइट्स हैं। यह अंतर केवल संख्या का ही नहीं है बल्कि यह स्ट्रेटेजिक क्षमता में बुनियादी फासला है, चूंकि जो चीन के पास है, वह पाकिस्तान को स्वतः ही मिल जाता है। मसलन, हाल ही में पाकिस्तान को चीन के बेईडोउ नेविगेशन सिस्टम का ग्राउंड स्टेशन मिला। कहने का अर्थ यह है कि पाकिस्तान को चीन की सैन्य स्पेस क्षमताएं प्राप्त हैं, जबकि भारत के सशस्त्र बलों के पास समर्पित सैटेलाइट्स सिस्टम का अभाव है। रिसेट-2बी व जीसेट-7 सीरीज जैसे प्लेटफॉर्म्स विकसित करने के बावजूद भारतीय सेना के पास समर्पित सैटेलाइट सिस्टम नहीं है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा फ्रेमवर्क में चिंताजनक कमजोरी प्रतीत होती है। पहलगाम यादध्यानी करा रहा है कि नई दिल्ली को अपना एसबीएस नेटवर्क अपग्रेड कर लेना चाहिए। हालांकि वरिष्ठ रक्षा योजनाकारों व राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसीज ने एसबीएस पहल का समर्थन किया है और भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है 52 सैटेलाइट्स के साथ, जिसमें से 31 का निर्माण निजी उद्योग द्वारा होगा, लेकिन इन सैटेलाइट्स को वास्तव में ऑर्बिट में पहुंचाने के सिलसिले में मामूली सी ठोस प्रगति हुई है। यह चिंताजनक है क्योंकि निशाने, कम्युनिकेशन, लॉजिस्टिक्स व अर्ली वार्निंग सिस्टम्स के लिए आधुनिक युद्ध स्पेस आधारित एसेट्स पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। ग्लोबल पावर्स के पास सैटेलाइट्स का विशाल तारामंडल है, जिससे वह आशंकित टकराव क्षेत्रों का रियल-टाइम कवरेज कर लेती हैं, लेकिन अपने सीमित इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण भारत को अंधीगलियों का भी सामना करना पड़ता है। भविष्य के टकराव में 'देखने, समझने व प्रतिक्रिया' की क्षमताओं में अंतर ही निर्णायक साबित होगा। बजट आवंटन भी इतना ही चिंताजनक है। नासा का बजट 25 बिलियन डॉलर है, चीन का 18 बिलियन डॉलर और यूरोपीयन स्पेस एजेंसी का 7.7 बिलियन यूरो। इनके सामने भारत का 2 बिलियन डॉलर का स्पेस बजट बौना प्रतीत होता है। जहां तक रक्षा-स्पेस क्षमताओं की बात है तो 2024 में अकेले अमेरिका स्पेस फोर्स का वार्षिक बजट 30 बिलियन डॉलर था और अनुमान यह है कि चीन अपनी सैन्य स्पेस क्षमताओं में लगभग 10 बिलियन डॉलर का निवेश करता है। इसके विपरीत भारत का खर्च विभिन्न एजेंसीज में विभाजित रहता है, जिससे फोकस्ड निवेश नहीं हो पाता, जोकि जरूरी है काउंटर स्पेस सिस्टम्स, एंटी-सैटेलाइट्स डिफेन्स और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध हथियार विकसित करने के लिए।

## आपकी बात

### महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### योजनाओं में विलंब

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## नये प्रवर अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

अयोध्या। गुरुवार को नए प्रवर अधीक्षक डाकघर अयोध्या मण्डल का कार्यभार मनोज कुमार श्रीवास्तव ने ग्रहण किया। श्री श्रीवास्तव इससे पूर्व सहायक निदेशक (व्यवसाय एवं विकास) दिल्ली सर्किल, प्रवर अधीक्षक डाकघर कानपुर, प्रवर अधीक्षक रेल डाक सेवा कानपुर के पदों पर अपनी सेवाएँ दे चुके है श्री श्रीवास्तव सीनियर पोस्टमास्टर अयोध्या प्रधान डाकघर के पद से अयोध्या मण्डल का प्रभार सम्भाला है। प्रवर अधीक्षक डाकघर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जनता की सेवा करते हुए विभागीय योजनाओं का लक्ष्य पूरा करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है और श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सभी कर्मचारी अभी से ही इस वित्तीय वर्ष के लिए अपने क्षेत्र के जनता की सूची बनाकर दिए गये लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शतत प्रयास करें। परिवाद निरीक्षक भीम प्रसाद, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र सिंह, विनीत कुमार सिंह, हरिराम मौर्य, स्नेहा गुप्ता, अर्चना यादव, पल्लवी गुप्ता, निशा यादव आदि दर्जनों कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर नये प्रवर अधीक्षक डाकघर का स्वागत करते हुए खुशी व्यक्त किया।

# यूपी विकास की राह पर, 2027 में भी बनेगी भाजपा सरकारः ब्रजेश पाठक

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अयोध्या पहुंचने के बाद उन्होंने मीडिया से

- पश्चिम बंगाल की जनता बदलाव चाहती थी इसलिए भाजपा को मिली विजय

बातचीत में पुलवामा हमले की पहली वर्षगांठ पर शहीदों को नमन करते हुए भारतीय सेना के शौर्य की सराहना की।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान में छिपे आतंकियों को करारा जवाब देने का कार्य किया। उन्होंने इसे गौरवशाली क्षण बताते हुए कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद के आकाओं को पूर्ण रूप से ध्वस्त करने का काम किया है। उन्होंने हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सेना के जज्बे को प्रणाम किया। पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि वहां नई सरकार के गठन की प्रक्रिया चल रही है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि संविधान और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित व्यवस्था के तहत ही सरकार का गठन होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और विकास की कमी से परेशान थी।

जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर सरकार बनाने का अवसर दिया है और शीघ्र ही वहां सरकार गठित होगी। उन्होंने दावा किया कि अन्य राज्यों की अपेक्षा पश्चिम बंगाल में तेजी से विकास होगा। समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी एक जैसी राजनीति करती हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव ममता बनर्जी के ह्लआंसू पोछनेह्व के लिए पश्चिम बंगाल गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के शासनकाल में भ्रष्टाचार, अराजकता, दंगा और अपराध को नहीं भूली है। उन्होंने आरोप लगाया कि ह्लवन डिस्ट्रिक्ट वन माफियाह्व जैसी स्थिति पैदा हुई थी, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। रामभक्तों पर गोली चलाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन घटनाओं को याद कर आज भी मन द्रवित हो जाता है।प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है और अब रेवेन्यू सरप्लस राज्य बन चुका है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा वर्ष 2017 का इतिहास दोहराते हुए प्रचंड बहुमत के साथ पुनः सत्ता में आएगी। उन्होंने बताया कि सर्किट हाउस में स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने पर चर्चा होगी।

## सीएचसी पर जांच मशीन एक वर्ष से खराब

सोहावल-अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगाए गए स्वास्थ्य एटीएम और एक्सरे मशीन मरीजों के लिए निष्प्रयोज्य बनकर धूल खा रही है। कहीं प्लेट का अभाव है तो कहीं तकनीकी खराबी से मशीने बंद पड़ी हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था को लुंजपुंज बनाने वाली इन दोनों सेवाओं के लिए मरीज को जिला मुख्यालय पर चलने वाले निजी पैथालाजी का मुंह देखना पड़ता है। लाख प्रयास करने के बावजूद विभागीय आलाधिकारी इन दोनों सेवाओं को बहाल नहीं करवा सके। नतीजा यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास अनुभवहीन संचालकों की पैथालाजी फल फूल रही है। उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहावल में यह दोनों मशीन एक वर्ष से ज्यादा का समय पूरा कर चुकी हैं।लेकिन तकनीकी खराबी के कारण संचालन में नहीं आ सकी।सीएचसी प्रभारी डा0 आकांक्षा वर्मा ने बताया कि कमोवेश अयोध्या मंडल के मसौधा बीकापुर मिल्कीपुर आदि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में यही हालत है। स्वास्थ्य एटीएम जिससे 23 प्रकार की रिपोर्ट निकलती है। खराब होने के कारण निष्प्रयोज्य पड़ी है। प्रदाता कंपनी को कई बार पत्र गया है।लेकिन ठीक करने कोई नहीं आया।

## स्व गणना कार्यक्रम का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**बाराबंकी।** भारत की जनगणना 2027 के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने फीता काटकर स्व गणना कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्व गणना कार्यक्रम शासन की महत्वपूर्ण पहल है। जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन विवरण दर्ज कर प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बना सकते हैं। उन्होंने आमजन से भी इस अभियान में बढ-चढकर सहभागिता करने एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध रूप से स्व गणना पूर्ण करने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट विद्यांशु शेखर झा सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों मौजूद रहे। इसी क्रम मे गणना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, सदर विधायक धर्मराज यादव, विधायक रामनगर फरीद महफूज किदवई, विधायक जैदपुर, चेयरमैन नगर पालिका परिषद नवाबगंज शीला सिंह सहित जनपद के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी-अपनी स्व गणना ऑनलाइन माध्यम से की।

## डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ समीक्षा बैठक



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जिला सडक सुरक्षा समिति के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं, दुर्घटना नियंत्रण उपायों, ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्यों तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट एवं अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर निरंतर एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करने, सडक सुरक्षा के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्गों एवं प्रमुख मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधार कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराये जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने एनएचएआई व पूवार्चल एक्सप्रेस वे पर पेट्रोलिंग वैन एवं एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन की समीक्षा कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एम्बुलेंसों के दुर्घटना स्थल पर पहुंचने में लगने वाले समय की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में पूर्व में चिन्हित 29 ब्लैक स्पॉट्स पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी स्थलों पर संकेतक, चेतावनी बोर्ड, रेडियम मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर सडक सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एआरटीओ अंकिता शुक्ला, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई के अधिकारी, जिला सडक सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## एमएलसी के हाथों 48 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र



**बहराइच 07 मई।** विकास भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ जनपद अन्तर्गत बाल विकास परियोजना नगर में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त 83 पदों के सापेक्ष नव चयनित 48 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री निहारिका विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर अनुज कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी हुजूरपुर विमल कुमार सिंह व बाल विकास परियोजना अधिकारी, फखरपुर सुश्री अंजली गुप्ता सहित चयनित अभ्यर्थी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संघ मिल्कीपुर का वार्षिक चुनाव संपन्न



मिल्कीपुर-अयोध्या। अधिवक्ता संघ मिल्कीपुर का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। संगठन के अध्यक्ष पद पर अमित कुमार मिश्रा 15 मतों से निर्वाचित हुए हैं, जबकि महामंत्री पद पर अंसार खान चुने गए हैं। बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के विभिन्न पदों के लिए गुरुवार को 77 अधिवक्ता सदस्यों ने मतदान किया। पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक मतदान हुआ।

- अध्यक्ष पद पर अमित मिश्रा 15 मतों से विजयी, महामंत्री बने अंसार खान, 77 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

इसके बाद 3रू00 से 4रू00 बजे तक मतगणना कराई गई। संगठन के महत्वपूर्ण अध्यक्ष पद पर अमित कुमार मिश्रा ने 45 मत पाकर प्रतिद्वंदी अधिवक्ता पवन शुक्ला को 15 मतों से पराजित किया। पवन शुक्ला को 30 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा। अंसार खान ने 46 मत पाकर प्रतिद्वंदी अधिवक्ता राम सवारे को 32 मतों से पराजित किया। राम सवारे को 14 मत मिले, वहीं राजित राम को 10 मत मिले। मंत्री पद के लिए बृजेश मिश्रा को 48 मत मिले, जबकि कालिका तिवारी को 27 मत मिले। बृजेश मिश्रा ने 21 मतों से कालिका तिवारी को पराजित किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भी मतदान हुआ। इसमें तीन प्रत्याशियों में से दो को जीत हासिल हुई। श्रीप्रकाश पाण्डेय को सर्वाधिक 54 मत मिले, वहीं संदीप शुक्ला को 42 मत मिले। तीसरे प्रत्याशी श्रीप्रकाश सिंह को 40 मत मिल सके।

इस तरह श्रीप्रकाश पाण्डेय और संदीप शुक्ला विजयी घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी हरिमोहन शंकर श्रीवास्तव के नेतृत्व में अशोक कुमार श्रीवास्तव और दुर्गा प्रसाद मिश्रा ने मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष इनायतनगर रतन शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मतदान केंद्र पर मौजूद रहे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर बधाई दी। अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## राज्य महिला आयोग सदस्या ने जनसुनवाई में सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं



**बाराबंकी।** महिला उत्पीडन की रोकथाम, पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता मे निरीक्षण भवन में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग सदस्या ने पीडित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुये कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये।

जिनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। सदस्या श्रीमती प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में प्रतिवर्ष मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बन सकें।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात विकास खंड दरियाबाद में आयोजित चैपाल मे सदस्या श्रीमती प्रजापति ने ग्रामीण महिलाओं एवं फरियादियों की समस्याओं को सुना।इस दौरान महिलाओं ने घरेलू विवाद, उत्पीडन, आवास, पेंशन एवं अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिस पर सदस्या ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई उर्वरक निगरानी समिति की बैठक



**बहराइच 07 मई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित उर्वरक निगरानी समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कृषकों को उर्वरक का वितरण खतौनी की कॉपी लेकर क्षेत्रफल एवं बोई गई फसल के अनुसार ही किया जाए। वितरण के समय कृषको से इस आशय का घोषणा पत्र भी भरवाया जाए की प्राप्त की जा रही उर्वरक का प्रयोग वे स्वयं के खेत में संतुलित मात्रा में आवश्यकता अनुसार ही करेंगे। प्राप्त उर्वरक का प्रयोग अपने खेत के अलावा अन्यत्र कहीं नहीं किया जायेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों से सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों की जांच करायी जाय। किसी प्रकार की अनियमिता मिलने पर कठोरत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा उप कृषि निदेशक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी को निर्देशित किया गया कि न्याय पंचायत स्तर पर उर्वरक निगरानी समितियों की बैठक करा करके जनपद के कृषकों को संतुलित मात्रा में उर्वरक प्रयोग करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जाए। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां को निर्देशित किया गया की तहसील स्तर पर कार्यरत सहकारिता विभाग के अधिकारी, एडीसीओ एवं ब्लाक स्तर पर कार्यरत सहायक विकास अधिकारी सहकारिता से प्रतिदिन समितियों का निरीक्षण एवं जांच कराते हुए प्रतिदिन जांच उपलब्ध करायें। डीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर बिक्री में अनियमितता मिलने पर कठोरतम कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। एसएसबी 42 एवं 59 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं कस्टम अधीक्षक रुपईडीहा, नानपारा एवं मिहींपुरवा को निर्देशित किया गया की बॉर्डर क्षेत्र मिहींपुरवा एवं नवाबगंज में सघन निगरानी रखी जाए तथा अवांछित कार्य करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर कठोरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी, पीसीएफ प्रबंधक, इफको क्षेत्रीय अधिकारी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र उपस्थित रहे।

# शालीमार पैराडाइज्ज में करोड़ों की चोरी का खुलासा, पड़ोसी ने रची थी साजिश

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** शालीमार पैराडाइज मे हुई करोड़ो की चोरी का थाना नगर कोतवाली व स्वाट सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने खुलासा करते हुये 5 अभियुक्तों को चोरी के जेवरात, पिस्टल, नगद व कार बरामद करते हुये किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे पुलिस अधीक्षक अर्पित

- भारी मात्रा मे जेवरात, पिस्टल, 14,85,000 नगद, ऑडी कार बरामद

विजयवर्गीय ने बताया कि बीती 1 मई को वादी अजय कुमार सिंह पुत्र सत्यदेव सिंह निवासी बंगला संख्या सी-5 शालीमार पैराडाइज, सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर ने अपने बंद मकान को अज्ञात चोरो द्वारा लॉकर से लाइसेंसी पिस्टल, शस्त्र लाइसेंस, कैश, जेवरात चोरी किये जाने को लेकर सूचना दी। पुलिस टीम ने मुकदमा पंजीकृत करते हुये डिजिटल डेटा, सीसीटीवी कैमरा की मदद से घटना का खुलासा करते हुये अभियुक्तो आकर्ष सिंह उर्फ यश पुत्र आदित्य नारायण सिंह निवासी ए-11 शालीमार पैराडाइज, मूलपता-96एफ/1 आलोपी बाग थाना दारागंज जनपद प्रयागराज, ऋत्विक यादव पुत्र विनोद कुमार यादव निवासी 33डी मोहले नगर अल्लापुर थाना जार्जटाऊन, प्रयागराज, अनुराग कथूरिया उर्फ अरमान पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी 302-सरस्वती सेक्टर त्रिवेणीपुरम थाना झूंसी, प्रयागराज, ऋषि कुमार सोनी उर्फ चन्दन पुत्र गिरीश कुमार निवासी 53सी-चक बताशा मंडी थाना कोतवाली, प्रयागराज, पृथ्वी प्रताप सिंह उर्फ ओम पुत्र स्व0 सुनील सिंह निवासी विशुनपुरा अहरौला थाना अहरौला जनपद आजमगढ को चोरी किये गये जेवरात, एक अदद पिस्टल मय 9 अदद जिंदा कारतूस 7.62 बोर, नगद 14,85,000 रुपए, घटना में प्रयुक्त एक अदद ऑडी कार यू0पी 16 बीएन 2368 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार नगद पुरस्कार देकर टीम का उत्साहवर्धन किया।

## मूंगफली व तिल बीज के निःशुल्क मिनी किट हेतु 10 मई तक आवेदन कर सकते हैं कृषक

**बहराइच।** उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यकम के अन्तर्गत खरीफ 2026-27 में कृषि विभाग के पंजीकृत कृषक विभागीय वेबसाइट एग्रीकल्चर डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर निःशुल्क मिनी बीज किट प्राप्त कर सकते हैं।

# जिला पेयजल और स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न



**बहराइच।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अधि.अभि. जल निगम-ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन फेज-2 अन्तर्गत फर्म मेसर्स पीएनसी-एसपीएमएल (जे.वी.), जल जीवन मिशन फेज-5 अन्तर्गत फर्म मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा-वी.पी.एल.(जे.वी) तथा जल जीवन मिशन अन्तर्गत फर्म मेसर्स वी.टी.एल. द्वारा कराये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि मिशन अन्तर्गत शिरोपरि जलाशय पूर्ण होने के उपरान्त नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। डीएम ने निर्देश दिया कि गतिमान कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने हेतु कार्यस्थल पर आवश्यकतानुसार मैन पावर को बढ़ाया जाय। अधि.अभि. को निर्देशित किया गया कि योजनाओं की नियमित स्तर पर समीक्षा करते रहें।

डीएम ने निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाते समय क्षतिग्रस्त किये गये मार्गो का बिना पुर्ननिर्माण कराये भुगतान न किया जाये, साथ ही कार्यदायी संस्था द्वारा योजनावार रिस्टेटमेंट की वस्तुस्थिति का अवलोकन करने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही प्रस्तावित की जाये, जिससे पाइप डालने के उपरान्त जनप्रतिनिधियों व अन्य स्तर से प्राप्त होने वाली सड़क पुननिर्माण की खराब स्थिति से सम्बन्धित शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जा सके। डीएम ने निर्देश दिया कि ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर सुदूर क्षेत्रों में जनमानस को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।डीएम ने निर्देश दिया कि विकास खण्ड तेजवापुर, फखरपुर, हुजूरपुर एवं चित्तौरा में आर्सेनिक की जांच कराकर स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामवासियों को आर्सेनिक से होने वाले संक्रमण के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाय।

ट्रायल एण्ड रन मोड में संचालित 84 योजनाओं के बारे में कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि परियोजना अन्तर्गत ग्रामों में संचालित विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवन एवं अन्य सरकारी भवनों में गृह जल संयोजन (टैप कनेक्शन) भवन के अन्दर अनिवार्य रूप से किया जाये। पाइप पेयजल योजना की वितरण प्रणाली को डालने में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु निर्देश दिया गया कि लोक निर्माण विभाग, बीएसएनएल से समन्वय स्थापित करते हुए निराकरण कराया जाय।डीएम श्री त्रिपाठी ने अधि.अभि. जल निगम को निर्देश दिया कि जिला पंचायत अधिकारी से समन्वय कर अवशेष 24 परियोजनाओं को शीघ्र की अपलोड कराकर हस्तान्तण की कार्यवाही पूर्ण करें। डीएम ने कार्यदायी संसथाओं व जल निगम के जिम्मेदारान को निर्देश दिया कि घरों में दिये जा रहे एफ.एच.टी.सी. का प्रेशर हेड से टेल तक दुरूस्त होना चाहिए। निर्देश दिया गया कि पूर्ण किये गये पाइप पेयजल योजनाओं से प्रत्येक घर में प्रतिदिन सुबह-शाम पानी अवश्य उपलब्ध कराया जाय साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि हर घर जल योजना से समस्त घर आच्छादित हो जाएं, कोई भी घर अवशेष न रहे।

# डीएम ने की नगर विकास कार्यों की समीक्षा



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये नगर निकायों की कार्यप्रगति, राजस्व वसूली, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, तालाब संरक्षण, नगर सौन्दर्यीकरण एवं विभिन्न

- राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी नगर निकाय प्रभावी रूपरेखा बनाकर करे कार्यः डीएम
- सुनियोजित शहरी विकास, सौन्दर्यीकरण एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए प्रभावी रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश

विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी नगर निकाय अभी से प्रभावी रूपरेखा बनाकर कार्य करें। उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि नगर निकाय अपनी आय में वृद्धि के लिए नवीन स्त्रोत विकसित करें तथा भूमि चिन्हित कर दुकानों का निर्माण कर उन्हें किराये पर देकर आय सृजन को बढावा दें। उन्होने नगर निकाय शेष बची मोहल्लों की गलियों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की भी समुचित योजना तैयार करने, विनियमित क्षेत्र एवं नगर पालिका परिषद समन्वय स्थापित कर शहर के सुनियोजित विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु समग्र कार्ययोजना तैयार करने, शहर के प्रवेश बिंदुओं को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने हेतु विशेष कार्य कराये जाने, शहर के पुराने एवं ऐतिहासिक भवनों पर फसाड लाइटिंग कराये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने, प्रमुख चैराहों पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, नगर निकाय अपने क्षेत्रान्तर्गत थीमेटिक पार्कों का विकास कराये जाने, सभी नगर निकायों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन सुनिश्चित करने, स्वच्छ सर्वेक्षण में जनपद की रैंकिंग बेहतर करने हेतु विशेष प्रयास किए जाने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत सभी नगर निकायों में नालों की प्रथम चरण की सफाई माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिये जाने एंव नगर निकाय नियमित अभियान चलाकर सडकों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखें तथा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, नगर पालिका परिषद नवाबगंज अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला, नगर पंचायतो के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## आईबीएम और योट्टा डेटा सर्विसेज ने की साझेदारी

नई दिल्ली। आई बी एम और योट्टा डेटा सर्विसेज ने आज भारत में एंटरप्राइजेज और सरकारी संगठनों के लिए एक एजेंटिक एआई प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने हेतु रणनीतिक साझेदारी करने की योजना की घोषणा की। प्रस्तावित प्लेटफॉर्म को आई बी एम वॅटसंक्स ऑर्केस्ट्रेट का उपयोग करते हुए विकसित किया जाएगा और योट्टा के शक्ति क्लाउड पर डिप्लॉय किया जाएगा, ताकि भारत में डेटा रेजिडेंसी, सिक्योरिटी और रेगुलेटरी कंप्लायंस से जुड़ी बदलती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए एआई अपनाने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा सकें। जैसे-जैसे एंटरप्राइजेज एआई के प्रयोग से आगे बढ़कर उसका वास्तविक उपयोग करने लगी हैं, वैसे-वैसे ऐसे प्लेटफॉर्म की जरूरत बढ़ रही है जो अलग-अलग विभागों में एआई आधारित काम को आसान और सुरक्षित तरीके से संभाल सके। यह प्रस्तावित प्लेटफॉर्म संगठनों को आईटी सर्विस, एचआर, फाइनेंस, खरीद प्रक्रिया और कस्टमर सपोर्ट जैसे विभागों में एआई एजेंट्स को इस्तेमाल और संभालने में मदद करेगा।

## वॉलमार्ट ने किया ग्रोथ समिट 2026 का आयोजन

नई दिल्ली। वॉलमार्ट ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में वॉलमार्ट ग्रोथ समिट के दूसरे संस्करण इंडिया 2026 का आयोजन किया। इस आयोजन के जरिए निर्यात के लिए तैयार उद्यमों, एमएसएमई, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डीटूसी विक्रेताओं और सप्लाई चेन भागीदारों को एक मंच पर लाया गया है, ताकि वे देश और विदेश दोनों बाजारों में विकास के नए अवसरों को तलाश सकें। 1990 के दशक से अब तक वॉलमार्ट ने पूरे भारत में मजबूत सप्लायर साझेदारियां की हैं। भारत से अब तक 40 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के उत्पादों की सोर्सिंग करने और वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम के जरिए 1.15 लाख से अधिक उद्यमियों को सशक्त बनाने के बाद, इस समिट में भारत के निर्यात इकोसिस्टम को और मजबूत करने तथा अधिक से अधिक भारतीय व्यवसायों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने की वॉलमार्ट की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

## डीएस ग्रुप ने कैच स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो में जोड़े नये फ्लेवर्स

नई दिल्ली। डीएस ग्रुप के लोकप्रिय ब्राण्ड कैच साल्ट एंड स्पाइसेज ने नए दौर की सीजनिंग एवं रीजनल फ्लेवर्स के लॉन्च के साथ अपने स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो में वृद्धि की घोषणा की है। लम्बे समय से साल्ट एवं पैपर के लिए कैच स्प्रिंकलर रेंज देश में घर-घर का जाना-माना नाम बना हुआ है, इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए ब्राण्ड कई नए वेरिएन्ट्स लेकर आया है जैसे पिज्जा पास्ता सीजनिंग, चिली फ्लेक्स, ओरीगेनो, मैजिक मसाला और मिक्स्ड हर्ब्स तथा अन्य रीजनल फ्लेवर्स जैसे जीरावन और पोड़ी मसाला। इस लॉन्च के साथ कंपनी ने स्प्रिंकलर फॉर्मेट को एक व्यापक सीजनिंग प्लेटफॉर्म के रूप में आगे बढ़ाया है।

## प्रोजेक्ट जागृति को मिला सुपर मेगा का दर्जा

नोएडा। पक्का लिमिटेड ने आज बताया कि प्रदेश सरकार ने उनकी आगामी विस्तार योजना प्रोजेक्ट जागृति को राज्य की औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति, 2022 के तहत सुपर मेगा की मान्यता दी है। इस मान्यता के चलते पक्का को 15 साल की अवधि में रुपये 224.47 करोड़ तक की पूंजी सब्सिडी मिल सकती है। यह देश में कंपोस्टेबल पैकेजिंग के क्षेत्र में सबसे बड़े निवेशों में से एक है।

## भारत में धूम्रपान छोड़ने की सफलता दर 5% से कम

नई दिल्ली। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने धूम्रपान नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और ड्रग टेक्निकल एडवाईजरी बोर्ड से आग्रह किया कि धूम्रपान की रोकथाम के उपायों को मजबूत बनाने के लिए 2 मिलीग्राम और 4 मिलीग्राम निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी ओवर-द-काउंटर आसानी से उपलब्ध हो। एशियन कोलिशन फॉर हैल्थ एम्पॉवरमेंट द्वारा आयोजित इवेंट, रेस्पायर-2026 में बोलते हुए विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि धूम्रपान की रोकथाम के लिए प्रमाण आधारित टूल्स उपलब्ध करवाकर भारत में धूम्रपान छोड़ने की दर को बढ़ाया जा सकता है, जो इस समय 5 प्रतिशत से भी कम है। राइज इन टोबैको कंजम्प्शन एंड पॉलिसी इंप्लिकेशन्स: एन एनालिसिस ऑफ हाउसहोल्ड कंजम्प्शन एक्सपेंडिचर सर्वे के नतीजों के आधार पर नीति का रास्ता तय किया गया है।

# सेंसेक्स में 114 अंकों की गिरावट




मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी तथा वैश्विक अनिश्चितता के बीच बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मामूली गिरावट आई। निवेशकों के सतर्क रुख के चलते सेंसेक्स 114 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान ऊपर-नीचे होने के बाद अंत में 114 अंक यानी 0.15 प्रतिशत टूटकर 77,844.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 78,384.70 अंक के उच्चस्तर तक गया और 77,713.21 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में 671.49 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत के मामूली नुकसान के साथ 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। भारतीय बाजार पूरे सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव में रहा। निफ्टी 24,326 अंक पर स्थिर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी, कच्चे तेल के दाम के 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने, रुपये की कमजोरी तथा शांति वार्ता पर ईरान के रुख को लेकर असमंजस के बीच बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, टाइटन, सन फार्मा और आईटीसी में गिरावट आई। दूसरी ओर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयर लाभ में रहे। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.40 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप में 1.09 प्रतिशत की बढ़त रही। बाजार में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता, रुपये की स्थिरता, वैश्विक धारणा में सुधार और चुनिंदा शेयरों में लिवाली के चलते आशावाद का रुख कायम है। हालांकि, आगे चलकर भू राजनीतिक अनिश्चितता और संस्थागत निवेशकों का रुख बाजार को प्रभावित कर सकता है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 प्रतिशत के नुकसान के साथ 99 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। भारतीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रहे क्योंकि निवेशक अमेरिकी शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 5,834.90 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में गिरावट थी। अमेरिकी बाजार बुधवार को लाभ के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स बुधवार को 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत बढ़कर 77,958.52 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत बढ़कर 24,330.95 अंक पर रहा था।

# रुपया 23 पैसे मजबूत होकर 94.26 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बृहस्पतिवार को 23 पैसे की बढ़त के साथ 94.26 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर सूचकांक के ऊंचे स्तर से नीचे आने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच शांति की उम्मीदों से ब्रेंट क्रूड की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई हैं। हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और आयातकों की सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की मांग जैसे कारकों ने रुपये की तीव्र वृद्धि को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अत्यधिक अस्थिर रहा। यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.77 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे कम है। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.90 के निचले और 94.08 के उच्च स्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में रुपया 94.26 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 23 पैसे की वृद्धि दर्शाता है। बुधवार को रुपया 69 पैसे मजबूत होकर 94.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका एवं ईरान के बीच तनाव कम होने और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से वैश्विक जोखिम संबंधी धारणा सुधरने से रुपये के मजबूत होने की उम्मीद है।

अमेरिकी डॉलर में गिरावट भी रुपये को समर्थन दे सकती है। हालांकि आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी निवेशकों की निकासी से तेज बढ़त सीमित हो सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपये के हाजिर भाव के 93.80 से 94.40 के बीच रहने के आसार हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.86 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 114 अंक टूटकर 77,844.52 अंक पर जबकि निफ्टी 4.30 अंक फिसलकर 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.23 प्रतिशत गिरावट के साथ 99.01 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे।

## कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली। बृहस्पतिवार को कच्चा तेल की कीमत 15 रुपये की तेजी के साथ 8,739 रुपये प्रति बैरल हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जून माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 15 रुपये या 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,739 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 733 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 95.62 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## पूर्वी भारत में बंधन लाइफ की महिला पॉलिसीधारकों की संख्या में 3 गुना की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने पूर्वी भारत में महिला पॉलिसीधारकों की संख्या में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 23-24 के 12 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 25-26 में 35 प्रतिशत पहुंच गया है। यह रुझान वित्तीय जागरूकता में हो रहे बदलाव को दर्शाता है, जिसमें अधिक महिलाएं लंबी अवधि की वित्तीय योजना और सुरक्षा की ओर सक्रिय रूप से बढ़ रही हैं। बंधन लाइफ ने मदर्स डे के अवसर पर यह डेटा रिपोर्ट जारी की है। कंपनी के आंतरिक आंकड़ों के अनुसार, पूर्वी भारत अभी भी प्रमुख बाजार बना हुआ है। इसमें पश्चिम बंगाल का हिस्सा सबसे अधिक 42.84 प्रतिशत है, इसके बाद बिहार 21.46 प्रतिशत, ओडिशा 10.67 प्रतिशत, झारखंड 9.31 प्रतिशत और असम 8.54 प्रतिशत है।

# देश में बढ़ सकती है बिजली मांग

नयी दिल्ली। औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों के निरंतर बढ़ने से 2026-27 में बिजली की मांग 5.0-5.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। 2025-26 में यह वृद्धि केवल एक प्रतिशत रही थी। साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा ने यह बात कही।

इक्रा ने बयान में कहा कि संभावित एलनीनो के बीच सामान्य से कम वर्षा के आसार से वित्त वर्ष 2026-27 में कृषि एवं घरेलू क्षेत्रों से भी मांग को समर्थन मिलने की संभावना है। साथ ही उद्योगों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों एवं डाटा सेंटर जैसे उभरते स्रोतों से भी मांग बढ़ेगी। देश में तापीय बिजली संयंत्रों का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ या क्षमता उपयोग) 2025-26 में मांग में कमी के कारण घटकर 65-66 प्रतिशत



रह गया। यह 2026-27 में करीब 65 प्रतिशत पर आ सकता है। नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादन में अच्छी वृद्धि और तापीय क्षेत्र में छह गीगावाट क्षमता वृद्धि की संभावना इसकी मुख्य वजह रहेगी। इक्रा के उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अंकित जैन ने कहा कि भारत में तापीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश पर फिर से जोर दिया जा रहा है जबकि नवीकरणीय क्षमता तेजी से बढ़ती जा रही है। उन्होंने साथ ही बताया कि आठ अप्रैल 2026 तक घरेलू बिजली संयंत्रों के वास्ते कोयला भंडार लगभग 19 दिन के लिए पर्याप्त था। समूचे भारत में वितरण कंपनियों के बही-खाता घाटे में 2024-25 में 2023-24 की तुलना में सुधार हुआ। मार्च 2025 तक राज्य-स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनियों का सकल ऋण घटकर 7.1 लाख करोड़ रुपये रह गया जो मार्च 2024 में 7.4 लाख करोड़ रुपये था। वर्तमान राजस्व और लाभप्रदता को देखते हुए हालांकि इतना उच्च ऋण स्तर कंपनियों के लिए टिकाऊ नहीं है। अप्रैल 2026 तक 28 में से 17 राज्यों में 2026-27 के लिए शुल्क आदेश जारी किए जा चुके हैं।

## नीति आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यबल का दिया प्रस्ताव

नयी दिल्ली। नीति आयोग ने देश में स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कार्यबल गठित करने की वकालत की है। साथ ही रचनात्मक और छात्र केंद्रित शिक्षा के लिए कृत्रिम मेधा को एकीकृत करने का सुझाव दिया है।

भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीति ढांचा शीर्षक से जारी रिपोर्ट में आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें दी हैं। पांच शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन एवं सीखने में बुनियादी बदलाव, समग्र शिक्षा एवं छात्र कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल एकीकरण की पुनर्कल्पना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को मजबूत करना और शैक्षणिक नवाचार में एआई का एकीकरण शामिल हैं। इसके अलावा, आठ प्रणालीगत सिफारिशों में समग्र विद्यालयों एवं साक्ष्य-आधारित युक्तिकरण के माध्यम से विद्यालय संरचना में सुधार करना, विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, शासन सुधार एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण करना, विद्यालय की गुणवत्ता पर राज्य व जिला स्तर पर कार्यबलों के जरिये समाज के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत रूप देना तथा स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त करना शामिल है।

# कैग 101 शहरों में जीवन की सुगमता के आकलन के लिए कर रहा विशेष ऑडिट

बेंगलुरु। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के. संजय मूर्ति ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत 101 शहरों में नागरिकों के नजरिये से जीवन की सुगमता का आकलन करने के लिए एक विशेष ऑडिट कर रहा है।

मूर्ति ने ब्रिक्स सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशंस (एसएआई) लीडर्स समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऑडिट जीवन गुणवत्ता, सेवाओं तक पहुंच, स्थिरता और नागरिकों की धारणा जैसे पहलुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैग देश में विभिन्न परिवहन व्यवस्थाओं और पूरी परिवहन श्रृंखला (फर्स्ट-माइल से लास्ट-माइल तक) का भी ऑडिट कर रहा है। इसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों के साथ सहयोग किया जा रहा है। ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता भारत के पास रहने के दौरान आयोजित इस सम्मेलन का विषय शहरी गतिशीलता पर फोकस के साथ जीवन की सुगमता है। इसमें ब्रिक्स देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों के प्रमुख सहित 42 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

भारत के शहर देश के कुल भूभाग का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा घेरते हैं, लेकिन देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 60 प्रतिशत योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि 2030 तक देश में सृजित होने वाली 70 प्रतिशत नई नौकरियां शहरों में होंगी। शहरी गतिशीलता वह क्षेत्र है जहां शासन सीधे नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ता है। यह वह पैमाना है, जिस पर लोग रोजाना अपनी सरकार का आकलन करते हैं। मूर्ति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ट्रैफिक जाम 2025 तक बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाने से शहरी यात्रियों का हर साल 100 से 180 घंटे तक का उत्पादक समय नष्ट होता है। उन्होंने कहा कि समाधान की कमी नहीं, बल्कि समन्वित शासन की कमी असल समस्या है। उन्होंने कहा, "हम मेट्रो बनाते हैं जो बस नेटवर्क से नहीं जुड़ती, फ्लाईओवर बनाते हैं जो जाम को महज एक जगह से दूसरी जगह से जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब केवल सड़कों की लंबाई या स्टेशनों की संख्या जैसे आंकड़ों के बजाय यात्रा के समय में कटौती, वायु गुणवत्ता में सुधार और समान पहुंच जैसे वास्तविक परिणामों पर ध्यान देना जरूरी है।

## व्हाट्सएप पर बिजनेस एआई लॉन्च करने की घोषणा

नई दिल्ली। व्हाट्सएप ने आज भारत में व्हाट्सएप पर बिजनेस एआई लॉन्च करने की घोषणा की। इससे व्हाट्सएप बिजनेस ऐप पर सीधे एआई-पावर्ड कस्टमर सपोर्ट मिलेगा। भारत की सभी स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध यह फीचर योग्य कारोबारियों को किसी अतिरिक्त टूल या प्लेटफॉर्म के बिना ही ग्राहकों के सवालों के जवाब 24/7 देने, लीड्स कैप्चर करने, अपॉइंटमेंट बुक करने और बिक्री बढ़ाने में सक्षम बनाता है। व्हाट्सएप पर बिजनेस एआई को कारोबार की अपनी जानकारी के आधार पर कस्टमाइज किया जा सकता है। इससे कारोबारी अक्सर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब ऑटोमेट कर सकते हैं और उत्पादों व सेवाओं, कीमत, छूट, शिपिंग और अन्य विषयों से जुड़े सवालों में ग्राहकों की मदद कर सकते हैं।

# हाइब्रिड एन्युटी मॉडल वाली सड़क परियोजनाओं के बड़े हिस्से के निर्माण में देरी: क्रिसिल

नयी दिल्ली। देश में हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) यानी सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत बनाई जा रही सड़क परियोजनाओं का एक बड़ा हिस्सा निर्धारित समय से पीछे चल रहा है लेकिन उनकी ऋण जोखिम प्रोफाइल स्थिर बनी हुई है।

क्रिसिल ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि रियायत समझौते में मौजूद सुरक्षा प्रावधानों के चलते इन परियोजनाओं के जोखिम पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है। यह समझौता सरकार और निजी कंपनी के बीच होता है जिसमें कंपनी को कुछ शर्तों और भुगतान व्यवस्था के साथ किसी परियोजना के निर्माण एवं संचालन की अनुमति दी जाती है। एचएएम मॉडल के तहत सरकार निर्माण कंपनी को तय अवधि तक एक निश्चित भुगतान (एन्युटी) करती है। क्रिसिल ने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के निर्माण में देरी मुख्य रूप से रियायत देने वाले प्राधिकरण द्वारा समय विस्तार दिए जाने के कारण हुई। इसकी वजह यह है कि परियोजनाओं में विलंब के कारण निर्माण कंपनी के नियंत्रण से बाहर थे। एजेंसी ने बताया कि इसकी वजह से लागत बढ़ने के बावजूद अनुबंध में महंगाई से जुड़ी समायोजन व्यवस्था होने से ऋण प्रोफाइल पर असर सीमित ही रहेगा। करीब 75 प्रतिशत मामलों में राइट ऑफ वे यानी भूमि उपलब्धता का न होना निर्माण में देरी का मुख्य कारण है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वन मंजूरी, डिजाइन स्वीकृति, स्थानीय निकायों की अनुमति में देरी और भारी बारिश एवं विरोध जैसे कारण भी शामिल हैं। क्रिसिल का यह निष्कर्ष 72 निर्माणाधीन परियोजनाओं (करीब 2,600 किमी) के विश्लेषण पर आधारित है। ये परियोजनाएं 2021 से 2025 के बीच शुरू हुईं और कुल स्वीकृत लंबाई का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। क्रिसिल के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने कहा कि निर्माण में देरी से लागत बढ़ने का जोखिम पैदा हुआ है और परियोजनाओं की लागत में औसतन 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। लगभग 60 प्रतिशत परियोजनाएं औसतन 11 महीने से अधिक की देरी का सामना कर रही हैं।

## पेज एक का शेष

### चंद्रानाथ हत्या

गई है। यह घटना विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 48 घंटे के भीतर हुई। अधिकारी के करीबी सहयोगी रथ की बुधवार रात मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस घटना को सुपारी लेकर हत्या करने वालों ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक फोरेंसिक टीम बृहस्पतिवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और नमूने एकत्र किए। अधिकारी ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को देखते हुए ऐसा लगता है कि हत्या पूर्व नियोजित थी। जांचकर्ता घटनास्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और हमलावरों का पता लगाने के लिए पुलिस के कई दल गठित किए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने रथ की कार को रात करीब साढ़े 10 बजे डोलतला और मध्यमग्राम चौमाथा के बीच दोहरिया के पास रोका और वे गोलीबारी करने के बाद फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा, विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। हम कई सुरागों पर काम कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी

कहा हमारी सेनाओं और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी सफलता के सम्मान में, आइए हम सभी अपने सोशल मीडिया मंचों एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर को बदलकर नीचे साझा की गई तस्वीर लगाएं। इसी के साथ ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड की गई तस्वीर साझा की।

ऑपरेशन सिंदूर को तीनों रक्षा बलों द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ पश्चिमी सीमा पर सात से 10 मई, 2025 तक पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए अंजाम दिया गया था। यह अभियान 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया था, जिसमें 25 पर्यटक और एक गाइड की मौत हो गयी थी। मारे गए सभी पर्यटक हिंदू पुरुष थे।

### राजनाथ व शाह

सिंदूर शुरू किया गया था, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। सैन्य अभियान शुरू करने के बाद, भारतीय सेना ने सात मई को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था न्याय मिल गया है। जय हिंद। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक साल पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया था और हमारे लोगों पर हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व करता है।

### सीएम योगी

प्रतीक है। इसने विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से कोई समझौता नहीं करता। उन्होंने कहा, हमारे वीर जवानों का शौर्य, त्याग और तप ही भारत की अजेय शक्ति है। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। यह विजयगाथा केवल इतिहास नहीं, भविष्य की प्रेरणा है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए एक आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने छहासात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू करते हुए नौ आतंकवादी ठिकानों पर समन्वित और सटीक मिसाइल हमले किए। इनमें चार पाकिस्तान में (बहावलपुर तथा मुरीदके सहित) और पांच पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर के मुजफ्फराबाद और कोटली में स्थित थे। ये स्थान जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रमुख कमांड सेंटर थे, जो पुलवामा (2019) तथा मुंबई (2008) जैसे बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार थे।

### योगी ने जनगणना

और त्वरित बनाया गया है। इसके लिए एक विशेष जनगणना पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम एवं वार्ड स्तर तक कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान अनुमानित जनसंख्या लगभग 25 करोड़ 70 लाख है। जनगणना कार्य प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 अन्य नगरीय निकायों, 21 छावनी परिषदों, 57,694 ग्राम पंचायतों तथा लगभग 1 लाख 4 हजार राजस्व ग्रामों में संपादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यापक कार्य के सफल संचालन हेतु लगभग 5.47 लाख कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर तथा 12 हजार राज्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 5.35 लाख कार्मिकों को दोनों चरणों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति केवल एक ही स्थान पर अपनी गणना कराए तथा सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराए, ताकि विकास योजनाओं की सटीक एवं प्रभावी रूपरेखा तैयार की जा सके।

### यूपी में अब

प्रदेश की तस्वीर व तकदीर, दोनों बदली हैं। पहले सहारनपुर से दिल्ली पहुंचने में 6 घंटे और लखनऊ पहुंचने में 12-14 घंटे लगते थे, लेकिन अब एक्सप्रेसवे और आधुनिक कनेक्टिविटी के कारण दिल्ली मात्र ढाई घंटे और लखनऊ करीब 6 घंटे की दूरी पर रह गया है। जो तत्व विकास में बाधक बनते हैं, वे जाति व तुष्टीकरण की राजनीति से समाज को बांटने का प्रयास करते हैं, लेकिन अब जनता विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद के साथ खड़ी है। अच्छी सरकारें चुनी जाती हैं तो परिणाम भी अच्छे आते हैं और सहारनपुर इसका जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर वही जनपद है, जहां वर्ष 2013 से 2016 तक दंगे, कर्फ्यू, पलायन और अराजकता का माहौल बना रहता था। शिक्षा, खेल और उद्योग का कोई बड़ा केंद्र नहीं था। किसान परेशान था, नौजवान पलायन कर रहा था और व्यापारी भय में जी रहे थे। फतवों और कुसंस्कृति के कारण देवबंद बदनाम हो चुका था। 2016 के सिख विरोधी दंगे और मुजफ्फरनगर-शामली की हिंसा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश जल रहा था, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं था। 2017 में डबल इंजन सरकार बनने के बाद सहारनपुर ने नई पहचान हासिल की। यहां की विश्वस्तरीय काष्ठ कला को नया मंच मिला और आज सहारनपुर अपने दम पर विशिष्ट पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सहारनपुर तेजी से विकास और कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र बन रहा है। 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-बागपत-शामली-सहारनपुर-देहरादून सिक्स-लेन एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया, जिससे कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला। सहारनपुर में दिल्ली व देहरादून के बीच पहला बड़ा इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेरठ में देश की पहली रैपिड रेल और मेरठ से प्रयागराज तक बने लगभग 600 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। अब सहारनपुर से प्रयागराज साढ़े सात घंटे में पहुंचा जा सकेगा। सहारनपुर में मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है, एयरपोर्ट का कार्य अंतिम चरण में है और बेहट में स्पोर्ट्स कॉलेज बन रहा है।

### सीएम योगी

शुभारंभ यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। दोनों मुख्यमंत्रियों ने प्रदेश और देश की समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। इस दौरान स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे, जहां आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ में उन्होंने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा देने का आधार है। परंपरा और विकास का संतुलन ही देश को नई दिशा प्रदान कर सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्र में शिक्षा और खेल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय, बिथ्याणी को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

### जासूसी का

की लोकेशन का पता चलता है। उसी के माध्यम से उपभोक्ता को सीधा एक महीने बाद पूरा बिल बनकर चला जाता है। यह लोकेशन सिर्फ विभाग तक ही सीमित रहती है। विभागीय अधिकारी खुद हैरत में है कि आखिर चिप के माध्यम से विभाग के अलावा अन्य व्यक्ति कैसे लोकेशन भेज सकता है। जिले में इस माह ड्रोन गतिविधियों में काफी इजाफा देखने को मिला है। मात्र अप्रैल महीने में ही करीब दो दर्जन ड्रोन एक्टिविटी सामने आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन ही उन्होंने देखा कि गांव में लगे मीटरों के बॉक्स में लगे दो स्मार्ट मीटर की सील तोड़कर चिप गायब थी। उनके गांव के साथ बीएसएफ की बीओपी शामेके पड़ती है और पाकिस्तान यहां से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर है।

### राज्यपाल ने

ने कहा कि राज्यपाल आर्लेकर ने टीवीके अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय को बृहस्पतिवार को लोक भवन आमंत्रित किया। बुधवार के बाद दोनों के बीच यह दूसरी बातचीत थी। लोक भवन ने एक विज्ञप्ति में कहा बैठक के दौरान माननीय राज्यपाल ने समझाया कि उनके पास तमिलनाडु विधानसभा में सरकार गठित करने के लिए आवश्यक बहुमत अभी तक नहीं है। टीवीके ने 23 अप्रैल को हुए चुनावों में 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट जीतीं और वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। हालांकि, पांच विधायकों वाली कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन दिया है, लेकिन अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाली पार्टी सदन में बहुमत के 118 के आंकड़े से अब भी कुछ सीट दूर है। टीवीके नेता सीटीआर निर्मल कुमार ने आज चेन्नई में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव एम वीरपांडियन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव पी शनमुगम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु में सरकार गठन में दोनों दलों का समर्थन मांगा और सत्ता में हिस्सेदारी पर जोर दिया।

### बिहार में

बजकर 10 मिनट से आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। लोकभवन (राजभवन) परिसर से बाहर, बड़े स्तर पर मंत्री परिषद विस्तार समारोह आयोजित किया गया।

### यूपी की निवेश

प्रतिभा तंत्र को मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने एआई और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की बढ़ती संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, विस्तारित एक्सप्रेसवे नेटवर्क, फिंटेक पार्क यीडा, सिंगापुर व जापान सिटी और निवेश अनुकूल द्योगिक सुधारों ने उत्तर प्रदेश को जीसीसी और रणनीतिक निवेशों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित किया है।




# लखनऊ ने बेंगलुरु को दिया 213 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : मिचेल मार्श ने शतक लगाया, 3 बॉलर्स को एक-एक विकेट

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 209 रन बनाए हैं। अब डीएलएस नियम के तहत आरसीबी को जीत के लिए 213 रनों का लक्ष्य मिला है। इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ की ओर से ओपनिंग करने आए मिचेल मार्श ने 111 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 9 छक्के लगाए। निकोलस पूरन ने 38 और कप्तान ऋषभ पंत ने नाबाद 32 रन बनाए। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड, क्रुणाल पंड्या और रसिख सलाम को एक-एक विकेट मिले। बारिश के कारण दो बार खेल रोका जा चुका है। पहली बार 9 गेंद के बाद खेला रोका गया था। फिर दूसरी बार 9 ओवर के बाद दूसरी बार खेल को रोकना पड़ा था। तीसरी बार 14वें ओवर के बाद बारिश आई और खेल रोका गया।

ऐसे में ओवर्स में कटौती की गई है और मैच को 19-19 ओवर कर कर दिया गया। 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर ऋषभ पंत को जीवनदान मिला। जोश हेजलवुड की लो फुल टॉस गेंद पर ऋषभ पंत ने बड़ा शॉट खेला और गेंद डीप मिडविकेट की ओर चली गई। बाउंड्री से दौड़ते हुए बेथेल ने शानदार कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ में रुक नहीं सकी। इस प्रयास में उनकी उंगली चोटिल हो गई और खून निकलने लगा। चोट के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा और उनकी बल्लेबाजी पर असर पड़ सकता है। 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला छूट गया। हालांकि, इसमें उन्हें चौका मिल गया। हेजलवुड यॉर्कर चूक गए और ऋषभ पंत को चौका मिल गया। ऑफ स्टंप के बाहर आई गेंद पर ऋषभ पंत ने जोरदार शॉट खेला। गेंद पॉइंट बाउंड्री तक पहुंच गई, लेकिन शॉट के दौरान उनका बल्ला हाथ से छूटकर लेग साइड की ओर जा गिरा। 17वें ओवर की पहली लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर मिचेल मार्श 111 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश हेजलवुड ने जैकब बेथेल के हाथों में कैच कराया। मार्श ने लो फुल टॉस गेंद पर जोरदार शॉट खेला, लेकिन गेंद सीधे डीप पॉइंट की ओर चली गई। वहां बेथेल ने सिर के ऊपर शानदार कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में मिचेल मार्श को जीवनदान मिला।

भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर देवदत्त पडिक्कल से लॉन्ग ऑन पर कैच ड्रॉप हो गया। फुल टॉस गेंद पर मिचेल मार्श टाइम नहीं कर पाए और गेंद हवा में चली गई। लॉन्ग-ऑन बाउंड्री से दौड़ते हुए पडिक्कल कैच तक पहुंचे, लेकिन आगे गिरते समय गेंद हाथ से निकल गई। 15वें ओवर में लखनऊ ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। निकोलस पूरन ने रसिख सलाम की बॉल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पहुंचाया। लखनऊ में फिर बारिश शुरू हो गई है और खेल को रोका गया है। दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान से बाहर जा रहे हैं, जबकि ग्राउंड स्टाफ कवर्स के साथ अंदर आ रहे हैं।

मिचेल मार्श ने 14वें ओवर की चौथी बॉल पर शतक लगाया। उन्होंने 49 बॉल पर सेंचुरी पूरी की। यह लखनऊ की ओर से सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड है। मार्श ने कढ़छ में कढ़छ में दूसरा शतक जमाया है। उन्होंने दो चौके और एक छक्के के सहारे रोमारियो शेफर्ड के ओवर में 20 रन दिए। 11वें ओवर में लखनऊ ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। निकोलस पूरन ने रसिख सलाम की दूसरी बॉल पर चौका लगाकर टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। रसिख के इस ओवर से 11 रन आए। लखनऊ में बारिश रुक गई है और मैच फिर से शुरू हो गया। मैच शुरू होने की दूसरी बॉल पर लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। यहां अर्शिन कुलकर्णी 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रजत पाटीदार ने कैच किया। कुलकर्णी के आउट होने के बाद निकोलस पूरन आए हैं। वे 100वां मैच खेल रहे हैं। लखनऊ में एक बार फिर बारिश आ गई है और खेल को दोबारा रोका गया है। खेल रुकने तक लखनऊ ने 9 ओवर में बिना नुकसान के 95 रन बना लिए हैं। मार्श और कुलकर्णी नाबाद लौटे हैं। 8वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने महज 6 रन दिए। उनकी शुरुआती 4 बॉल पर दो रन ही आए थे। 5वीं बॉल पर मिचेल मार्श ने चौका लगा दिया।

अर्शिन कुलकर्णी 19 बॉल पर 14 रन पर खेल रहे हैं। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में कोई विकेट नहीं गंवाया और 68 रन भी बना लिए। पारी के दूसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार से उन्हीं की बॉल पर कुलकर्णी का कैच ड्रॉप हुआ। जोश हेजलवुड के इस ओवर से 12 रन आए। उनकी बॉल पर मार्श ने तीन चौके लगाए थे। 5वें ओवर में लखनऊ की टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। मिचेल मार्श ने रसिख सलाम के ओवर में लगातार दो छक्के लगाकर टीम का टीम की फिफ्टी पूरी की। वे चौथी बॉल पर चौका लगाकर खुद फिफ्टी के करीब पहुंच गए हैं। कप्तान रजत पाटीदार ने क्रुणाल पंड्या को गेंद थमाई, लेकिन उनकी यह रणनीति काम न आई। मार्श और कुलकर्णी की जोड़ी ने इस ओवर से 12 रन लिए। मार्श ने क्रुणाल की तीसरी बॉल पर कवर्स पर बाउंड्री लगाई। उसके बाद कवर्स के ऊपर 86 मीटर का छक्का लगाया। दूसरे ओवर में मिचेल मार्श ने जोश हेजलवुड की बॉल पर दो छक्के लगाए। उनका दूसरा छक्का बाउंड्री पर मौजूद कैमरामैन के सिर पर गिरा। इससे वे चोटिल हो गए।

# दिल्ली के बल्लेबाजों के सामने वरुण और नारायण की चुनौती




नयी दिल्ली। पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के करो या मरो के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेऑफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जायेगा। समझा जाता है कि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिये दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाये थे लेकिन जीत फिर भी नहीं मिली थी। इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे।



धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के राशिद खान या चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाये थे। सुनील (इकॉनॉमी रेट 6.80) और वरुण (इकॉनॉमी रेट 8.88) के सामने पाथुम निसांका, समीर रिजवी या करुण नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है। दिल्ली के लिये कुलदीप यादव का खराब फॉर्म भी चिंता का सबब है जो दस मैचों में दस से ऊपर की इकॉनॉमी रेट से सात ही विकेट ले सके हैं। ऐसे में बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर खेलने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाता। इससे खराब फॉर्म से जूझ रहे मेजबान बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने का मौका मिलेगा। बाद में मिचेल स्टार्क और लुंगी एंगिडि से गेंदबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। दूसरी ओर केकेआर का शीर्षक्रम भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (131.42 की स्ट्राइक रेट से 205 रन) और अंगकृष रघुवंशी (137.43 की स्ट्राइक रेट से 268 रन) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

रिंकू सिंह (145.39 की स्ट्राइक रेट से 245 रन) पर ही बल्लेबाजी का दारोमदार रहा है। दिल्ली के लिये केएल राहुल ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 180 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाये हैं लेकिन दूसरी ओर अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी जैसे बल्लेबाज 200 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। निसांका पर टीम प्रबंधन का लगातार भरोसा समझ से परे है जो नौ मैचों में 228 रन ही बना सके हैं। करुण नायर और नीतिश राणा फॉर्म में नहीं हैं। गेंदबाजी में मुकेश कुमार, टी नटराजन और अकील नबी दर महंगे साबित हुए हैं। दिल्ली का कोई भी गेंदबाज दोहरे अंक में विकेट नहीं ले सका और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कप्तान अक्षर पटेल ने की है।

## संक्षेप

### पेरिस सेंट जर्मेन चैंपियंस लीग फाइनल में

म्युनिख। पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिये गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेसलिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैम्पियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया और 2-1 से जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। लगातार दो साल खिताब जीतने वाली रीयाल मैड्रिड आखिरी टीम थी जिसने 2016 से 2018 तक खिताब की हैट्रिक लगाई थी।

### आईटीएफ तुमकुरु ओपन के क्वार्टर फाइनल मे

तुमकुरु (कर्नाटक)। सभी शीर्ष वरीय खिलाड़ियों ने बृहस्पतिवार को यहां अपने एकल मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से तुमकुरु ओपन आईटीएफ डब्ल्यू35 में रोमांचक मुकाबलों के लिए मंच तैयार हो गया। लिथुआनिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने पोलैंड की जुजाना कोलोनस के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 0-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का ने भी भारत की सोनल पाटिल पर सीधे सेट में जीत दर्ज की जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त वैदेही चौधरी और चौथी वरीयता प्राप्त जील देसाई ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। वैदेही हमवतन मधुरिमा सावंत पर 6-2, 6-2 की जीत के दौरान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं जबकि जील ने जेनिफर लुखाम को 6-2, 6-3 से हराया। युगल में श्राव्या शिवानी चिल्कलपुडी और जील ने लक्ष्मीसिरी दंडू और चेविका रेड्डी सामा की हमवतन भारतीय जोड़ी पर सीधे सेट में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# भारत की निगाहें अंडर-17 महिला एशियाई कप में इतिहास रचने पर



एजेंसी

सुजोऊ (चीन)। एशिया की दो बड़ी टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अब शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में लेबनान के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में खेलने उतरेगी और उसे पता है कि इस मैच में जीत उसे पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह दिला सकती है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (0-2) और जापान (0-3) से हारने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मौके के रूप में अंतिम मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारत नॉकआउट चरण की दौड़ में बरकरार है क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से एक है। भारत का गोल अंतर अभी -5 (माइनस 5) है जो ग्रुप सी की टीम फिलीपींस (-13) और चीनी ताइपे (-14) से बेहतर है।

ये दोनों टीमें आखिरी मैच के दिन एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसका मतलब है कि अगर भारतीय टीम लेबनान को हरा देती है तो ग्रुप सी की किसी भी टीम को भारत के गोल अंतर को पीछे छोड़ने के लिए बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। इसके अलावा अगर बृहस्पतिवार शाम को वियतनाम और म्यांमा के बीच ग्रुप ए का मैच ड्रॉ पर खत्म होता है, या म्यांमा तीन से कम गोल के अंतर से जीतता है तो भारत अपनी जीत के साथ अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर लेगा, फिर चाहे ग्रुप सी का नतीजा कुछ भी हो। भारत 21 साल बाद अपना पहला एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप खेल रहा है और सफल लिए, ग्रुप चरण से आगे बढ़ना एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। भारत की मुख्य कोच पामेला कोंटी को उम्मीद है कि लेबनान के खिलाफ मुकाबला पिछले दो मैचों की तुलना में बिल्कुल अलग तरह की चुनौती पेश करेगा।

# विश्व कप : भारत ने दक्षिण कोरिया को हराया




एजेंसी

शंघाई। भारत का तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन मिला जुला रहा जब महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड दस बार की ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हार गई। मिश्रित टीम वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत दूसरे दौर में ब्राजील से शूटऑफ में 4-5 से हार गए। महिला टीम की सदस्यों दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-1 से मात दी। अब उसका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में रविवार को चीन से होगा। पुरुष रिकर्व टीम में तरूणदीप रॉय, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे थे जिन्हें बांग्लादेश ने 6-2 से मात दी। भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने छह तीरों में से चार पर 10 स्कोर किया और सिर्फ दो अंक गंवाकर पहला सेट 58. 55 से जीता।

दूसरे सेट में मुकाबला 56. 56 से बराबर रहा लेकिन भारत ने 3-1 की बढत बना ली। मैच जीतने के लिये अब सिर्फ दो अंक की जरूरत थी और अगला सेट भारत ने 58. 56 से अपने नाम किया। लेकिन कोरिया ने यहां अनुभवहीन टीम भेजी है क्योंकि उसका फोकस चार महीने बाद जापान में होने वाले एशियाई खेलों पर है। कोरियाई टीम में दो नये चेहरे ली युंजी और ओ येजिन थे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन कांग चायेंग एकमात्र अनुभवी तीरंदाज थी। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को पहले दौर में 6-2 (53-56, 57-54, 55-54, 55-51) से हराया।

## शीर्ष वरीय खिलाड़ी आईटीएफ तुमकुरु ओपन के क्वार्टर फाइनल मे

तुमकुरु (कर्नाटक)। सभी शीर्ष वरीय खिलाड़ियों ने बृहस्पतिवार को यहां अपने एकल मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से तुमकुरु ओपन आईटीएफ डब्ल्यू35 में रोमांचक मुकाबलों के लिए मंच तैयार हो गया। लिथुआनिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने पोलैंड की जुजाना कोलोनस के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 0-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का ने भी भारत की सोनल पाटिल पर सीधे सेट में जीत दर्ज की जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त वैदेही चौधरी और चौथी वरीयता प्राप्त जील देसाई ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। वैदेही हमवतन मधुरिमा सावंत पर 6-2, 6-2 की जीत के दौरान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं जबकि जील ने जेनिफर लुखाम को 6-2, 6-3 से हराया।

# सुपर रैपिड और ब्लिट्ज : गुकेश ने सिंदारोव को हराया, सो से ड्रॉ खेला

एजेंसी



वारसा। डी गुकेश ने विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तैयारियां पुख्ता करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अपने चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को पांचवें दौर में हराया और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेसली सो को ड्रॉ पर रोका। उजबेकिस्तान के सिंदारोव को हराने के बाद गुकेश ने वेसले सो को ड्रॉ पर रोका।

अब उनके छह अंक हो गए हैं जबकि रैपिड वर्ग में तीन राउंड बाकी हैं। सिंदारोव के खिलाफ जीत से उन्हें दो अंक मिले जबकि ड्रॉ से एक अंक हासिल हुआ। सो नौ अंक लेकर अमेरिका के ही हैंस नीमैन के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद व्लादीमिर फेडोसीव हैं जो एक अंक पीछे हैं। गुकेश, फेबियानो कारूआना, जान क्रिस्टोफ डुडा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव के छह अंक हैं। ग्रैंड शतरंज टूर के इस टूर्नामेंट में गुकेश ने अपने फॉर्म के कारण और विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के अभ्यास पर फोकस करने के लिये मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था।

# बुमराह ज्यादा चीजें आजमा रहे, भुवी को स्पष्ट रणनीति का मिल रहा फायदा : उमेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के सीनियर तेज गेंदबाज उमेश यादव का कहना है कि जसप्रीत बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं और इसी वजह से इस इंडियन प्रीमियर लीग में उनका प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है जबकि भुवनेश्वर कुमार अपनी स्पष्ट योजना के अलावा पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत की वजह से कामयाब रहे हैं। भुवनेश्वर आईपीएल के इस सत्र में अभी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नौ मैच में 17 विकेट लिए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के बुमराह को इस सत्र में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने 10 मैच में महज तीन विकेट लिए हैं। जियोस्टार के विशेषज्ञ उमेश ने कहा, भुवी और उनकी टीम की योजना स्पष्ट है। वह पावरप्ले और डेथ ओवर, दोनों में गेंदबाजी करते हैं और उनका रणनीति तय है। वह दोनों तरफ गेंद को स्विंग करा सकते हैं। उन्होंने कहा, भुवी अपनी लाइन एवं लेंथ और वैरिएशन में लगातार एक जैसे रहते हैं जबकि बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं जिससे उनके लिए मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। उमेश ने कहा, इस सत्र में मुंबई के लिए बुमराह का प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है। कभी-कभी उन्हें पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, तो कभी-कभी वह ऐसे हालात में गेंदबाजी करने आते हैं, जब उन पर कोई दबाव नहीं होता। इसका असर उनके प्रदर्शन पर पड़ रहा है। टीम को बुमराह के लिए आक्रमक गेंदबाजी के मौके बनाने चाहिए और उन्हें विकेट लेने के मौके देने चाहिए।



उमेश ने यह भी कहा कि ऋषभ पंत की फॉर्म की वजह से लखनऊ सुपर जायंट्स को काफी नुकसान उठाना पड़ा है और टीम सही संयोजन मैदान पर उतारने में भी नाकाम रही है। उन्होंने कहा, यह पंत का फैसला है। उन पर जिम्मेदारी है और उन्हें ही फैसले लेने होंगे। पिछले दो साल में उनका और टीम का प्रदर्शन गिरा है। इस साल बल्लेबाजी में काफी उतार चढ़ाव रहा है। उमेश ने कहा, टीम का संयोजन सही नहीं बैठ रहा है। पंत की फॉर्म भी अच्छी नहीं है। निकोलस पूरन ने पिछले मैच में ही रन बनाए थे। उनके लिए कुछ भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। इस साल बल्लेबाजी एक बड़ी समस्या है। टी20 में हर किसी को मिलकर योगदान देना होता है। उन्होंने कहा उनका बल्लेबाजी क्रम एक जैसा नहीं है।

# हॉकी : पुरुष और महिला टीमों का ऐलान



एजेंसी

भोपाल। हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिये 24 सदस्यीय अंडर 18 पुरुष और महिला टीमों का ऐलान किया। चार मैचों की श्रृंखला भोपाल के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर खेली जायेगी। यह जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरुष और महिला अंडर 18 एशिया कप की तैयारियों के लिये अहम है। टीम का चयन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया जिसमें 42 खिलाड़ियों के समूह में से मैच फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर 24 को चुना गया। फॉरवर्ड केतन कुशवाहा अंडर 18 पुरुष टीम के कप्तान होंगे जबकि महिला टीम की कमान स्वीटी कुजूर को सौंपी गई है। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, शिविर के बाद हमने 24 खिलाड़ियों को चुना जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इस टीम की

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिये अंडर-18 टीमें**

असल परीक्षा होगी। जापान में होने वाले अंडर 18 एशिया कप से पहले यह देखना होगा कि टीम आस्ट्रेलियाई शैली की हॉकी का दबाव कैसे झेल पाती है। महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा, हमने उन 24 खिलाड़ियों को चुना जिन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। आस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ चार मैच खेलने से हमें अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। एशिया कप से पहले यह श्रृंखला टीम के लिये ड्रेस रिहर्सल की तरह होगी।

गोलकीपर: सावन कुमार, आयुष रजक, विशाल बड़ा

डिफेंडर: अंश बहुआ, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपकप्रकाश टोप्पो, करण गौतम, करण धानुक

मिडफील्डर: प्रेमचंद सोय, राहुल यादव, वरिंदर सिंह, रोमित पाल, अर्जनदीप सिंह, गुरसिमरनप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी।

# आईपीएल में गेंदबाजों को बारीकी से करनी चाहिए तैयारी : फ्रेंकलिन

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रेंकलिन ने कहा कि आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों के आक्रामकता से रन बनाने के तरीकों की गहरी समझ होनी चाहिये। उन्होंने अपने इस तर्क को पैट कमिंस के उस दांव से जोड़ा जिसमें उन्होंने पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की पूल शॉट खेलने की आदत का फायदा उठाया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने आर्य को आफ स्टम्प के बाहर बाउंसर फेंका और अपर कट की बजाय आर्य ने पुल शॉट खेला जिससे गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े एशान मलिंगा के हाथों में गई। फ्रेंकलिन ने मैच के बाद कहा पैट कमिंस और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को काफी बारीकी से जानकारी है और मुझे लगता है कि आईपीएल में बल्लेबाजी इतनी मजबूत है कि हर गेंदबाज को बारीकी से जानकारी होनी चाहिये।

# श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को सरकार प्रतिबद्ध

## श्रमिकों के लिए देशव्यापी मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम शुरू



नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की बृहस्पतिवार को शुरुआत की।

दिल्ली स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन देशभर के श्रमिकों के लिए सम्मान, कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को दर्शाता है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने इस अवसर को श्रम शक्ति के सम्मान का दिन बताते हुए कहा कि सरकार सभी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा दायरे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में सरकार ने रोजगार सृजन एवं कल्याणकारी उपायों के जरिये श्रम शक्ति और युवा शक्ति को सशक्त बनाने का काम किया है। देश में सामाजिक सुरक्षा का दायरा पिछले एक दशक में लगभग 30 करोड़ लोगों से बढ़कर आज करीब 94 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच गया है। यह 19 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है। मंत्री ने कहा कि ईएसआईसी दायरा भी एक दशक पहले लगभग सात करोड़ लाभार्थियों से बढ़कर अब करीब 15 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच गया है। मांडविया ने इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए अब देशभर में हर वर्ष मुफ्त स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच के जरिये बीमारियों का शुरुआती चरण में पता लगाया जा सकता है और सामने आई बीमारियों के उपचार व दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। इन चार श्रम संहिताओं के तहत प्रमुख श्रम सुधारों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि पुरुष तथा महिला श्रमिकों के लिए समान वेतन का प्रावधान सुनिश्चित किया गया और मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया है। महिलाओं के लिए घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की सुविधा भी शामिल की गई है। उन्होंने कहा कि जहां दुनिया के कई देश अब भी ऑनलाइन मंच के लिए काम करने वाले श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा ढांचे में लाने के उपाय तलाश रहे हैं, वहीं मोदी सरकार ने नई श्रम संहिताओं के माध्यम से उन्हें शामिल करने का काम किया है।

मांडविया ने कहा कि खतरनाक व्यवसायों में कार्यरत श्रमिकों और 10 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी अब ईएसआईसी के दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह देशव्यापी स्वास्थ्य जांच पहल श्रमिकों के लिए सम्मान, सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य के श्रम मंत्री, सांसद, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, नियोक्ता प्रतिनिधि, श्रमिक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम की शुरुआत देशभर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 11 अन्य अस्पतालों में एक साथ किया गया।

# चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार के मामले में मृत्युदंड



बीजिंग। चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों वी फेंघे और ली शांगफू को बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार के आरोपों में दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई गई। आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी।

सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजा दी। एजेंसी ने अदालत के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि फेंघे को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराया गया, वहीं शांगफू को रिश्वत लेने और देने दोनों के मामले में गुनहगार करार दिया गया। फेंघे और उनके बाद रक्षा मंत्री बने शांगफू को 2024 में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। दोनों ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के तहत काम किया था। वे चिनफिंग की अध्यक्षता वाले केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे। वी फेंघे जहां 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री रहे, वहीं शांगफू ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ ही महीने यह प्रभार संभाला। चीन के एयरोस्पेस इंजीनियर फेंघे और शांगफू दोनों ने 2015 में स्थापित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की अति महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का नेतृत्व किया था। फेंघे को रक्षा मंत्री पद के लिए शी चिनफिंग ने स्वयं चुना था। उन्हें निष्कासित किए जाने के बाद कई शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाया गया और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप दर्ज किए गए। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2012 में सत्ता में आने के बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है जिसमें कई सैन्य जनरल समेत दस लाख से अधिक अधिकारियों को सजा सुनाई जा चुकी है।

## संक्षेप

### एलडीएफ जनादेश को स्वीकार करता है

तिरुवंनतपुरम। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने विधानसभा चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को मिली करारी हार पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह जनादेश को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पोलित ब्यूरो सदस्य विजयन ने पार्टी की प्रदेश समिति की बैठक के बाद एक बयान में कहा कि एलडीएफ की हार अप्रत्याशित और पूरी तरह से चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा कि एलडीएफ एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में कार्य करेगा और नयी सरकार पर अत्यधिक गरीबी के उन्मूलन, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न कल्याणकारी कदमों को लागू करने के लिए दबाव डालेगा, जो वाम सरकार ने उठाये थे। विजयन ने केरल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के तीन सीट जीतने को गंभीर करार देते हुए कहा कि यह धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने को इच्छुक लोगों के लिए चिंता का विषय है। केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में यूडीएफ ने 102 सीट पर जीत दर्ज की है जबकि 10 साल तक सत्ता में रहे एलडीएफ को 35 सीट से संतोष करना पड़ा है।

# यूक्रेन के 347 ड्रोन को नष्ट किया गया : रूस

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रात भर में 347 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया।

यह घटना मॉस्को द्वारा सप्ताह की शुरुआत में कीव के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराए जाने और रूस के आगामी विजय दिवस समारोह में सुरक्षा को लेकर बढ़ते तनाव के बाद एक बड़े हमले के रूप में सामने आई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन द्वारा किए गए हवाई हमलों में मॉस्को समेत 20 से अधिक क्षेत्रों में ड्रोन नष्ट किये गये। ये हमले रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए युद्ध के बाद यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हवाई हमला था। इससे पहले मार्च में यूक्रेन ने 389 ड्रोन दागे थे। रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन में शुक्रवार और शनिवार के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की है। यूक्रेन ने भी मंगलवार आधी रात से हमले रोक दिए थे। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को ने सद्भावना के इस संकेत को नजरअंदाज किया और नए हमले शुरू कर दिए। जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूस के हमले लगातार जारी हैं।

# इस्लामिक स्टेट से जुड़ी महिलाओं और बच्चों को लेकर विमान ऑस्ट्रेलिया पहुंचे



मेलबर्न। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से कथित संबंध रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं और बच्चों को लेकर कई विमान बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे।

ऐसी जानकारी मिली है कि तीन ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं और आठ बच्चों को लेकर एक विमान मेलबर्न पहुंचा जबकि एक अन्य विमान एक महिला और उसके बेटे को लेकर कुछ देर बाद सिडनी पहुंचा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि सीरिया के रेगिस्तानी शिविर में वर्षों से रह रहे ये 13 लोग ऑस्ट्रेलिया लौटने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि इन महिलाओं पर आईएस के तथाकथित खलीफा शासन के दौरान सीरिया और इराक में बिताए गए समय को लेकर आपराधिक आरोप लगाए जा सकते हैं। कतर एयरवेज की दोनों उड़ानें दोहा से कुछ मिनटों के अंतराल पर ऑस्ट्रेलिया के दो सबसे बड़े शहरों के लिए रवाना हुई थीं। मेलबर्न में पहले उतरने वाली उड़ान क्यूआर904 थी और इसके बाद क्यूआर908 सिडनी पहुंची। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इन महिलाओं की निंदा की थी, क्योंकि वे सीरिया जाकर इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकियों का समर्थन कर रही थीं। सरकार ने उन्हें वापस लाने में मदद करने से भी इनकार कर दिया था। पुलिस पिछले एक दशक से अधिक समय से सीरिया में ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों की संभावित संलिप्तता की जांच कर रही है। इसमें आतंकवाद से जुड़े अपराधों के साथ-साथ गुलामों की खरीद-फरोख्त जैसे मानवता के खिलाफ अपराध भी शामिल हैं। डीकिन यूनिवर्सिटी के चरमपंथ विषय पर विशेषज्ञ जोशुआ रूज़ ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी तथाकथित खिलाफत के दौरान हुए अत्याचारों की जांच कर रहे हैं, जिनमें यज़ीदी महिलाओं को गुलाम बनाना और शरीयत कानून के कठोर पालन को लागू करना शामिल है। रूज़ ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन से कहा, हिंसा के सबसे भयावह रूपों में से कुछ को महिलाओं ने अंजाम दिया था, इसलिए हमें समझना होगा कि यह भी एक गंभीर समस्या है। सेव द चिल्ड्रेन ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैट टिंकलर ने कहा कि अब ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों को लौटे हुए बच्चों के कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# केरल में एआईसीसी पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक की

तिरुवनंतपुरम। केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ की जीत के बाद राज्य के अगले मुख्यमंत्री के चयन पर विचार जानने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षकों मुकुल वासनिक और अजय माकन ने बृहस्पतिवार को पार्टी विधायकों के साथ बैठक की।

कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक के बाद वासनिक ने पत्रकारों से कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत उल्लेखनीय और ऐतिहासिक है, इसलिए उत्सव का माहौल था। उन्होंने कहा, यह अत्यंत खुशी की बात है और इसी माहौल में बैठक हुई। यह पूछे जाने पर कि एआईसीसी पर्यवेक्षकों के लिए केरल के अगले मुख्यमंत्री का चयन करना कठिन है या आसान, वासनिक ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, हम यहां अपने सहयोगियों और पार्टी विधायकों से मिलने आए हैं। बैठक बहुत अच्छी रही। कांग्रेस विधायकों ने सबसे पहले सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया, जिसे केपीसीसी अध्यक्ष सनी जोसेफ ने पेश किया और मौजूदा सीएलपी नेता वी डी सतीशन ने इसका समर्थन किया। इस प्रस्ताव में कांग्रेस अध्यक्ष को अगले सीएलपी नेता का चयन करने का अधिकार दिया गया है। माकन ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा, देखते हैं कि आगे क्या होता है। हमने सभी विधायकों से बातचीत की। आज शाम हम दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। हम अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। हमें उम्मीद है कि जल्द ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

# फल, सब्जियों का निर्यात बढ़ाने की जरूरत: शिवराज



लखनऊ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने, रोजगार सृजित करने और विदेशी मुद्रा कमाने के लिए भारत को फल और सब्जियों का निर्यात बढ़ाना होगा।

चौहान ने लखनऊमें दो दिवसीय फ्रूट होराइजन 2026 कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन फलों का उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और प्रसंस्करण के मूलभूत ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा, लखनऊमें दो दिवसीय फ्रूट होराइजन 2026 कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य फलों का उत्पादन बढ़ाना, गुणवत्ता सुधारना और खाद्य प्रसंस्करण की गतिविधियों को मजबूत करना है। मंत्री ने कहा कि भारत कई तरह के फलों, खासकर आम का एक प्रमुख उत्पादक है। उन्होंने कहा, हम जिस मात्रा और गुणवत्ता के आम पैदा करते हैं उसकी दुनिया में कोई बराबरी नहीं है। चाहे आम हों, अंगूर हों, केले हों या लीची, हम इनके प्रमुख उत्पादकों में शामिल हैं। हालांकि हमारा निर्यात अब भी काफी कम है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि भारतीय फल और सब्जियां बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचें। अगर हमारे फलों और सब्जियों का निर्यात बढ़ता है तो किसानों की आय बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चौहान ने कहा कि सरकार किसानों, निर्यातकों, प्रसंस्करणकर्ताओं और आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) जैसी संस्थाओं को एक साझा मंच पर साथ लायी है, ताकि इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जा सके। चौहान ने कहा कि सरकार किसानों और निर्यातकों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान खोजने की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जहां कुछ मुद्दों को तुरंत हल किया जा सकता है, वहीं कुछ मुद्दों के लिए लंबे समय तक शोध की जरूरत होगी।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म ‘राजा शिवाजी’ की कमाई 50 करोड़ पार



**मुंबई।** रितेश देशमुख के डायरेक्शन में बनी फिल्म ‘राजा शिवाजी’ ने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म को मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज किया गया था। हालांकि रिलीज के पांचवें दिन (मंगलवार) को फिल्म की कमाई में थोड़ी गिरावट देखी गई। सैक्निल्क की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को फिल्म ने मराठी वर्जन में करीब 3.35 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। यह सोमवार के मुकाबले करीब 20.4% कम है। फिल्म के अब तक के कुल नेट कलेक्शन की बात करें, तो यह 44 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें मराठी वर्जन का योगदान सबसे ज्यादा 30.5 करोड़ रुपए है। वर्ड-ऑफ-माउथ का मिल रहा फायदा फिल्म का इंडिया ग्रॉस कलेक्शन अब 52.68 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। हिंदी वर्जन की शुरूआत मराठी के मुकाबले थोड़ी धीमी रही थी, लेकिन रिव्यू और वर्ड-ऑफ-माउथ की वजह से हिंदी बेल्ट में भी फिल्म की कमाई बढ़ रही है। इस कलेक्शन के साथ ही ‘राजा शिवाजी’ अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप-5 मराठी फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। महाराष्ट्र में टैक्स-फ्री करने की मांग फिल्म की सफलता के बीच शिवसेना नेता अंबादास दानवे ने इसे महाराष्ट्र में टैक्स-फ्री करने की मांग उठाई है।

- टॉप-5 मराठी फिल्मों में शामिल महाराष्ट्र में टैक्स-फ्री करने की मांग

दानवे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर कहा है कि यह फिल्म शिवाजी महाराज के महान कार्यों को युवाओं और जनता तक पहुंचाती है। उन्होंने मांग की कि फिल्म को टैक्स-फ्री किया जाए ताकि टिकट सस्ते हों और ज्यादा से ज्यादा लोग इसे सिनेमाघरों में जाकर देख सकें। फिल्म में है बड़ी स्टारकास्ट 1 मई को रिलीज हुई इस फिल्म में रितेश देशमुख ने न सिर्फ मुख्य भूमिका निभाई है, बल्कि इसका निर्देशन भी खुद किया है।

# टॉक्सिक' की फर्जी खबरों पर भड़कीं कियारा आडवाणी

**मुंबई।** यश की आने वाली फिल्म ‘टॉक्सिक’ की लीड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने सोशल मीडिया पर चल रहीं फर्जी खबरों पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। दरअसल कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि कियारा ने यश के साथ अपने कुछ रोमांटिक और बोल्ड सीन्स को छोटा करने या हटाने की मांग की है। यह भी दावा किया जा रहा था कि कियारा ने यश के साथ एक 'बोल्ड रोमांटिक सीक्वेंस' शूट किया था। फाइनल आउटपुट देखने के बाद कियारा असहज हो गईं और उन्होंने मेकर्स से इसे ट्रिम करने की रिक्वेस्ट की। अब कियारा ने सोशल मीडिया पर इसी तरह की पोस्ट को री-शेयर करते हुए लिखा, ‘बिल्कुल बकवास’।

# विवाद : नोरा फतेही ने राष्ट्रीय महिला आयोग से माफी मांगी



**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री नोरा फतेही सरके चुनर गाने से जुड़े विवाद के सिलसिले में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश हुईं और माफी मांगते हुए कहा कि उनका किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। नोरा ने आयोग में सुनवाई के बाद पत्रकारों से कहा कि अनजाने में उनसे यह गलती हो गई। उन्होंने एक कलाकार के तौर पर अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की। उन्होंने कहा, यह बस एक ऐसी स्थिति थी जिसमें मैं फंस गई थी लेकिन मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि बेशक एक कलाकार होने के नाते मेरी जिम्मेदारियां हैं। मैं माफी मांगती हूं, हमने सब कुछ लिखित में दे दिया है। वे (आयोग की सदस्य) बहुत दयालु और मददगार रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने कुछ अनाथ लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाने का फैसला किया है।

# फिल्म : द ओडिसी’ का ट्रेलर जारी



- ट्रोजन युद्ध के बाद ओडीसियस की घर लौटने की जर्नी पर है कहानी

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ‘द ओडिसी’ का नया ट्रेलर जारी कर दिया गया है। मेकर्स ने 5 मई को ट्रेलर के साथ फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। यह फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की रोमांचक कहानी पर आधारित है।

इस किरदार में मैट डेमन नजर आएंगे, जबकि टॉम हॉलैंड उनके बेटे टेलीमाकस की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में भव्य विजुअल्स और नोलन की सिग्नेचर स्टाइल साफ दिखाई दे रही है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और बढ़ गया है। ‘द ओडिसी’ तकनीकी रूप से भी खास मानी जा रही है। यह पूरी तरह कटअ कैमरों से शूट की जाने वाली पहली कथात्मक फिल्म होगी, जिससे बड़े पर्दे पर इसका अनुभव और भी शानदार बनने की उम्मीद है।

खास बात यह है कि मेकर्स ने फिल्म के प्रमोशन के लिए जुलाई 2025 में ही 70 स्क्रीनिंग के टिकट जारी कर दिए थे, जो इसकी लोकप्रियता को दशार्ता है। फिल्म की कहानी ट्रोजन युद्ध के बाद ओडीसियस की अपने घर इथाका लौटने की साहसिक यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होगी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com